## आज का दिन

हर साल 05 मई को वर्ल्ड हैंड हाइजीन डे मनाया जाता है। जब हम थोड़े समझदार होते हैं तो स्कूल और घर में खाने से पहले हाथ धोना सिखाया जाता है। हम सभी को हैंड वॉश करना बहुत जरूरी होता है। इस पर अमल करके हम कई बीमरियों से बच सकते हैं। हालांकि हमारे समाज में कुछ लोग ऐसे भी हैं जो हाथ धोए बिना ही खाना खाना पसंद करते हैं। ऐसे ही लोगों को जागरूक करने के लिए हर साल पांच मई को वर्ल्ड हैंड हाइजीन डे मनाया जाता है।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उज्ज्वल दुनिया

खबरों की बुलंद आवाज

रांची, दिल्ली और यूपी से एक साथ प्रकाशित



वर्ष, 09 | पृष्ठ 12 | अंक 303 | रांची, रविवार, 05 मई 2024 | मूल्य 3 रुपये | RNI No.- JHAHIN/ 2014/59794 | ujjwalduniyapress@ gmail.com







# पिछड़ों और दलितों के आरक्षण को किसी हाल में छीनने नहीं देंगे : प्रधानमंत्री मोदी

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील :** गर्मी कितनी भी पड़े लेकिन आप वोट के लिए घर से जरूर निकलिए। घर-घर जाइए और मतदाताओं से मिलिए






नंद किशोर भारती

**पलामू।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वे संविधान को आंच नहीं आने देंगे। पिछड़ों और दलितों के आरक्षण को किसी हाल में छीनने नहीं देंगे। प्रधानमंत्री ने जनसभा में उमड़ी भीड़ देखकर कहा कि आप लोगों ने जेएमएम-कांग्रेस को दिन में ही तारे दिखा दिए। साथ ही उन्होंने लोगों को वोट की ताकत भी बताई। वे शनिवार को राज्य के पलामू जिला मुख्यालय डालटनगंज के चियांकी हवाई अड्डे पर चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

पीएम मोदी ने कहा कि आपके एक वोट से 500 वर्ष बाद राम मंदिर बना। जम्मू-कश्मीर में आपके एक वोट से 370 हट गया। नक्सलवाद खत्म हुआ। इसी तरह एक वोट से 2014 में महाभ्रष्ट कांग्रेस सरकार का सफाया हो गया। आप अपने एक वोट की ताकत को समझिए और हमेशा देशहित की सोच रखने वाली पार्टी को सपोर्ट कीजिए। उन्होंने 13 मई को पहले मतदान फिर जलपान की बात कही। यह भी कहा कि गर्मी कितनी भी पड़े लेकिन आप वोट के लिए घर से जरूर निकलिए। घर-घर जाइए और मतदाताओं से मिलिए। इस दिन अपना बूथ जीतिए। छोटी-छोटी यात्राएं निकाल कर उत्सव की तरह मतदान केन्द्र तक जाएं, तभी लोकतंत्र की मजबूती कायम रहेगी।

पीएम मोदी ने कहा कि पहले पाकिस्तान ने आतंक मचा रखा था लेकिन आज का नया भारत घर में घुसकर मारता है। सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक ने पाकिस्तान को हिला दिया। पहले झारखंड-बिहार के नौजवान हमेशा शहीद होते थे। आतंकवाद के डर से कांग्रेस सरकार दुनिया में जाकर रोती थी। आज पाकिस्तान पूरी दुनिया में जाकर रो रहा है। पाकिस्तान दुआ कर रहा है कि कांग्रेस के शहजादे पीएम बनें लेकिन पूरा भारत चाहता है कि मजबूत सरकार बने और मोदी सरकार बने।

पीएम मोदी ने कहा कि जिसने मां को धुएं में खांसते नहीं देखा वो गरीबी क्या जाने? जिसने लोटा भर पानी पीकर मां को भूख मिटाते नहीं देखा, वो गरीबी क्या जानेगा? शौचालय के अभाव में पीड़ा और अपमान नहीं देखा वो मोदी की आंसुओं का मर्म नहीं समझेंगे। कांग्रेस के शहजादे कहते हैं कि उन्होंने अपने घर में कई प्रधानमंत्री देखे। वे चांदी की चम्मच लेकर पैदा हुए हैं। दलित, आदिवासी के साथ फोटो खिंचवाते हैं और उनका मजाक उड़ाते हैं। कांग्रेस के लोग मोदी की आंसुओं में अवसर ढूंढते हैं। कहते हैं मोदी की आंखों में आंसू अच्छे लगते हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि पलामू को पिछड़ा जिला कहकर कोई बढ़िया अधिकारी यहां आना नहीं चाहता था। कांग्रेस सरकार इस जिले को हीन भावना से देखती थी लेकिन उन्होंने पलामू को आकांक्षी जिला बनाकर विकास के पैमाने पर लाकर खड़ा किया। पहले 100 में 14 ऐसे लोग थे, जिनके पास पक्के मकान थे। आज करीब-करीब सबके पक्के मकान हैं। यदि किसी के कच्चे मकान रह गए हैं तो उनके नाम और पते लिखकर भेज दीजिएगा। तीसरे कार्यकाल में पक्का मकान बना दिया जायेगा। इसकी गारंटी आप लें। आप सब में मोदी है।

मोदी ने यह भी कहा कि कांग्रेस दलित, पिछड़े एवं आदिवासियों का आरक्षण मुसलमानों को देना चाहती है। जबतक मोदी जिंदा है तबतक धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जायेगा। आरक्षण को हम जाने नहीं देंगे। संविधान को छेड़छाड़ कर बदलने नहीं देंगे। मैं पहला प्रधानमंत्री हूं जो भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली गया। वर्ष 2025 में बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती हिन्दुस्तान के हर कोने में जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाया जायेगा।

नरेन्द्र मोदी ने कहा कि झारखंड में भाजपा-आजसू के साथ पूरी मजबूती से लोकसभा चुनाव लड़ रही है। पलामू से विष्णु दयाल उम्मीदवार हैं। 13 मई को उन्हें जिताने एवं केन्द्र में मोदी की तीसरी बार सरकार बनाने के लिए भाजपा को वोट दें। वीडी राम इतने सरल हैं कि इन्हें देखकर कोई नहीं कहता कि वे डीजीपी भी रह चुके हैं। जब भी परिचय कराता हूं तो लोग मानने को तैयार नहीं होते।

उल्लेखनीय है कि पीएम की जनसभा में सुबह से ही लोगों का आना शुरू हो गया था। यहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस और सुरक्षाकर्मी चप्पे-चप्पे तैनात रहे। इस दौरान भाजपा नेताओं के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### एटीएस ने गैंगस्टर अमन साहू गिरोह के तीन अपराधियों को किया गिरफ्तार

**रांची।** आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने गैंगस्टर अमन साहू गिरोह के तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में विकास कुमार, गुलशन कुमार और माहताब आलम शामिल है। इनके पास से दो देशी पिस्टल, 21 गोलियां, एक बाइक और दो मोबाइल फोन बरामद किया गया है। एटीएस के एसपी ऋषभ कुमार झा ने शनिवार को बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि गैंगस्टर अमन साहू के गिरोह के तीन अपराधी पतरातू के सांकुल एवं जयनगर के आसपास छुपकर रह रहे हैं। वर्तमान में अमन साहू गिरोह के सक्रिय अपराधी हैं और इनके जरिये कई स्थानों पर फायरिंग की घटना की गई है।

इस सूचना पर एटीएस टीम के जरिये रामगढ़ जिला के पतरातू क्षेत्र में छापेमारी कर तीनों अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने बताया कि अमन साहू संगठित आपराधिक गिरोह की ओर से हाल में की गई फायरिंग की घटना का सफल खुलासा किया गया है। तीनों अपराधी और पूर्व में एटीएस की ओर से गिरफ्तार राजा अंसारी, मंनिन्दर कुमार जरिये कई घटनाओं को अंजाम दिया गया है। इनमें छह मार्च को सिकीदरी थाना के ओरमांझी-गोला भारतमाला सड़क निर्माण के कार्यस्थल पर फायरिंग की घटना, छह फरवरी को ओरमांझी में भारतमाला प्रोजेक्ट पर फायरिंग , नौ फरवरी को भुरकूण्डा के स्वामी सिद्धांत बाउरी नामक व्यक्ति के उपर फायरिंग शामिल है। तीनों घटनाओं में इस्तेमाल की गई बाइक एवं हथियार को एटीएस टीम ने बरामद कर लिया गया है।

### जेपीएससी की प्रथम नियुक्ति परीक्षा में गड़बड़ी मामले में सीबीआई ने दाखिल की चार्जशीट

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की प्रथम नियुक्ति परीक्षा में गड़बड़ी मामले में सीबीआई ने शनिवार को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में दायर चार्टशीट में कुल 37 लोगों को आरोपित बनाया गया है। इनमें जेपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष डॉ दिलीप प्रसाद , वरीय सदस्य गोपाल प्रसाद सिंह, सदस्य शांति देवी, परीक्षा नियंत्रक एलिस उषा रानी, राधा गोविंद नागेश सहित अन्य पदाधिकारी के नाम शामिल हैं, जो वर्तमान में कहीं ना कहीं राज्य के जिलों में पदस्थापित हैं।

इस मामले की सीबीआई जांच 12 साल से अधिक समय से चल रही है लेकिन यह अभी तक पूरी नहीं हुई। इसे लेकर झारखंड हाई कोर्ट में कई बार सुनवाई भी हुई है। अदालत ने जांच में हो रही देरी को लेकर सीबीआई से जवाब तलब भी किया था। हालांकि, जांच एजेंसी पहले मामले की स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर चुकी है।

उल्लेखनीय है कि प्रथम और द्वितीय जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में गड़बड़ी का मामला सामने आया था। इस मामले को लेकर झारखंड हाई कोर्ट ने 2012 को सीबीआई जांच का आदेश दिया था। इसके बाद परीक्षा में नियुक्त पदाधिकारियों के वेतनमान पर रोक लगा दिया गया था।

## भाजपा को वोट मांगने का अधिकार नहीं: मुख्यमंत्री चम्पाई

पश्चिमी सिंहभूम, उज्ज्वल दुनिया सं



मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि देश की दशा और दिशा सही राह में ले जाने के लिए पांच साल में एक बार मौका मिलता है। इसलिए इस मौके को चूके नहीं। भाजपा जब से सत्ता में आई है सिर्फ झूठ की राजनीति कर रही है। ये वही भाजपा है जिसने सत्ता में आने से पहले बढ़ते हुए गैस की कीमतों के विरुद्ध पूरे देश मे प्रदर्शन किया था। उस वक्त गैस की कीमत 400 के लगभग थी लेकिन आज भाजपा के राज में गैस के साथ पेट्रोल, डीजल की बढ़ती कीमतें आसमान छूने को हैं।

चम्पाई ने कहा कि सत्ता में आने से पहले इन्होंने युवाओं को दो करोड़ नौकरियां देने जैसे कई वादे किए लेकिन ये जुमलेबाज सरकार ने कोई वादा पूरा नहीं किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां के मूल भावना को नहीं समझ सके। मोदी ने अपने संबोधन में एक बार भी हो भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की बात नहीं की। सरना धर्म कोड देने की बात नहीं की। स्थानीय नीति की बात नहीं की। मोदी सरकार ने तो वन अधिकार को स्थिर करने का काम किया। मोदी की सरकार ने आदिवासी-मूलवासी के हित में काम नहीं किया है। इसलिए भाजपा को यहां वोट मांगने का अधिकार नहीं है।

मुख्यमंत्री शनिवार को सिंहभूम से इंडी गठबंधन की प्रत्याशी जोबा माझी के समर्थन में चक्रधरपुर विधानसभा के ऐतिहासिक बुढीगोड़ा मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ये वही धरती है जहां के आदिवासियों ने आंदोलन का बिगुल बजाया। भाजपा जब-जब सत्ता में आई है एक जाति से दूसरी जाति को, एक धर्म से दूसरे धर्म को लड़ाकर सत्ता में काबिज रहना चाहती है। इसलिए आप इंडी गठबंधन को मजबूत करिए।

मुख्यमंत्री सोरेन ने अपनी सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने कहा कि झामुमो गठबंधन की सरकार ने आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम चला और 50 वर्ष तक के सभी को पेंशन देने का काम किया। आगे चलकर मुंडा और मानकी के लिए आवास बनाएंगे। चाइबासा में मानकी, मुंडाओ के लिए सभा बनाया जाएगी, जिसमें 2000 डेलीगेट की बैठने की क्षमता होगी। हमारी सरकार ने आदिवासी बच्चों को विदेश पढ़ने भेजा। मोदी सरकार ने यहां की जनता को धोखा दिया। चम्पाई ने कहा कि मोदी ने वादा किया था कि 2022 तक सभी के पक्के मकान बनेंगे। झारखंड की गठबंधन सरकार ने पूरी लिस्ट उन्हें सौंप दिया लेकिन इन्होंने आवास का पैसा रोक दिया। इसलिए हमारी सरकार ने यहां के आदिवासी जनता को अबुवा आवास दिया। साथ ही हमारी सरकार ने 125 यूनिट फ्री कर दिया, जिससे 30 लाख परिवार को इसका फायदा मिल रहा है। इसके साथ उन्होंने सभी प्रखंड में स्मार्ट स्कूल खोलने की बात कही। इंडी गठबंधन की लोकसभा प्रत्याशी जोबा माझी ने कहा कि यह चुनाव जल, जंगल, जमीन और अपने अस्तित्व को बचाने का चुनाव है। ये केंद्र सरकार बाबा साहेब के द्वारा हमलोगों को दिए गए अधिकारों को छीनना चाहती है। उन्होंने कहा मोदी को अपने 10 साल की उपलब्धियों को बताने का समय नहीं मिला।

## झारखंड में गर्मी से मिलेगी राहत, छह मई से बारिश की संभावना



**रांची।** राज्य में झुलसा देने वाली गर्मी से राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार छह मई से राज्य के कुछ जिलों में बारिश की संभावना जताई गई है। राज्य के उत्तर-पूर्वी भाग में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना। सात मई राज्य में कुछ स्थानों पर और आठ और नौ मई को कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्ष होने की प्रबल संभावना है। इस दौरान तेज हवा के साथ वज्रपात की संभावना है।

राज्य में नौ मई तक बारिश होने की संभावना है। बारिश के साथ ही राज्य में तेज हवाओं और वज्रपात का असर देखा जायेगा। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेगी। इसमें मुख्य रूप से दुमका, देवघर, पाकुड़, गोड्डा, गिरिडीह, जामताड़ा, पाकुड़ साहेबगंज में बारिश होने की संभावना है। आठ और नौ मई को राज्य के अधिकांश हिस्से में बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है।

मौसम विभाग के अनुसार पांच मई को राज्य के सराइकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, बोकारो, धनबाद, जामतारा, देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़ और साहिबगंज जिलों में कहीं-कहीं लू चलने की संभावना है। मौसम विभाग के रांची में छह और सात मई से आंशिक बादल छाये रहेंगे एवं मौसम शुष्क रहेगा। आठ और नौ मई से गर्जन के साथ बारिश की संभावना है। आने वाले दो दिनों के दौरान तापमान में कमी दर्ज की जायेगी। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार तापमान में आने वाले तीन दिनों के दौरान चार डिग्री तक की गिरावट दर्ज की जायेगी।

## आर्यन को नहीं थी पहले से कोई बीमारी, माता- पिता ने किया खुलासा

रामगढ़, एजेंसी

**राधा गोविंद पब्लिक स्कूल के प्रबंधन की बातों पर मृत छात्र के माता-पिता ने उठाया सवाल**

राधा गोविंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में पांचवी कक्षा के छात्र आर्यन की मौत एक बड़ा सवाल खड़ा कर गई है। सबसे बड़ी बात यह है कि हॉस्टल में रहने वाले छात्र कितने महफूज हैं? और विद्यालय प्रबंधन कितना सजग है? यह कहना अब बेहद मुश्किल हो गया है। बच्चे बीमार हैं उसके बावजूद हॉस्टल में है। उसकी कोई सूचना ना तो अभिभावकों तक पहुंच रही है, और ना ही उसका कोई इलाज चल रहा है। अचानक बच्चे खेल के मैदान में पहुंचते हैं और उनकी मौत हो जाती है। फिर स्कूल प्रबंधन के द्वारा बच्चे का मेडिकल हिस्ट्री सामने लाया जाता है। यह पूरा मामला एक बड़ी साजिश की तरफ इशारा कर रहा है। बीमार बच्चों को हॉस्टल में रखना उचित नहीं है। इसके अलावा अगर बच्चे की मेडिकल हिस्ट्री है तो उसके बाद भी उसे मॉर्निंग वॉक, एक्सरसाइज और काउंटिंग जैसे सेशन में शामिल किया जा रहा है, यह भी बेहद चिंता का विषय है।

**विद्यालय प्रबंधन की बातों पर मृत छात्र के पिता ने उठाए सवाल**

इस पूरे प्रकरण पर बच्चे का अंतिम संस्कार कर घर लौटे पिता नेहरू गंझू ने बेहद चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। उन्होंने कहा है कि उनका बच्चा पिछले दो वर्षों से राधा गोविंद स्कूल में पढ़ रहा था। इस दौरान ना तो कोई बीमारी की खबर आई और ना ही ऐसी कोई शिकायत मिली। अचानक उनके बच्चे के गंभीर होने की खबर फोन पर दी जाती है। यह खबर उनके लिए बेहद चौंकाने वाला था।

## पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत की जमानत याचिका पर फैसला 10 मई को

**रांची।** जमीन घोटाले मामले के आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में सुनवाई हुई। इस दौरान हेमंत सोरेन (बचाव पक्ष) और ईडी की ओर से कोर्ट में लिखित बहस जमा किया गया। शनिवार को सुनवाई के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया। अदालत ने सुरक्षित आदेश पर 10 मई को फैसला की तिथि निर्धारित की है।

इससे पूर्व गत 30 अप्रैल को हेमंत सोरेन की जमानत पर दोनों पक्षों की ओर से लगभग एक घंटे से ज्यादा समय तक बहस हुई थी। बहस के दौरान एक तरफ बचाव पक्ष की ओर से हेमंत सोरेन को जमानत देने के लिए दलीलें पेश की गयी। वहीं दूसरी तरफ ईडी की ओर से उनकी दलीलों का पुरजोर विरोध किया गया। जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिवक्ता के माध्यम से 15 अप्रैल को जमानत याचिका दाखिल की है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं।

## रांची संसदीय क्षेत्र में कुर्मी वोटर बड़ा फैक्टर, भाजपा के लिए सुदेश महतो की भूमिका अहम

उज्ज्वल दुनिया सं



**रांची।** रांची संसदीय क्षेत्र में कुर्मी वोटर बड़ा फैक्टर माना जाता रहा है। इसलिए भाजपा के टिकट से पांच बार रामटहल चौधरी को टिकट मिलता रहा। इन्होंने कई बार रांची सीट से जीत भी हासिल की थी। अब रामटहल चौधरी भाजपा में नहीं हैं। ऐसे में भाजपा के साथी आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो अंदर से भाजपा का साथ दे रहे हैं ताकि कुर्मी वोटर इधर-उधर न हो सके और भाजपा को इसका सीधा लाभ मिल सकेगा। आंकड़ों के अनुसार रांची लोकसभा क्षेत्र में साढ़े तीन लाख आबादी सिर्फ कुर्मी वोटरों की है जबकि यहां मिशनरी और मुस्लिम वोट भी खासा मायने रखते हैं।

उधर, लोकसभा चुनाव-2024 में रामटहल चौधरी ने टिकट के लिए कांग्रेस का दामन थामा तो वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने उन्हें पाकर खुशी जताई थी लेकिन पलक झपकते राजनीति के माहिर खिलाड़ी सुबोधकांत सहाय ने चुनाव को दिलचस्प मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया। सहाय ने बेटी यशस्विनी सहाय को कांग्रेस से टिकट दिलाकर रांची लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनवा दिया।

इस बीच भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ चुनावी मैदान में हैं। रांची सीट भाजपा बनाम आईएनडीआईए के बीच दिलचस्प मोड़ पर है लेकिन कुर्मी वोटरों के समर्थन में बड़े चेहरे का अभाव है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि हो न हो अंदर से आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ही रांची सीट की कमान संभाल रहे हैं। कुर्मी वोटरों का लाभ भाजपा को मिले इसके लिए सुदेश महतो चुनावी मैदान में अंदर से गठबंधन के साथी भाजपा का साथ दे रहे हैं।

हालांकि, रांची सीट से महागठबंधन के कई नामचीन चेहरे एक साथ चुनावी ताकत झोकेंगे। एक तरफ जहां भाजपा के संजय सेठ रांची लोक सभा सीट से खड़े हैं तो वहीं दूसरी तरफ मुकाबला करने के लिये फिल्ड में यशस्विनी सहाय सहित अन्य नामचीन चेहरे मौजूद हैं। रांची से कांग्रेस के भैया माने जाने वाले सुबोधकांत सहाय की पुत्री यशस्विनी सहाय और भाजपा के सांसद उम्मीदवार संजय सेठ के बीच जोरदार मुकाबला होगा।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू सुप्रिमो सुदेश महतो, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो सहित अन्य बड़े नेता एनडीए को जीत के लिए एकजुट हैं जबकि झामुमो की कल्पना सोरेन, कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित आईएनडीआईए यशस्विनी सहाय को विजयी बनाने के लिए लगातार जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। वैसे भाजपा के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी कांग्रेस में प्रचार करते तो शायद कुर्मी वोटर काटते लेकिन रामटहल चौधरी ने स्पष्ट कर दिया है कि टिकट के लिए ही वे कांग्रेस आए थे।




## संक्षिप्त खबरें

### डाडी प्रखंड के कुरकुट्टा, टोंगी डोकाबेडा में स्वीप कोषांग ने लगाया चौपाल



**गिद्दी।** डाडी प्रखंड के स्वीप कोषांग के द्वारा बलसगरा पंचायत के बिरहोर टोला( बूथ न०64, 67) में चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें एवीएम, वीवीपेट का प्रदर्शन के साथ - साथ बिरहोर मतदाताओं के बीच एवं महिला समूह के बीच मतदाता पर्ची का वितरण भी किया गया। साथ ही डोर टू डोर भ्रमण भी किया गया। इस मौके पर पंचायत सचिव हरिहर प्रसाद, प्रमोद कुमार कश्यप, मो. सरफराज आलम, निशा कुमारी, पुष्पा कुमारी, अरुण कुमार यादव एवं संबंधित क्षेत्र के बीएलओ मौजूद थे।

### भुरकुंडा के शाहबाज ने माउंट एवरेस्ट के बेस कैंप पर फहराया तिरंगा



भुरकुंडा (रामगढ़)। मस्जिद कॉलोनी में शनिवार को स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य रूप से वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु, पुर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, हाजी अलाउदीन मंसुरी, सलाउदीन मंसुरी, मुकेश सिंदुरिया उपस्थित थे। समारोह में हाजी नईम खान, हाफिज महबुब आलम, रईस आलम, मो जिलानी, जुल्फेकार, आजाद अंसारी, शकील अख्तर मस्सन, संतोष अग्रवाल, विनोद कुमार, रंजीत सिन्हा, विनोद साव, जयप्रकाश सिंह, सरफराज, वाजिद, अल्ताफ, साजिद, फिरोज आलम, यास्मीन खातुन, शगुफ्ता परवीन, नरगिस सामिन, मुस्कान, जेबा तब्बसुम सहित अन्य लोग मौजुद थें।

### मो. सफू पर लगा ठगी का आरोप

गुमला। गुमला सदर थाना स्थित करमडीपा निवासी जिरफियानुस केरकेट्टा ने गुमला सदर थाना में लिखित आवेदन देकर आरोप लगाया है, की गुमला सदर थाना स्थित खड़ियापाड़ा निवासी मो० सफू , जो अपने आपकों एक पार्टी का नेता बताते हुए , बालू , ईंट , चिप्स, आदि घर बनाने की सामग्री गिराने के नाम पर , एक लाख 12 हजार रुपया लेलिया और छह माह से उक्त घर बनाने की सामग्री नहीं गिरा रहा है और बराबर टालमटोल करता रहता है, गत चार माह से वह अपना मोबाइल भी नहीं उठा रहा हैं, गुमला सदर थाना पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### चोरी का सामान छुपाए जाने को लेकर पूछताछ पर तलवार से किया हमला

गुमला। शहरी क्षेत्र के पालकोट रोड स्थित सरना टोली गांव में चोरी का सामान छुपाने के दौरान पूछताछ किये जाने पर तलवार से हमला व मारपीट कर प्रकाश खलखो,विनय डुंगडुंग, प्रमोद जोसेफ टोप्पो गंभीर रूप से घायल हो गए है ।इनमे प्रमोद को गंभीर चोट लगी है। प्रमोद का गर्दन का हड्डी टूट गया है ।सदर अस्पताल के आईसीयू में उसका इलाज जारी है। सुधार नही होने पर डॉक्टर द्वारा उन्हें रिम्स रेफर किए जाने की बात कही है। इधर पूरे मामले को लेकर प्रकाश खलखो ने सदर थाना में लिखित आवेदन देकर सरना टोली के ही संजय राम,पत्नी धनेश्वरी देवी,बेटा शिवा राम,विष्णु राम,सचिन राम,संतीश राम व आतिश राम के ऊपर जानलेवा हमला करने की प्राथमिकी दर्ज कराई है ।दर्ज प्राथमिकी में प्रकाश खलखो ने कहा है कि उपरोक्त सभी आरोपी के रिश्तेदार गुड्डू राम ने पूर्व में भी मारपीट कर व चाकू से हमला कर गभीर रूप से घायल कर दिया था।

# स्वीप 'अंतर्गत वोटर अवेयरनेस को लेकर' मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रामगढ़।** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ श्री चंदन कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में नोडल पदाधिकारी मतदाता जागरूकता कोषांग सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती कनक तिर्की के निर्देशानुसार सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर विक्रम सोनी के द्वारा शानिवार को महर्षि परमहंस बी ए ड कॉलेज में




आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता को लेकर उपस्थित सभी बच्चों को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाया गया इसके उपरांत आगामी 20 मई 2024 को अपने अपने आसपास के लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित करने का अपील किया गया ।मतदाता जागरूकता हेतु बनाए गए पोस्ट के माध्यम से ₹वोट करेगा रामगढ़, 20 मई₹ ₹चुनाव का पर्व देश का गर्व₹ **#MainBhiElectionAmbassador** थीम के तहत मतदाता मतदान करने के प्रति मतदाताओं को जागरूक किया गया ।मौके पर श्री विक्रम सोनी ने सभी विद्यार्थियों व मतदाताओं से आगामी 7 मई को आयोजित होने वाले मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर आभियान के संबंध में जानकारी दी साथ ही सभी से आगामी 7 मई को संध्या 6:00 बजे से 8:00 बजे तक आयोजित महा अभियान में हिस्सा लेने की अपील की वही उन्हकने सभी को अभियान के तहत अपने-अपने सोशल साइट पर मतदाता जागरूकता सेल्फी के साथ हैश टैग **#MainBhiElectionAmbassador** के साथ कंटेंट अपलोड करने की जककनकारी दी। मौके पर मुख्य रूप से पीपीआई फेलो श्वेता वर्मा, प्राचार्य डॉ जी आर चोरिया, शिक्षक नीलकमल सिंह, जय झा, चंचल कुमारी, डॉ पूनम सिंह, संजू उरांव, दिनेश बरमुंडा दिनेश बरमुंडा,जनसंपर्क कार्यालय से नीतीश कुमार पासवान सहित अन्य उपस्थित थे।

## ज्ञान महिला समिति ने सौदागर मोहल्ला में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**बुजुर्ग महिलाओं कों पैर पूजन कर व फूलों कि वर्षा के मतदान करने की अपील की गई**

रामगढ़। ज्ञान महिला समिति के द्वारा वार्ड नंबर 3 सौदागर मोहल्ला में मतदान जागरूकता अभियान के तहत बुजुर्ग महिलाओं को पांव पूजन कर फूलों की वर्षा कर 20 मई को लोकसभा महापर्व में मतदान करने की अपील की गई। ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल ने कहा कि पूरे रामगढ़ जिले में गांव, शहर, टोला, मोहल्ला में मतदान जागरूकता अभियान के तहत बुजुर्ग महिलाओं को जिनका उम्र 80 पार है। वैसी बुजुर्ग महिलाओं को चिन्हित कर पाव पूजन और फूलों की वर्षा कर पहले मतदान फिर जलपान एवं मतदान करने को लेकर जागरुक एवं अपील किया जा रहा है। बुजुर्ग महिलाओं ने भी कहा कि हम सभी बुजुर्ग महिलाएं मतदान जरूर करेंगे। विनोद जायसवाल के द्वारा बुजुर्ग मां को पांव पूजना, फूलों की वर्षा करना यह जीवन में पहली बार देखने को मिल रहा है. ना सरकार के द्वारा ना जिला प्रशासन के द्वारा नेताओं के द्वारा महिलाओं को सम्मान दिया जाता है। सिर्फ नेता,जिला प्रशासन टेंपो वाहन से मतदान करने के लिए जागरूक किया जाता है।

## राजद के झारखंड स्टार प्रचारक बनाये गये गिरधारी गोप, दी गई बधाई

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष सह भदानीनगर कुरसे निवासी गिरधारी गोप को पार्टी ने झारखंड में स्टार प्रचारक बनाया है। गिरधारी गोप 30 मई तक झारखंड में महागठबंधन और पलामु में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार प्रसार करेगें। झारखंड के मुख्यनिर्वाचन पदाधिकारी ने पार्टी के स्टार प्रचारक के रूप में प्रमाण पत्र निर्गत किया है। पार्टी द्वारा स्टार प्रचारक बनाये जाने पर गिरधारी गोप के कहा कि लोकसभा चुनाव में झारखंड में इंडिया गठबंधन के पक्ष में लोगों ने मतदान करने का मन बना लिया है। राजद प्रत्याशी और महागठबंधन के प्रत्याशियों



के पक्ष में प्रचार प्रसार में हिस्सा लेगें। स्टार प्रचारक बनाये जाने पर प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव, प्रेम कुमार साहु, बबन पांडेय, संतोष मिश्रा, संजय यादव, वाहिद अंसारी, शौकत खान, छोटु सिंह, श्रीकांत सिंह, पप्पु कुमार सहित दर्जनों लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुये बधाई दी है।

# एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने किया रामगढ़ कैंट मंडल के लगभग सभी वार्ड में नुक्कड़ सभा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट भाजपा, आजसू मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव, अरुण कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी मनीष जायसवाल,रामगढ़ कैंट मंडल पदाधिकारी, कार्यकर्ता द्वारा नुक्कड़ सभा बाजार टांड ,सिटी स्टाइल, के सामने झंडा चौक, शांति टॉकीज, के समीप नई सराय महतो टोला, के समीप सुभाष चौक में फल दुकान के सामने पंचवटी सभागार में, बिजूलिया रंजन सिंह फौजी के घर के पास, लोहार टोला काली मंदिर के निकट, सभी कार्यक्रम स्थल पर हजारों की संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए।



कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त नगर अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव, अरुण अग्रवाल के द्वारा मोदी जी के द्वारा किए गए योजनाओं को गिनाया गया तथा विकसित भारत 2047 तक बनाना है साथ ही एनडीए प्रत्याशी ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए भाजपा को वोट करें ।कमल फूल छाप पर वोट देकर मोदी जी की हाथों को मजबूत करें ।पहले मतदान फिर जलपान करने का आग्रह मतदाताओं से किया गया ।जनता के द्वारा नारा लगाया गया ।भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद,जेपी नड्डा जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद,अमित शाह जिंदाबाद, राजनाथ सिंह जिंदाबाद की जय घोष के साथ सभी भाजपा कार्यकर्ता ने उत्साह के साथ 5 लाख पार का नारा देते हुए, अबकी बार 400 मत्र और जीत को सुनिश्चित करने के लिए भाजपा ने कमर कस लिया है रामगढ़ कैंट मंडल के महामंत्री ऋषिकेश सिंह ने कहा पुनः केंद्र में सरकार भाजपा की बनेगी और फिर से मोदी सरकार होगा मुख्य रूप से उपस्थित कैंट मंडल के पदाधिकारी वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता, जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता,दिलीप डांगी, कुंटू बाबू ,बिमल भुधिया,राजू चतुवेर्दी, दीनदयाल, प्रो,संजय प्रसाद चंद्रशेखर चौधरी खिरोधर साहू, रंजन सिंह, फोजि वसुध तिवारी, राजीव रंजन प्रसाद, दीनदयाल कुमार, इलारानी पाठक, मनोज जायसवाल, नमेंदेर चंचल, विजय जयसवाल, शिव कुमार महतो, दीपक सोनकर, महेंद्र प्रजापति, सारिका राठौर,शीतल सिंह, संतोष साव अजीत गुप्ता अभिषेक चौधरी,मिथलेश मंडल,बरुण सिंह ब्रजेश पाठक,प्रभात अग्रवाल,जय प्रकाश अग्रवाल उमेश प्रसाद अरुण कुमार गणोरी, विनोद मिश्रा,अविनाश सिंह सत्यजीत सिंह मणिशंकर ठाकुर,संजय सिंह,कुणाल दास, अमित ठाकुर, सुनील पासवान, अरविंद सिंह संजय श्रीवास्तव, विनोद गोप, जीतू गोप, सुमित अग्रवाल,नीतीश कुमार, सुदेश गुप्ता, अनुपमा सिंह कांति मुंडा, आशा देवी,कुणाल दास, अनेक पुरुष महिलाए भाजपा, आजसू बूथ अध्यक्ष कार्यकर्ता शामिल हुए।

**बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने पीटीपीएस में की प्रेस कॉन्फ्रेंस**

## इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार जयप्रकाश भाई पटेल की जीत निश्चित

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लोकसभा चुनाव को लेकर पतरातू प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल के आवासीय कार्यालय पीटीपीएस में शुक्रवार की शाम प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि हजारीबाग से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार सह मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल की जीत निश्चित है। हमसभी जीत की मार्जिन अधिक से अधिक करने के लिए जी तोड मेहनत कर रहे हैं। इसी को लेकर मेरे द्वारा पतरातू प्रखंड का दौरा कर गठबंधन के साथी दल राजद , झारखंड मुक्ति मोर्चा, सीटू सहित क्षेत्र के बुद्धिजीवियों, सामाजसेवियो तथा विभिन्न



यूनियन के नेता एवं कार्यकताओं से मुलाकात क जीत कि मार्जिन बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बड़कागांव सहित पांचो विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी की ही लहर है। हम अपने संगठन एवं गठबंधन दलो के नेता कार्यकताओं के उत्साह को सलाम करते हैं। विधायक श्री अकेला ने कहा कि चुनाव में अपने-अपने बुथो को मजबूती से बढत करने का संदेश देने आया हूं। मौके पर मुख्य रूप से कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल, राजद के प्रदेश महासचिव गिरधारी गोप, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव, प्रदेश सचिव संजय यादव, समाजसेवी रामेश्वर गोप सहित कांग्रेस नेता जयप्रकाश सिंह ननकी, डॉ केके शर्मा, अमर यादव, मो. कयूम, सीमा राय, कुलदीप यादव, कमलेश कुमार, अशोक प्रसाद, रामयज्ञ सिह, मिथिलेश सिह, बाल्मिकी यादव, गौरव कुमार, युवा नेता लोकेश आनंद, दिनेश दास, मो. हबीब, तारिक राजा, परवेज आलम, नवीश कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## हर माता-पिता के लिए बच्चों की सफलता ही सबसे बड़ा उपहार : प्रशांत उपाध्याय

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जेएसपी पतरातू में डेप्युटी मैनेजर के पद पर कार्यरत प्रशांत उपाध्याय की पुत्री वंशिका उपाध्याय का आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस कंप्लीट करने और पासिंग आउट परेड के बाद तत्काल उनका ज्वाइनिंग लेफ्टिनेंट डॉक्टर के पद पर हुआ है। वंशिका के इस उपलब्धि पर पतरातू के जेएसपी ग्रुप में हर्ष का माहौल है। साथ ही बधाईयों का तांता लगा हुआ है। वंशिका उपाध्याय की इस उपलब्धि पर चहुंओर प्रशंसा हो रही है। कहा जा रहा की वंशिका ने अपने माता पिता, परिजन, जेएसपी सहित पूरे पतरातू प्रखंड वासियों को गौरवान्वित कराया है। यह जेएसपी परिवार के लिए बहुत ही गौरव की बात है। बेटी की सफलता से गदगद प्रशांत उपाध्याय ने कहा कि मेरी पुत्री की इस उपलब्धि के पीछे उसकी कड़ी मेहनत और मेरी पत्नी का पूर्ण



**जेएसपी पतरातू के पदाधिकारी की पुत्री बनी लेफ्टिनेंट डॉक्टर, दी गई बधाई**

सहयोग तथा अपने काम के प्रति वंशिका का डेडीकेशन है। उन्होंने कहा कि माता-पिता के लिए बच्चों की सफलता से बड़ा कोई उपहार नहीं हो सकता। मेरी पुत्री ने पूरे उपाध्याय परिवार का मान सम्मान और बढ़ा दिया है। श्री उपाध्याय ने कहा बेटे और बेटियों में कोई फर्क नहीं करना चाहिए। आपके बच्चे जिस क्षेत्र में जाना चाहते हैं उनका भरपूर सहयोग करें, ताकि वे अपने जीवन में सफल हो सकें।

## अरगड्डा माइंस कांटाघर के समीप स्थित जंगल में लगी आग

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**गिद्दी।** सीसीएल अरगड्डा बंद मांईस कांटा घर के समीप टोंगरी जंगली क्षेत्र में दोपहर 12 के बाद आग लगने के बाद धुआं उठने लगा। अगलगी के चपेट में आने से जंगल के सूखे पत्ते, पेड़ जलकर राख हो गए। जीव जंतुओं में अफरा तफरी का माहौल है। नईसराय-अरगड्डा जीएम ऑफिस मुख्य मार्ग व काजू बगान चपरी, कंजगी, बुमरी, चुंबा जाने वाले लोगों को धुआ फैलने से खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।वन्य प्राणियों का जनजीवन प्रभावित हुआ है। खबर मिलने के बाद वन विभाग के कर्मियों द्वारा मशीन से आग बुझाने का कार्य शुरू किया गया है ।लेकिन आग तेजी से अरगड्डा बंद कांटा घर के पास से चपरी काजू बागान आदि



- वन क्षेत्र के कई हिस्सों में फैल रहा है आग और धुंआ, सूखे पत्ते पेड़ जलकर हो रहे हैं राख, जीव जंतु अस्त-व्यस्त, राहगीर भी हुए प्रभावित
- खबर मिलते ही आग बुझाने में लगा वन विभाग, अफरा तफरी का माहौल

क्षेत्रों में फैल चुका है। जिससे जंगली क्षेत्र में काफी नुकसान हुआ है, समाचार लिखे जाने तक वन विभाग आग को काबू करने की जद्दोजहद कर रहा है ।बताया जाता है कि शरारती तत्वों के द्वारा जंगल के सूखे पत्तों में आग लगा दी गई थी, जिससे आग पूरा वन क्षेत्र में फैल गया।

## रायडीह कस्तूरबा की 280 छात्राओं ने पीटी टीचर के कार्यशैली से छुब्ध होकर स्कूल छोड़ने की दी धमकी

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**गुमला।** अक्सर सुर्खियों में रहने वाले कस्तूरबा विद्यालय की एक पीटी टीचर कमला कुमारी के खिलाफ आखिरकार रायडीह के कस्तूरबा विद्यालय में पढ़ने वाली तीन सौ छात्राओं ने मोर्चा खोल दिया है ।सभी छात्राओं ने पीटी टीचर की कार्यशैली से छुब्ध होकर एक साथ स्कूल छोड़ने की भी धमकी दे डाली है ।जनप्रतिनिधियों व सिक्छा विभाग के अधिकारियों के कान में यह बात आने के बाद बीते सोमवार,मंगलवार व शुक्रवार को स्कूल में बैठक कर छात्राओं को समझाया गया है। फिलहाल स्कूल छोड़ने की बात से छात्राएं पीछे हट गई है ।मगर स्कुल से पीटी टीचर को हटाने की मांग पर अड़ी हुई है ।ऐसे बताया जाता है कि स्कुल में नामांकित 350 छात्राओं में से 70 छात्राएं पीटी टीचर की कार्यशैली से छुब्ध होकर अपनी बीमारियों का हवाला देते हुए अपने घर चली गई है। छात्राओं ने बताया कि पीटी टीचर जब से यहां योगदान दी है तब से उनका व्यवहार ठीक नही है ।वे छात्राओं के साथ दुर्व्यवहार करती है। अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए मारपीट करते हुए गरीब कहकर प्रताड़ित करती है ।पीटी टीचर द्वारा उनसे कपड़ा धुलवाया जाता है ।इनकार करने पर प्रताड़ना की हद बढ़ जाती है। उनके बीच हमेशा किसी अनहोनी की आशंका बनी रहती है ।वे पीटी टीचर के कारण डर के साये में रहने को विवश है। छात्राओं की इन बातों को सुनने के बाद शुक्रवार को सिक्छा विभाग के अधिकारी भी स्कुल पहुँचे थे ।वे भी छात्राओं को मान मनौउल पर जुटे हुए थे ।मगर अधिकारियो के समछ छात्राएं रोने लगी ।इसके बाद अभिभावक रंथु लोहरा,नेलशन लकड़ा,जोगेन्द्र महली,सुनीता देवी, सबीता देवी,प्रसान्नी देवी,पंकज कुजूर, जैलेन्द्र उराँव आदि ने भी सिक्छा विभाग से ऊकत पिटी टीचर को हटाने की मांग की ।अन्यथा बच्चो को साथ ले जाने की चेतावनी दी ।इसके बावजूद सिक्छा विभाग के अधिकारी किसी निष्कर्ष पर नही पहुँचे ।तब कुछ अभिभावक अपने चार पांच बच्चो को साथ घर ले गए। इस बावत पीटी टीचर कमला कुमारी से जब पूछा गया तो पहले उन्होंने पत्रकारो पर ही रौब दिखाने की कोशिश की। मोबाइल में छात्राओं का कैद किये गए।

# सीसीएल के नये सीएमडी एनके सिंह ने किया बरका सयाल प्रक्षेत्र का दौरा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**गिद्दी।** सेंट्रल कोलफिल्ड लिमिटेड के नये सीएमडी निलेंदू कुमार सिंह शनिवार को सीसीएल बरका-सयाल प्रक्षेत्र का दौरा किया। सीएमडी के बरका-सयाल महाप्रबंधक कार्यालय पहुंचे पर महाप्रबंधक अजय सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके साथ ही सीएमडी और महाप्रबंधक ने प्रक्षेत्र की विभिन्न परियोजनाओं का जायजा लिया। सीएमडी निलेंदू कुमार सिंह उरीमारी परियोजना, बिरसा परियोजना, न्यू बिरसा परियोजना, नवनिर्मित सीएचपी साइलो, सयाल डी कोलियरी पहुंचे। जहां सीएमडी ने कोयला उत्पादन, संप्रेषण और सेफ्टी को लेकर परियोजना के अधिकारियों से जानकारी ली। साथ ही कई महत्वपूर्ण दिशानिर्देश भी दिए।



वहीं उन्होंने सुरक्षित रूप से कोयला उत्पादन पर जोर दिए। सीएमडी स्थानीय अधिकारियों से परियोजना से संबंधित समस्याओं से भी अवगत हुए और समस्याओं के यथाशीघ्र समाधान भरोसा भी दिलाया। यहां से सीएमडी बरका-सयाल महाप्रबंधक कार्यालय लौटे।

जहां उन्होंने प्रक्षेत्र के अधिकारियों के साथ बैठक कर कई दिशानिर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक अजय सिंह, एसओएम ईएंडएम अमरेंद्र कुमार, बिरसा पीओ डी. शिवादास सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

# हेसला में बनाया गया इंडियन ऑयल के द्वारा पाइप यार्ड

**करीब 200 ट्रेलर ट्रक से जमा होगी पाइप, गैस कनेक्शन बिछाने की होगी पहल**

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**गिद्दी।** बायोजेनिटिक फैक्ट्री पुल हेसला के समीप इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के द्वारा पाइप स्टॉक यार्ड का निर्माण किया गया है। बताया जाता है कि यहां करीब 200 ट्रेलर (ट्रकों) में लादकर लाए गये पाइपो को रखा जाएगा। जिससे आगामी दिनों में क्षेत्र में गैस कनेक्शन के लिए पाइप बिछाने का काम किया जाएगा। यह



पाइप गुजरात से सड़क के रास्ते हेसला रामगढ़ इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के पाइप यार्ड में पहुंचया जा रहा है। जिसे क्रेन के माध्यम से ट्रेलर ट्रकों से अनलोड किया जा रहा है।

# राहुल गांधी शहजादे नहीं शहीदजादे हैं: गुलाम अहमद मीर




**रांची,** । कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि पूरे देश की 140 करोड़ जनता जानती है कि राहुल गांधी शहजादे नहीं शहीदजादे हैं। उन्होंने कहा कि शहजादे प्रधानमंत्री का प्रिय शब्द है जो वह चुनाव के दौरान प्रयोग करते हैं लेकिन राहुल गांधी उस परिवार से आते हैं जिस परिवार का आजादी हासिल करने के पहले से लेकर आजादी के बाद तक कुबार्नी का इतिहास रहा है।
मीर शनिवार को कांग्रेस भवन में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। मीर ने कहा कि मोदी जिस जमात से आते हैं उनका देश के लिए क्या योगदान रहा है यह पूरा देश जानता है। दो दिन से मोदी झारखंड में हैं। जनता का रिस्पांस उन्हें नहीं मिला। प्रधानमंत्री जिस भाषा का इस्तेमाल करते हैं उसे पूरी जनता सुनती है और अच्छी तरह समझती है। उन्होंने कहा कि दस साल में उन्होंने क्या किया इसकी उन्होंने चर्चा नहीं की। इसी कारण अपने दस साल के काम पर प्रधानमंत्री ने वोट नहीं मांगा।
मीर ने कहा कि भ्रष्टाचार की बात करें तो जिस नेता पर प्रधानमंत्री शाम में 70,000 करोड़ के घोटाले का आरोप लगाते हैं 24 घंटे के अंदर उसके साथ सरकार बनाकर उसे उप मुख्यमंत्री बना देते हैं। असम और बंगाल भी इसका उदाहरण है। उन्होंने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से भाजपा ने हजारों करोड़ रुपये कंपनियों से चंदा लिया और इसके बदले उन्हें लाभ पहुंचाया। वोट हासिल करने के लिए मोदी कुछ भी कर सकते हैं।
मोदी ने कहा कि दस वर्षों में मोदी ने झारखंड को क्या दिया। झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार किया गया। जब उन्होंने प्रधानमंत्री आवास नहीं दिया तो हमारी सरकार ने अबुआ आवास योजना शुरू किया। पलामू के मंडल डैम का शिलान्यास पांच वर्ष पूर्व मोदी के जरिये किया गया था लेकिन उसमें कोई कार्य नहीं हुआ। सरना धर्म कोड पर चुप्पी साधे रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा मोदी पर और कांग्रेस मुद्दों पर चुनाव लड़ रही है। मोदी हिंदू, मुसलमान और पाकिस्तान पर चुनाव लड़ रहे हैं और मूल मुद्दों को डायवर्ट कर रहे हैं।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी सात मई को चाईबासा और बसिया में जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता के बीच मोदी फ्लॉप शो साबित हुए। जनता उन्हें कितनी गंभीरता से ले रही है यह रैली में जनता की कम उपस्थिति ने दर्शा दिया है।इस दौरान भारतीय कांग्रेस की मीडिया कोऑर्डिनेटर ज्योति सिंह, राकेश सिन्हा सुमेर चारण, वैभव शुक्ला सतीश पॉल मुंजनी, सोनाल शांति कमल ठाकुर, रियाज अंसारी, ऋषिकेश सिंह भी उपस्थित थे।

## खूंटी सीट जीत रही है कांग्रेस, ईमानदारी से काम करें कार्यकर्ता: गुलाम अहमद मीर

**खूंटी।** अखिल भारतीय कांग्रेस केमटी के महासचिव और झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर शुक्रवार देर रात खूंटी लोकसभा के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कालीचरण मुण्डा के आवासीय कार्यालय पहुंचे। मीर ने गठबंधन के पदाधिकारियों और कार्यकताओं को गर्म जोशी से लोकसभा चुनाव में लगने और हर संभव वोटरों को वोटिंग के लिए जागरूक करने की नसीहत दी। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने की। कांग्रेस मीर ने कहा कि इस बार खूंटी लोकसभा हम सभी जीत रहे हैं, फिर भी सभी कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों से ईमानदारी पूर्वक आपने कार्य का निर्वाह करने काय निर्देश दिया।
मौके पर प्रदेश कांग्रेस केमटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार बालमुचू, प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा, दयामनी बारला, अमरेन्द्र सिंह, मानस सिन्हा, रविन्द्र सिंह, पीटर मुन्डू, देवजीत देवघरिया, गुलाम गौस आदि उपस्थित थे।

# पंचायत सचिवालय पाली में डालसा का डोर-टू-डोर जागरूकता कार्यक्रम

**रातू**

### नालसा द्वारा संचालित योजना-2015 के तहत जनजातीय अधिकारों पर फोकस

झालसा के निर्देश पर रातू प्रखंड के पाली गांव स्थित पंचायत सचिवालय में शनिवार को डोर-टू-डोर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत नालसा द्वारा संचालित योजना-2015 के तहत जनजातीय अधिकारों पर जानकारी दी गयी एलएडीसी अधिवक्ता स्वीकृति विनया ने आदिवासियों के अधिकार, मानवता, कर्तव्य, तृप्ति, समाजिक सुरक्षा आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी उन्होंने कहा कि आप अपने अधिकारों को जाने और उसका लाभ प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि मजदूरों को निबंधन कराना आवश्यक है।
कार्यक्रम में आठ जून को आयोजित होनेवाली मोटर वाहन दुर्घटना वादों से संबंधित विशेष लोक अदालत की जानकारी पीएलवी के द्वारा दी गयी। उन्होंने कहा तीन जून से सात जून तक प्री-लोक-अदालत की बैठके कर एमएसीटी से संबंधित वादों को माननीय न्यायालय में सुना जाएगा । आठ जून को उपस्थित होकर वादों को निश्तारण करा सकते है। कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे भी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई ।बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, वैवाहिक वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, वन विभाग के मामले, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान से संबंधित मामले साथ ही साथ भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित वाद एवं वैवाहिक से संबंधित मामलों को चिन्हित करके पक्षकारों को नोटिस भेजा जा रहा है। अंत में डालसा के पीएलवी ने नगड़ी आसपास एवं बाजार क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम कर राहगीरों के बीच पम्पलेट, लिफलेट तथा कानूनी पुस्तिका का वितरण किया तथा निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में पुष्पलता देवी, सुनिता देवी, बरखा देवी, पम्मी देवी, रेणु देवी एवं राजा वर्मा समेत ग्रामीण उपस्थित थे ।

# 400 पार का नारा भूलकर अब हिंदू और मुसलमान कर रहे हैं प्रधानमंत्री : सुप्रियो भट्टाचार्य




**रांची,।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी के झारखंड आगमन और उनके बयानों पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि झारखंड में प्रधानमंत्री मोदी ने तीन चुनावी सभाएं कीं। सभी में एक समान बात दिखाई पड़ी। उन्होंने कहा कि पहले प्रधानमंत्री के भाषण में अबकी बार 400 पार पर अधिक फोकस रहता था। लेकिन दूसरे चरण का लोकसभा चुनाव हो जाने के बाद प्रधानमंत्री 400 पार के नारे का भूल गये हैं और उनका विषय बदल गया है। अब वह आरक्षण और हिंदू-मुसलमान पर अधिक फोकस कर रहे हैं।
भट्टाचार्य शनिवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुसार देश में सभी दलों को मान्यता दी गयी। इसमें साफ-साफ कहा गया कि राजनीतिक दल धर्म, संप्रदाय और जाति से ऊपर उठकर जन कल्याण की बात करेंगे।
लेकिन प्रधानमंत्री आदिवासी और हिंदू- मुस्लिम की बात कर रहे हैं। इनको बांटने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ दिनों पहले जब प्रधानमंत्री मोदी के झारखंड आगमन की सूचना मिली, तो उन्होंने उनसे कुछ सवाल किये थे। निवेदन किया था कि झारखंड आने पर वे इन सवालों के जवाब दें। लेकिन प्रधानमंत्री हमारे सवालों को भूल गये।

# मतदान में भाग लेकर जिम्मेवार नागरिक होने का परिचय दें: उपायुक्त



**खूंटी।** लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने, नैतिक मतदान और निर्वाचन संबंधी जागरूकता संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत शनिवार को तोरपा प्रखंड परिसर में मतदाता महोत्सव का आयोजन किया गया। इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने क्षेत्र का पारंपरिक वाद्य मांदर बजाकर मतदाताओं में ऊर्जा का संचार किया। उपायुक्त ने कहा कि मतदाता जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य वहां के मतदाताओं को जागरूक करना तथा उन्हें निर्वाचन से संबंधित अन्य जानकारी उपलब्ध कराना है। साथ ही युवा मतदाताओं के माध्यम से उनके पैरेंट्स को भी जागरूक करने का प्रयास करना है। इस दौरान मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मतदाता प्रतिज्ञा शपथ, म्यूजिकल चेयर, पेंटिग प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
सभी प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित की। सभी लोगों से लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा आम चुनाव में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की गई। बीकेबी मेमोरियल पब्लिक स्कूल, तोरपा प्रार्चा और प्रसिद्ध लोक गायक लक्ष्मीकांत नारायण बढ़ाईक ने गीत के माध्यम से मतदाताओं से वोटिंग अपील की। बताया गया कि मतदान तिथि 13 मई है। आप सभी को इस महापर्व में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना है।
इस अवसर पर लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत सभी युवा मतदाताओं को जागरूक किया गया। मौके पर सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी और तोरपा के प्रखंड विकास पदाधिकार कुमुद कुमार झाा ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

## राजद ने जारी की झारखंड के 38 स्टार प्रचारकों की सूची

**रांची**

### तेजस्वी, तेजप्रताप, अब्दुल बारी सिद्दीकी और भोला प्रसाद यादव सहित अन्य शामिल

प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने मुख्य चुनाव आयोग से आए झारखंड में 38 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। इसमें सभी जद और इंडी गठबंधन के लिए प्रचार-प्रसार करेंगे।
इनमें बिहार में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी प्रताप यादव, तेज प्रताप यादव, अब्दुल बारी सिद्दीकी, मनोज झा, श्याम रजक, भोला प्रसाद यादव, जयप्रकाश नारायण यादव, उदय नारायण चौधरी, इसराइल मंसूरी, सत्यानंद भोक्ता, संजय कुमार सिंह यादव, गौतम सागर राणा, सुरेश पासवान, संजय प्र यादव, मो. नेहालुद्दीन, स्वीटी सीमा हेंब्रम, अनीता देवी, फैयाज अहमद, श्यानदास सिंह, कैलाश यादव, डॉ. मनोज कुमार, अर्जुन यादव, आबिद अली, मो. कारी सोएब, समता देवी, अभय कुमार सिंह, अनीता यादव, रंजन कुमार यादव, जमरूद्दीन अंसारी, नरेश सिंह, मनोज पांडेय, चंद्रिका यादव, रानी कुमारी, विजय राम, गिरधारी गोप, सुरेश पासवान-देव, लक्ष्मण यादव, घनश्याम चौधरी शामिल है। कैलाश यादव ने शनिवार को बताया कि लिस्ट में शामिल सभी लोगों को मुख्य चुनाव आयोग से आए स्टार प्रचारक का अनुमति कार्ड वितरण कर दिया गया है।

# बसंत लोंगा को झामुमो ने छह साल के लिए पार्टी से निकाला

**रांची।** झामुमो के पूर्व विधायक बसंत लोंगा को पार्टी ने छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। झामुमो ने खूंटी लोकसभा से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप चुनाव लड़ने को लेकर यह कार्रवाई की है। पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने इस संबंध में शनिवार को पत्र जारी किया है। जारी पत्र में कहा गया है कि सिमडेगा जिला समिति की चिट्ठी, मीडिया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से मिली जानकारी के मुताबिक बसंत लोंगा ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल कर गठबंधन धर्म के विरुद्ध कार्य किया है। बसंत लोंगा पर पार्टी कार्यकताओं को भी दिग्भ्रमित करने का आरोप लगा है। विनोद कुमार पांडेय ने लिखा है कि झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के निर्देश पर बसंत लोंगा को पार्टी के सभी पदों से मुक्त करते हुए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से अगले छह साल के लिए निष्कासित किया गया है।
इसके अलावा झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य सिमडेगा राकेश लकड़ा, सेतेंग सामुएल टोपनो और नारायण मांझी के खिलाफ कारण पृच्छा पत्र जारी किया गया है। इन तीनों पर आरोप है कि बसंत लोंगा के पक्ष में प्रचार प्रसार कर पार्टी कार्यकताओं को दिग्भ्रमित किया। झामुमो अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश पर कारण पृच्छा पत्र जारी किया गया है। साथ ही सात दिनों के अंदर अपना पक्ष लिखित रुप से केंद्रीय कार्यालय रांची में रखने को कहा गया है। जवाब नहीं मिलने पर अनुसाशानात्मक कार्रवाई की जायेगी।

# सनातन हिंदू धर्म का अपमान करने वाली विचारधारा के लोगों को जड़ से मिटाना आवश्यक: बिरेन्द्र साहु

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्र सहमंत्री (झारखंड-बिहार) डॉ बिरेन्द्र साहु ने राहुल गांधी के भाषण पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि सनातन हिंदू धर्म का अपमान करने वाली विचारधारा के लोगों को जड़ से मिटाना आवश्यक है। हिंदू समाज जिस द्वारिका नगरी के दर्शन करने मात्र को सौभाग्य समझता है, उस परम आराध्य स्थल का अपमान करना हिंदू समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। लोकतंत्र के इस महापर्व में हिंदू समाज इसका उत्तर अवश्य देगा।डॉ साहू ने शनिवार को हिन्दुस्थान समाचार से बातचीत में कहा कि भगवान पुरुषोत्तम श्री रामजी को काल्पनिक कहने वाले और भगवान श्रीकृष्ण की अपमान करने वाले को इस देश के शासन व्यवस्था में रहने का कोई अधिकार नहीं है। डॉ साहू ने हिंदू समाज से अपील किया है कि भारतीय धार्मिक- सांस्कृतिक संरक्षण, मानबिंदुओं की सुरक्षा, देश की गरिमा और भारतीय सीमा को कड़ी सुरक्षा देने वाले देशभक्ति से ओतप्रोत व्यक्तियों को शतप्रतिशत मतदान करके राष्ट्र को परम वैभवशाली बनाने का कार्य करें। देशद्रोहियों के मतदान जिहाद करने की बात करने वाले लोगों का प्रतिकार करने का समय है। हिंदू समाज सजग होकर देशद्रोहियों के विरुद्ध मतदान अवश्य करे।

# रांची के विकास और महिला सुरक्षा के मुद्दों पर लड़ेंगे चुनाव : यशस्विनी सहाय




**रांची,** । रांची लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार यशस्विनी सहाय ने कहा कि रांची के विकास और महिला सुरक्षा को लेकर वह गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के मुद्दों पर चुनाव लड़ेंगे। रांची के विकास पर बात की जायेगी। सहाय शनिवार को कांग्रेस भवन में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहीं थी।
सहाय ने कहा कि रांची के बने 24 साल होने जा रहे हैं लेकिन राजधानी का उतना विकास नहीं हुआ। कभी इस जगह को औद्योगिक इकाइयों का हब माना जाता था लेकिन अब वो भी धीरे-धीरे बंद होने लगे हैं। इन सभी विषयों को लेकर चुनाव लड़ा जायेगा। रांची के विकास के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच के गैप को भरने की जरूरत है। यदि जनता ने मुझे मौका दिया तो इस गैप को भरने का काम करूंगी और रांची की बेहतरी के लिए काम किया करूंगी।
सहाय ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत की गिरफ्तारी से जुड़े सवाल के जबाब में कहा कि हेमंत सोरेन की गिरफ़्तारी गलत है या सही यह कानून तय करेगा। यह मामला कोर्ट में अंडर ट्रायल चल रहा है और जिस तरीके से सेंट्रल जांच एजेंसियों पर सवाल उठ रहे उस पर हमें ध्यान देने की जरूरत है।
सहाय ने एक सवाल के जवाब में कहा कि यूनिफार्म सिविल कोड (यूसीसी) अभी तक देश में मौलिक अधिकार नहीं बना है। देश में अलग-अलग तरह के लोग रहते हैं, उसे देखकर हमें आगे का निर्णय लेना चाहिए। पेपर लीक के मामले हो रहे हैं।

# जेबीकेएसएस के उम्मीदवार देवेंद्रनाथ महतो गिरफ्तार

**रांची,** । रांची लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल करने पहुंचे झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के उम्मीदवार देवेंद्रनाथ महतो को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया है। देवेंद्रनाथ महतो को पुलिस ने शनिवार को रांची समाहरणालय से गिरफ्तार किया है । रांची में विधानसभा घेराव मामले में पुलिस ने देवेंद्रनाथ को गिरफ्तार किया है। विधानसभा घेराव मामले में नगड़ी थाना केस संख्या 48/22 में दर्ज हुआ था। इस मामले में देवेंद्रनाथ महतो सहित कई अन्य के खिलाफ वारंट जारी हुआ था।देवेंद्र महतो गुपचुप तरीके से आदिवासी पारंपरिक पोशाक पहनकर समाहरणालय पहुंचे थे। इस दौरान पहले से ही इंतजार कर रही पुलिस की नजर देवेन्द्र पर पड़ी और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि देवेंद्र नाथ महतो का नामांकन दाखिल करने पहुंचे थे लेकिन नामांकन से पहले ही पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

## सार-संक्षेप

### ट्रेन से कट कर एक महिला की मृत्यु

**पिस्का नगड़ी।** नगड़ी थाना क्षेत्र के नगड़ी-नारो महतो टोली के समीप ट्रेन से कट कर एक महिला की मृत्यु हो गई ।घटना दोपहर लगभग 2.30 बजे की है। स्थानीय लोगो ने इसकी सूचना नगड़ी थाना और रेलवे पुलिस को दी। सूचना मिलते ही नगड़ी पुलिस तुरंत घटना स्थल पर पहुँच गई। ट्रेन से कटने की सूचना पर आसपास के सैकड़ो ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंच गये। शव के पास एक महिला बैग था जिसमें एक आधार कार्ड था जिसपर पार्वती कुमारी का नाम दर्ज था पता में गाँव बेड़ो लिखा था। बेड़ो के लोगों से संपर्क करने पर पता चला कि मृतक बेड़ो पूर्वी की ज़िला परिषद सदस्य पार्वती कुमारी उर्फ. पार्वती देवी है।
सूचना मिलते ही नगड़ी जिला परिषद सदस्य पूनम देवी, लापुंग जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो, मुखिया नीरज कुजूर, जतरु उरांव, सुखदेव कच्छप भाई दिनेश भगत, पति जगरनाथ भगत तारा लकड़ा, नवीन मिंज, बजरंग महतो, शनि उरांव, साजन मुंडा, बुदा उरांव, रवि सहित कई लोग घटना स्थल पहुंचे।
पार्वती देवी के पति जगरनाथ भगत भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य और जन जाति मोर्चा के जिला संयोजक है, बेटी दीपिका भगत नगड़ी के प्रेम नगर स्थित श्री राम बीएड कॉलेज से बीएड कर रही है।
नगड़ी पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

### रांची संसदीय क्षेत्र से सात उम्मीदवारों ने किया नामांकन

**रांची।** रांची संसदीय क्षेत्र के लिए अधिसूचना जारी होने के छठे दिन शनिवार को सात उम्मीदवारों ने नामांकन किया। समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित निवार्ची पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा के कार्यालय में अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन दाखिल किया गया।
नामांकन दाखिल करने वाले उम्मीदवारों में अबुआ झारखंड पार्टी से बिरेंद्र नाथ मांझी, भारतीय जनतंत्र मोर्चा से धर्मेंद्र तिवारी, राष्ट्रीय जनसंघर्ष स्वराज पार्टी निपु सिंह, निर्दलीय से देवेंद्र नाथ महतो, सम्पूर्ण भारत क्रांति पार्टी से प्रवीण कच्छप, निर्दलीय से कामेश्वर प्रसाद साव और एकल सनातन भारत दल से सर्वेश्वरी साहू शामिल है। निर्दलीय उम्मीदवार देवेंद्र नाथ महतो का नामांकन उनके प्रस्तावकों की ओर से दाखिल किया गया। अब तक कुल 17 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है।

### खूंटी जिले में 10 मई तक होगी होम वोटिंग

**खूंटी।** होम वोटिंग कराने के लिए प्रतिनियुक्त मतदानकर्मियों, माइक्रो आब्जर्वर, बीएलओ, सेक्टर ऑफिसर और पुलिस पदाधिकारी द्वारा शनिवार को चिह्नित मतदाताओं के घर पहुंचकर होम वोटिंग कराई। यहां होम वोटिंग का प्रथम चरण तन से सात मई द्वितीय चरण के लिए नौ और 10 मई तक चलेगा।
पोस्टल बैलेट अब्सेंटी वोटर सीनियर सिटीजन और अब्सेंटी वोटर पर्सन विथ डिसेबिलिटी के मतदान के लिए गठित प्रखण्डवार पोलिंग टीम पहुंची। इस दौरान मतदाता को मतदान कराने की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी गई। होम वोटिंग कराने की प्रक्रिया एवं विविध प्रपत्रों के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गईं। साथ ही पूर्ण दिशा निदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए होम वोटिंग की प्रक्रिया संपन्न की जा रही है। पूर्व मे कराये गये सर्वे के आधार पर 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांग मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की व्यवस्था की गई है।
बुजुर्ग और दिव्यांग वोटरों को घर पर ही डाक मतपत्र उपलब्ध कराया जाता है। यहां अपना वे अपने पसंद के उम्मीदवार को वोट दे सकते हैं। इस दौरान चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए चुनाव अधिकारी की टीम, एक वीडियोग्राफर और पुलिस भी मौजूद रहती हैं।

### भाजपा के संगठन महामंत्री और राज्यसभा सांसद ने किया जनसंपर्क

**खूंटी।** भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकताओं ने शनिवार को खूंटी के डाक बंगला रोड, सब्जी मार्केट, लोबिन बगान में घर-घर संपर्क किया और भाजपा के पक्ष में मतदान करने और तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने की अपील की।
कार्यकताओं ने विभिन्न गली-मुहल्लों में सबका साथ, सबका विकास अबकी बार मोदी सरकार, खूंटी सांसद कैसा हो अर्जुन मुंडा जैसा हो आदि के नारे लगा रहे थे। लोगों का मनोबल बढ़ाने के लिए संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू, विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, अनूप साहू सहित कई कार्यकताओं ने जनसंपर्क अभियान में भाग लिया।

### रांची लोस सीट के लिए 32 उम्मीदवारों ने खरीदा नामांकन पत्र

**रांची।** रांची संसदीय क्षेत्र के लिए नामांकन पत्र (नाम-निर्देशन पत्र) खरीदने वाले उम्मीदवारों की कुल संख्या 32 हो गयी है। अधिसूचना जारी होने के छठे दिन शनिवार को दो उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र खरीदे। नामांकन करने वालों में निर्दलीय से रामकेश्वर प्रजापति और निर्दलीय से संजय कुमार महतो शामिल हैं।

### राहुल गांधी का देश के प्रधानमंत्री के लिए सड़क छाप भाषा का प्रयोग निंदनीय : रंगनाथ महतो

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत सहमंत्री रंगनाथ महतो ने कहा कि राहुल गांधी अपनी मानसिक दिवालियापन का हर समय देश की जनता के सामने परिचय देते रहते हैं। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए सड़क छाप व्यक्ति की तरह भाषा का प्रयोग करते हुए कहा कि मोदी समुद्र के अंदर पानी में डर गया था। उसका चेहरा देखो डरा हुआ लगेगा। राहुल के इस बयान की जितनी निंदा की जाए कम है।
महतो ने शनिवार को हिन्दुस्थान समाचार से बातचीत में कहा कि राहुल गांधी को अपना संसदीय क्षेत्र बचाने के लिए वहां की जनता का हृदय जीतने के लिए कार्य करना चाहिए। कांग्रेस को अपना विजन जनता के सामने प्रस्तुत करना चाहिए न कि केवल हिंदू मान बिंदुओं, हिंदू सभ्यता, हिंदू संस्कृति का माखौल उड़ाने से या केवल मलेच्छों को खुश करने से ही वायनाड और रायबरेली सीट आ जाएगी?
महतो ने कहा कि कांग्रेसियों के पास अब केवल एक ही मुद्दा रह गया है मोदी हटाओ और मोदी हटाने के लिए इन्हें राष्ट्र विरोधियों से भी गलबहियां लगने से कोई गुरेज नहीं लेकिन जनता अब समझ चुकी है कि क्यों आतंकवादियों की और कांग्रेस की भाषा एक होती है। राहुल गांधी आज जनता को जिस संविधान को बचाने का डर दिखला रही है, उसे कांग्रेस ने और राहुल गांधी के पुरखों ने जब चाहा जैसे चाहा बदल चुका है। इसलिए उनका यह बयान हास्यास्पद है।

### राजेश कोड़ा की अग्रिम जमानत याचिका पर अगली सुनवाई आठ को

**रांची,।** अपर न्याययुक्त पीके शर्मा की अदालत में आयकर रिटर्न नहीं भरने के एक मामले में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के भाई राजेश कोड़ा की अग्रिम जमानत याचिका पर शनिवार को सुनवाई हुई। अदालत ने मामले में सुनवाई के लिए अगली तिथि आठ मई निर्धारित की है। इससे पहले इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की गयी थी।

# लोक सभा चुनाव को लेकर क्षेत्र मे चुनाव प्रचार हुआ तेज



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**पदमा।** नामांकन करते ही प्रत्याशी व समर्थकों की गति पदमा प्रखंड मे तेज हो गया है। लोक सभा चुनाव में जहां प्रत्याशी अपने प्रचार प्रसार में दिन रात मेहनत कर रहे है, वहीं दूसरी और प्रत्याशियों के समर्थक भी चुनावों में अहम भूमिका निभाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। इतना ही नहीं समर्थक अपने भावी उम्मीदवार की हार का नाम सुनना तक पसंद नहीं करते और कई स्थानों पर बहस के बाद मनमोटाव देखी जा सकती है। जैसे-जैसे चुनाव की तिथि नजदीक आ रही है।वैसे-वैसे प्रत्याशियों में आपस में वाक युद्ध तेज हो रहा है। लोक सभा चुनाव को लेकर प्रत्याशियों के दावेदारों के समर्थकों ने दिन-रात एक कर अपने दावेदार की जीत के लिए सभी नीतियां शुरू कर दी हैं। दावेदार इस समय शाम, दाम, दंड, भेद की नीति अपना कर अपनी जीत पक्की करने की जुगत लगा रहे हैं और जिसमें उनके समर्थक भी जी जान से जुट हुए हैं। प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ मतदाताओं से मिल कर समर्थन करने और अपने पक्ष मे वोट मांग रहे है। साथ ही प्रत्याशी घर-घर जाकर बुजुर्गो के पैर छू कर जीत का आशीर्वाद ले रहे है.प्रत्याशी हर तरह के प्रयासों में जुटे हुए है।

## हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी संजय कुमार मेहता का नामांकन हुआ स्वीकृत

**रामगढ़ के गोला प्रखंड में चलाया गया जनसंपर्क अभियान, झारखंड को बचाने के लड़ाई में साथ दीजिए : संजय मेहता**



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। जेबीकेएसएस समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी संजय कुमार मेहता ने हजारीबाग लोकसभा से अपना नामांकन पर्चा भरा है। शनिवार को स्क्रूटनी में संजय द्वारा भरे गए 4 सेट में सभी पत्र निर्वाचन कार्यालय हजारीबाग द्वारा स्वीकृत कर लिया गया है। स्थानीयता, विस्थापन, पुनर्वास सहित झारखंडी मुद्दों पर मुखरता से आवाज बुलंद करने वाले संजय इस चुनावी मैदान में मजबूती के साथ आगे बढ़ रहे हैं। वो लगातार क्षेत्र में जनसंपर्क कर लोगों से मिल रहे हैं। शुक्रवार और शनिवार को उन्होंने लोकसभा क्षेत्र के गोला प्रखंड में दर्जनों गांव पंचायत का दौरा कर लोगों का आशीर्वाद लिया। क्षेत्रवासियों के लिए संजय का संघर्ष हजारीबाग सहित पूरे झारखंड में अलग संदेश दिया है। युवा, महिलाएं और आम जनमानस में उत्साह चरम पर है। प्रत्याशी संजय कुमार मेहता ने कहा है कि झारखंड की राजनीति में जो राजनीतिक परिपाटी चल रही है उसमें बदलाव जरूरी है। किसान, मजदूर और गरीब का बेटा - बेटी में नेतृत्व की बागडोर देने का वक्त आ गया है। इस बार जेबीकेएसएस के जितने भी साथी चुनावी मैदान में है। सबका साथ दीजिए। आशीर्वाद देकर संसद भवन भेजिए। तभी आपके हक और अधिकारों की बाद संसद भवन में गूंजेगी। स्थानीयता और झारखंडी मुद्दों की आवाज बुलंद होगी। संजय ने कहा है कि झारखंड को बचाने की इस लड़ाई में सबका सहयोग जरूरी है। संघर्ष करते हुए हम सभी आगे बढ़ रहे हैं। इस बार जनता को जागरूक होकर मतदान करना है। बदलाव की गाथा लिखना है।

## अचीवर्स क्लासेस जूनियर विंग में अब पढ़ाई कक्षा 6 से ही शुरू



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**एनसीईआरटी को विस्तार से समझाने के बाद आईआईटी-जेईई, नीट, यूपीएससी को ध्यान में रखकर विद्यार्थियों को तराशा जाएगा। निदेशक अजय ठाकुर एवं अरविंद ठाकुर**

**हजारीबाग।** कालीबाड़ी रोड स्थित अचीवर्स क्लासेस में अब फाउंडेशन आईआईटी, फाउंडेशन नीट एवं फाउंडेशन यूपीएससी के लिए अब कक्षा 6 से ही तैयारी कराई जा रही है। अचीवर्स के निदेशक अजय ठाकुर एवं अरविंद ठाकुर ने बताया की एनसीईआरटी को विस्तार से समझाने के बाद आईआईटी- जेईई, नीट, यूपीएससी को ध्यान में रखकर विद्यार्थियों को तराशा जाएगा यह बिल्कुल अत्याधुनिक तरीके से पढ़ाया जाएगा ताकि विद्यार्थियों पर बिना प्रेशर के पढ़ाई स्तर को धीरे-धीरे बढ़ाया जा सके ताकि आईआईटी-जेईई,नीट एवं यूपीएससी की परीक्षा में बेहतर रैंक लाने में मददगार साबित हो निदेशक ने बताया कि इसके लिए एक स्कॉलरशिप टेस्ट होने जा रहा है जो उन सभी छात्र-छात्राओं के लिए होगा जो कक्षा पांचवी से छठी में जाएगी तथा सातवीं, आठवीं, नवमी और दसवीं में जाएगी उन सभी विद्यार्थियों के लिए दिनांक 8 मई बुधवार को दिन के 4 से 5 बजे तक एक घंटा की परीक्षा होगी। रिजल्ट 9 मई को दिया जाएगा और बैच 10 मई शुक्रवार से प्रारंभ होगी। जिसका फार्म अभी भराया जा रहा है उसमें सभी छात्र छात्राएं शामिल हो सकते हैं निदेशक ने बताया स्कॉलरशिप ट्यूशन फी का 100% तक मिल सकता है प्रश्न ऑब्जेक्टिव होंगे जो एनसीईआरटी पर आधारित होगी। सफलता के शीर्ष पर पहुंचने के लिए कोई शॉर्टकट नहीं हो सकता जितना पहले से कंपटीशन लेवल की स्मार्ट तरीके के साथ तैयारी शुरू करते हैं उतना ही बेहतर रिजल्ट होने की संभावना रहती है साथ ही निदेशक ने बताया कि जेईई एवं नीट के लिए 11वीं,12वीं एवं ड्रॉपर के लिए नामांकन जारी है।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वीप कार्यक्रम को लेकर बीडीओ ने प्रज्ञा केंद्र संचालक संग किया बैठक

**बरही।** लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करवाने को लेकर बीडीओ ने प्रखंड के प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ बैठक किया। जिसमे जीपीएस सवाना मांझी मौजूद रहे। बीडीओ ने बताया कि राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के वीसी व जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निदेर्शानुसार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में प्रखंड के सभी वी एल ई को सक्रिय भूमिका निभानी है। केंद्र पर आने वाले प्रत्येक योग्य मतदाताओं को देश के इस महापर्व में अधिकतम संख्या में भाग लेने के लिए प्रेरित करना है। इसके लिए लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाकर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करना है। इसके लिए सभी वीएलई को प्रतिदिन मतदाताओं संग एक्टिविटी करनी है। जिसके तहत अपने क्षेत्र या आने वाले मतदाताओं को शपथ दिलाना, रैली, नुक्कड़ सभा या अन्य किसी भीं प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम से मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करना है। उन्होंने यह भी बताया कि सात मई को आई एम इलेक्शन एंबेसडर जैसे विशेष हैश टैग अभियान का हिस्सा भी बनना है। साथ ही मतदाताओं के बीच किए गए जागरूकता कार्यक्रम के तस्वीर को सोशल मीडिया पर संध्या 6 से 7 बजे के बीच मुख्य चुनाव आयुक्त, जिला निर्वाचन पदाधिकारी के साथ हैश टैग कर अपलोड भी करना है. बैठक में सभी वीलई को पोस्टर, प्रतिज्ञान पत्र आदि भी दिए गए। बैठक में कोनरा पंचायत के वीएलई जयदीप कुमार सिन्हा, बरही वेस्ट के मोती सिंह, बरही ईस्ट के चंदन कुमार, करसो के प्रभात कुमार सिंह, खोड़ाहर के रंजीत कुमार, बेंदगी के दिलीप रजक, रसोईया धमना के नितेश कुमार, गौरियाकरमा के मो नईम अंसारी, कोल्हूआकला के चंदन कुमार, रामीचुआ के रंजीत कुमार, करियातपुर के गणेश यादव और दुलमहा के उमेश प्रसाद शामिल हुए।

### पेयजल को लेकर मचा हाहाकार, प्रमुख ने टैंकर से कराया जलापूर्ति



बरही। गर्मी प्रारंभ होते ही प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में पेयजल को लेकर हाहाकार मच चुका है। शनिवार को बरही पूर्वी व पश्चिमी पंचायत के विभिन्न मुहल्ले में ऐसा ही नजारा देखने को मिला। स्थानीय लोग पानी व्यवस्था को लेकर परेशान रहे। प्रमुख मनोज रजक, उपप्रमुख व बरही पश्चिमी पंसस जीतू ठाकुर के प्रयास से धोबी टोला, तेली टोला में टैंकर से पेयजल उपलब्ध करवाया गया। जिसे लेने के लिए महिलाओ की भीड़ लग गई। स्थानीय पंचायत समिति सदस्य श्री ठाकुर ने बताया कि बढ़ते गर्मी के कारण जलस्तर काफी नीचे चला गया है। मुहल्ले के लगभग जलस्रोत सुख चुके हैं। कमोबेश यही स्थिति प्रखंड के कई पंचायत में देखने को मिल रही है।

# जय प्रकाश भाई पटेल का टाटीझरिया क्षेत्र में तूफानी जनसंपर्क, दर्जनों पंचायत का दौरा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**धंधेबाजों को सिर्फ धंधा करने वाली भाजपा ही टिकेट दे सकती है: जेपी भाई पटेल**

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल लगातार पंचायतों और प्रखंडों का दौरा कर जनसंपर्क करने में लगे हुए हैं. इस क्रम में शनिवार को उन्होंने टाटीझरिया प्रखंड का दौरा किया. दर्जन से अधिक पंचायतों का भ्रमण कर कांग्रेस के पक्ष में हाथ छाप पर वोट डालने की अपील की. इस दौरान ग्रामीणों ने भी उन्हें गले लगा और सर पर हाथ फेर समर्थन दिया और कांग्रेस को भारी मतों से जिताने का भरोसा दिलाया. सांसद प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल का जगह-जगह कार्यकताओं एवं ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया जा रहा था. कांग्रेस, झामुमो, आप और लेफ्ट पार्टी के सैंकड़ो कार्यकर्ता उनके साथ चल रहे थे. जेपी भाई पटेल का जोश दोपहर की भारी गर्मी में भी कम नहीं हुआ. इसके इतर गाँव वालों उनसे अधिक जोश दिखाई दिया. वह जहाँ कहीं भी गए, बड़े गर्मजोशी के स्वागत कर स्नेहपूर्ण उन्हें सुना गया। जनसंपर्क के दौरान उपस्थित लोगों के नाम सुरेंद्र प्रसाद यादव ,शिबू प्रसाद सोनी, बोधी महतो, अरुण कुमार रजक, शंकर राय, योधि प्रसाद यादव, अर्जुन राणा, अनिल कुमार राय, जय कुमार महतो, जलेसर महतो, मुबारक अंसारी, जगदीश यादव, लक्ष्मण यादव, सरफुद्दीन अंसारी, गौतम कुशवाहा आदि उपस्थित थे।



### धंधेबाजों पर है खतरे की घंटी, विकसित होगा देश यह है कांग्रेस की गारंटी : जेपी भाई पटेल

**हजारीबाग।** जनसंपर्क के दौरान जेपी भाई पटेल ने कांग्रेस के न्यायपत्र से लोगों को रूबरू करवाते हुए कहा कि, कांग्रेस देश के हर वर्ग को ध्यान में रख कर विकास कार्य करने में विशवास रखती है. इसलिए हमने युवा, महिला, पिछड़ा, किसान, मजदूर सभी के लिए न्यायपत्र में न्याय देने की बात कही है. उन्होंने भाजपा प्रत्याशी पर भी जोरदार हमला बोला. कहा, भाजपा प्रत्याशी व्यवसायी है. सिर्फ धंधा करना जानते हैं. शराब, बालू, कोयला का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सभी व्यवसाय में वो खुद को ऊपर देखना चाहते हैं. कहा पैसे के बल पर उन्होंने टिकट भी खरीदने का काम किया है. उनकी शराब की कंपनी के नाम से चार करोड़ रुपए के इलेक्टोरल बांड के माध्यम से भाजपा को दिया गया है जिसके बाद भाजपा ने उन्हें टिकट दे दिया. धंधेबाजों को सिर्फ धंधा करने वाली भाजपा ही टिकेट दे सकती है.

## मिशन होस्पिटल एवं डेंटल कॉलेज द्वारा चिश्तिया में लगाया गया निः शुल्क मेडिकल चेकअप कैंप



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

- **अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 244 जरूरतमंद मरीजों का किया उपचार, उत्तम स्वास्थ्य का दिया परामर्श**
- **शिविर में बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त : डॉ.प्रवीण**

**हजारीबाग।** श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के सहयोग द्वारा संचालित संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल एवं हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल द्वारा शहर के चिश्तिया मोहल्ला अजमेरी मस्जिद के समीप निशुल्क मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। मेडिकल चेकअप कैंप समाजसेवी बाबर कुरैशी एवं मोहम्मद आरिफ के संयुक्त पहल पर लगाया गया। कैंप में सामान्य स्वास्थ्य का जांच, दांत का जांच, आंख का जांच, बीपी का जांच एवं ब्लड का जांच के साथ अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा उपचार किया गया। जिसमें मेडिकल एंव आंख का चेकअप 174 जरूरतमंद एवं मरीजों को हुआ। डेंटल का चेकअप 70 जरूरतमंद एवं मरीजों को हुआ। इसमें कुल 244 जरूरतमंद एवं मरीजों को उपचार कर चिकित्सकों के द्वारा उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श दिया गया।

## वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन ने लगाया रक्तदान शिविर

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**हजारीबाग।** 3 मई को वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन ने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं रक्त की कमी से पीड़ित व्यक्तियों के लिए लगाया रक्तदान शिविर । शिविर का उद्घाटन एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन द्वारा किया गया शिविर का शुभारंभ नितेश कुमार सोनी जो नियमित रक्तदाता है के द्वारा रक्तदान करके किया गया तत्पश्चात रोहित कुमार,जितेंद्र साहू,अजय, साहब, अमित कुमार प्रसाद, रंजीत कुमार मेहता, अनीश कुमार, विशाल कुमार तिवारी, गोविंद कुमार आर्य, आशीष कुमार, नीतेश कुमार और रोशन कसेरा आदि अनेक रक्तदाताओं ने रक्तदान कर के मानवता का परिचय दिया रक्तदान के पश्चात वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने समस्त रक्त दाताओं के उज्जवल भविष्य कि कामना करते हुए उनके इस नेक कार्य के लिए बहुत-बहुत साधुवाद किया साथ ही रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया रक्तदाताओं को आने वाले लोकसभा के चुनाव में मतदान करने के लिए भी उत्प्रेरित किया गया शिविर को सफल बनाने में वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन मेडिकल कॉलेज के टेक्नीशियन आर खैरी, मुकीम अख्तर, मुरली प्रजापति, शमशाद हुसैन, शीला कुमारी, मधु कुमारी, निहाल राज का विशेष सहयोग रहा ।

## बरही के अतिक्रमण ने ली एक नाबालिग बालक की जान, कंटेनर की चपेट में आने से बालक की मौत

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**सड़क के किनारे नही है कोई पार्किंग की व्यवस्था, पार्किंग नही रहने से परस्पर लगता है जाम**



**बरही।** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत गया रोड स्थित एक्सिस बैंक के समीप शुक्रवार रात्रि लगभग 9 बजे सड़क दुर्घटना में एक नाबालिग बालक की मौत हो गई। वही पुलिस एवं प्रशासन के बेहतर विधि व्यवस्था के वायदों को खोखला साबित कर दिया। मृतक बालक 12 वर्षीय समर निषाद पिता शिवा निषाद कुछ सामान लाने अपने घर से बाहर निकला तो अर्टिगा वाहन संख्या जेएच 01 डीक्यू 3076 के पास से गुजर रहा था इसी दरम्यान उक्त वाहन के चालक कुछ देखे बगैर अपने कार का दरवाजा खोल दिया। जिससे टकराकर बालक समर कुमार रोड पर जा गिरा। जिसके बाद बरही चौक की तरफ से आ रहे एक कंटेनर गाड़ी ने बालक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बालक गंभीर रूप से घायल हो गया, बालक को आनन फानन में अनुममंडलीय अस्पताल बरही लाया गया, जहां डॉक्टरो द्वारा बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान बालक की मृत्यु हो गई। घटना के बाद गुस्साए भीड़ ने शासन प्रशासन पर आरोप प्रत्यारोप लगाने लगे।

# पार्टी गतिविधियों से कई भाजपाई नाराज, उपेक्षित महसूश कर रहे हैं पुराने कार्यकर्ता

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता/ भास्कर दुबे




### पुराने और समर्पित में है फर्क, कुछ पुराने जरूर लेकिन समर्पित नहीं

**विष्णुगढ़।** हजारीबाग लोकसभा चुनाव 2024 के संबंध में पार्टियों के अंदर बदलते समीकरण को देखना बेहद दिलचस्प होता जा रहा है। कोई किसी का दामन छोड़ रहा है तो कोई किसी का दामन थाम रहा है। इसी बीच जिला स्तरीय भाजपा से कुछ पुराने कार्यकर्ता जो की यशवंत सिन्हा के काफी करीबी माने जाते हैं उनके द्वारा पार्टी को बांटने की अटकलें लगाई जा रही हैं। इसी क्रम में विष्णुगढ़ प्रखंड स्तरीय भाजपा में भी विरोधाभास दिखाई दे रहा है लेकिन इस विरोधाभास की असल मनसा क्या है इस पर मुहर लगाना अभी जल्दबाजी होगी। कुछ पुराने कार्यकर्ताओं द्वारा एक बैठक कर पार्टी के तरफ से वर्तमान मंडल अध्यक्ष द्वारा लोकसभा चुनाव से संबंधित तमाम कार्यक्रमों में उपेक्षित महसूस किए जाने की बात कही गई तथा निर्णय लिया गया की पुराने कार्यकर्ताओं की एक समिति बनाई जाएगी, भाजपा हजारीबाग लोकसभा चुनाव प्रभारी के समक्ष बात रखी जायेगी एवम यदि तीन दिनों के अंदर कोई निर्णय नहीं लिया गया तो सभी कार्यकर्ता अपने निर्णय हेतु स्वतंत्र होंगे। देखा जाए तो पूर्व में मार्च के माह में उज्ज्वल दुनिया द्वारा प्रखंड के लंबे समय से उपेक्षा का दंश झेल रहे समर्पित कार्यकर्ताओं को लेकर खबर प्रकाशित की गई थी लेकिन कहीं कोई सुगबुगाहट नजर नहीं आई किंतु चुनाव के वक्त यह स्थिति उत्पन्न होने पर प्रश्नचिन्ह लगना जायज है। क्योंकि पुराने एवम समर्पित कार्यकर्ता कहे जाने वालों में कुछ पुराने तो जरूर हैं लेकिन समर्पित नहीं अर्थात पूर्व में भी कुमार महेश सिंह के मांडू विधानसभा से निर्दलीय चुनाव लड़ने के दौरान इनके द्वारा बागी तेवर अपनाए गए हैं तो वैसे कार्यकताओं को पार्टी समर्पित कहना बेईमानी होगी। बहरहाल रोज नए समीकरण बनते और बिगड़ते दिखाई दे रहे हैं और इसमें कोई दो राय नहीं है की यशवंत सिन्हा के द्वारा इस चुनाव में इंडी गठबंधन प्रत्याशी को समर्थन देने के बाद अंदर ही अंदर भाजपा को बंटाधार करने की कोशिश की जा रही है। हालांकि सही मायने में उपेक्षा का दंश झेल रहे समर्पित कार्यकताओं पर पार्टी को विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

## मृतक के पिता का आरोप पुलिस की प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने लगाई है, फांसी

**बड़ा बाजार थाना प्रभारी ने लगे सभी आरोपों को बताया निराधार**

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग मृतक के पिता नारायण पासवान ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस प्रताड़ना से तंग आकर उनका पुत्र आत्महत्या कर लिया है। शहर के बड़ा बाजार ओपी क्षेत्र के सिरका मोहल्ला निवासी मृतक के पिता नारायण पासवान ने इस संबंध में एक लिखित आवेदन दिया है। मृतक की जेब से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें उसने अपने परिवार की उसकी मौत में संलिप्तता नहीं होने की बात कही है। आवेदन के अनुसार शुक्रवार की सुबह 6:30 बजे बड़ा बाजार ओपी की पुलिस भोला पासवान को पकड़कर थाना ले गई। भोला पासवान के ऊपर बाइक के ऊपर रखे मोबाइल को उठाने का आरोप था। भोला पासवान ने सुबह 7:30 बजे ही मोबाइल फोन जमा कर दिया था। इसके बावजूद उसे शाम 7:30 बजे तक हथकड़ी लगाकर रखा गया। इस घटना से काफी आहत होकर और अपमान का अनुभव करते हुए उसने फांसी लगाने का निर्णय लिया। इस संबंध में बड़ा बाजार थाना प्रभारी बिट्टू रजक ने बताया कि जब तक शिकायतकर्ता अपनी शिकायत वापस नहीं ले लेता, तब तक वे उसे जेल भेजने के पक्ष में रहेंगे, ऐसे में उसकी रिहाई कैसे होगी शिकायतकर्ता द्वारा अपनी शिकायत वापस लेने के बाद ही आरोपी को रिहा किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रोजेक्ट इनफैक्ट डाइट टीम हजारीबाग ने कस्तूरबा विद्यालय का किया अनुश्रवण



**बड़कागांव।** प्रोजेक्ट इंपैक्ट के विद्यालय स्तर पर शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट हजारीबाग के संकाय सदस्य रंजीत वर्मा एवं महेंद्र गुप्ता द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बड़कागांव का अनुश्रवण किया गया। अनुश्रवण के तहत प्रोजेक्ट इनफैक्ट के मापदंडों पर विद्यालय के सभी शिक्षकों के साथ एक बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसके अलावे जिम्मेवारी पंजी, बाल संसद का गठन, हाउस निर्माण, नोटिस बोर्ड परिसर की साफ सफाई, लाइब्रेरी, जिम, विज्ञान प्रयोगशाला, दीवार लेखन जैसे अन्य महत्वपूर्ण मापदंडों का भौतिक निरीक्षण किया गया। साथ ही पूर्व में राज्य निरीक्षण टीम द्वारा दिए गए निदेर्शों का अवलोकन कर शेष कार्य को अति शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दी गई। टीम के सदस्यों ने विद्यालय में किए गए कार्य को सराहते हुए छात्रों द्वारा बनाये गये दीवार पेंटिंग से काफी प्रभावित हुए। छात्रों की प्रतिभा को निखारने के लिए विद्यालय प्रबंधन को शुभकामना देते हुए प्रोत्साहित किया गया। टीम को भरोसा दिलाते हुए वार्डेन लीलावती कुमारी ने कहा कि जल्द ही विद्यालय इंपैक्ट के सभी मापदंड विद्यालय स्तर पर पूर्ण कर लिया जाएगा। मौके पर लेखापाल सोनी मेहता, पूर्ण कालिक शिक्षिका किरण कुमारी, अंशकालिक शिक्षक एवं शिक्षिकाएं प्रमोद कुमार कुशवाहा, चिंतामणि महतो, सीताराम महतो, रूबी कुमारी, संगीता कुमारी, विनीता कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिश्रामपुर के अष्टम वर्ग के छात्रों के बीच साइकिल वितरण



**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत नयाटांड पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिश्रामपुर मे प्रभारी प्रधानाध्यापक अवधेश कुमार एवं विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष उमेश कुमार राम की अध्यक्षता में शनिवार को सत्र 2023/ 24 में अध्यनरत वर्ग अष्टम की कुल 47 छात्र /छात्राओं के बीच झारखंड सरकार के कल्याण विभाग द्वारा प्राप्त साइकिल का वितरण किया गया। साइकिल मिलने से बच्चों में काफी खुशी देखी जा रही थी। प्रभारी प्रधानाध्यापक ने कहा छात्र एवं छात्राओं को हाई स्कूल की पढ़ाई के लिए आने जाने में परेशानी ना हो इसके लिए सरकार के द्वारा साइकिल की सुविधा दी जा रही है, ताकि बच्चें आगे की शिक्षा ग्रहण कर सके। अब छात्र–छात्राएं साइकिल के सहारे हाई स्कूल की शिक्षा प्राप्त करने जा सकेंगी। मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अवधेश कुमार, प्रबंधन समिति अध्यक्ष उमेश कुमार राम, सहायक अध्यापक अनोज कुमार गोप, योगेश्वर प्रसाद, सहायक अध्यापिका बेबी देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# प्रतापपुर सीओ पर हमला, बाल-बाल बचे

## सीओ के सरकारी गाड़ी को बनाया ग्रामीणों ने निशाना किया क्षतिग्रस्त

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**चतरा।** चतरा जिले के प्रतापपुर प्रखंड के सीओ पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। दरअसल सीओ टंडवा पंचायत के दोमुहान टोला शंकरपुर में एक भूदान में मिले जमीन विवाद को निपटारा करने गए थे। सीओ नित्यानंद दास पर शुक्रवार शाम लगभग सात बजे गांव के ग्रामीणों ने इंट पत्थर से हमला कर दिया। जिससे सीओ और चालक तथा अन्य कर्मी बाल बाल बच गए हैं। सीओ की सरकारी वाहन मामूली रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है। सीओ नित्यानंद दास ने बताया कि टंडवा पंचायत अंतर्गत दोमुहान टोला शंकरपुर में खाता नंबर 116 पलौट 683/22 रकबा एक एकड़ जमीन पर गांव के कुछ ग्रामीणों के द्वारा बाजबरन कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है।इस मामले में अंचल कार्यालय के द्वारा दुतिय पक्ष को तीन बार नोटिस भेजा गया है परंतु समय पर उपस्थित नहीं हो रहा था इसी मामले को लेकर शुक्रवार को शाम सात बजे दोमुहान गांव गया हुआ था जहां पहले से जिसका जमीन है और जो शिकायत कर्ता राम किशुन भारती को विरोधी पार्टी पेड़ में बांध कर पीटाई किया जा रहा था जिससे वह जख्मी हो गया है मामले को लेकर हमलोगों द्वारा मना करने पर गांव वाले नशे की हालत में हम लोगों पर ही हमला बोल दिया जिससे हमलोग बाल बाल बचे हैं। जबकि हमारी सरकारी गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गया है। प्रतापपुर थाना के सब इंस्पेक्टर कासिम अंसारी ने बताएं कि घटना की जानकारी मिलते ही घटना स्थल पहुंचे और मामले को शांत कराते हुए जख्मी किशुन भारती को उठा कर समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है जहां डॉक्टरों के द्वारा उसका इलाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच पड़ताल करने के बाद आगे की कारवाई किया जाएगा।



## विभाावि के परीक्षा नियंत्रक से मिला छात्र प्रतिनिधि मंडल

# स्पेशल जेनेरिक पेपर की परीक्षा मे हुई त्रुटि में सुधार कर एक सप्ताह मे प्रकाशित होगा रिजल्ट

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**हजारीबाग।** शुक्रवार को एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अभिषेक राज के नेतृत्व में विनोबा भावे विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक से एक प्रतिनिधि मंडल मिला और महत्वपूर्ण शैक्षिक विषयों पर वार्ता की। विदित हो कि विश्वविद्यालय द्वारा स्पेशल जेनेरिक पेपर की परीक्षा ली गई थी,जिसका परीक्षा परिणाम कुछ दिन पूर्व प्रकाशित किया गया। जिसमें कई प्रकार की त्रुटियां पाई गई। 200 से अधिक छात्र-छात्राएं जो केमिस्ट्री प्रैक्टीकल परीक्षा में उपस्थित थे। उन्हें अनुपस्थित कर दिया गया ।साथ ही ऐसे सैकड़ो छात्र-छात्राएं हैं जो एक या दो नंबर से अनुत्तीर्ण घोषित कर दिए गए । अर्थशास्त्र विषय के छात्रों का भी समस्या को लेकर परीक्षा नियंत्रक से वार्ता हुई। परीक्षा नियंत्रक ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर ही वैसे छात्र-छात्राएं जो केमिस्ट्री प्रैक्टीकल परीक्षा में शामिल तो हुए थे। परंतु अनुपस्थित दिखाए जाने के कारण अनुत्तीर्ण हो गए हैं, उनके परीक्षा परिणाम में सुधार किया जाएगा। साथ ही वैसे छात्र-छात्राएं जो एक या दो नंबर से फेल हो गए हैं वो चाहे तो स्क्रुटनी करवा सकते है। इकोनॉमिक्स विषय में जो छात्र फेल है उनका विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग समिति बैठक के माध्यम से निर्णय लेगी कि इस पर क्या किया जाए या री एग्जाम लिया जाए तो कब लिया जाए। जिला अध्यक्ष ने कहा कि यदि समय पर विश्वविद्यालय द्वारा कार्रवाई नहीं की जाती है तो छात्र संघ आंदोलन के लिए विवश होगा। मौके पर लवकुश पाण्डेय, आदर्श आनंद, गुलाम सरवर, राजेश कुमार आदि मौजूद थे।

# निजी स्कूल के बच्चे इस भीषण गर्मी में भी विद्यालय जाने को हैं मजबूर

## शिक्षा विभाग की आंखों में धूल झोंकने का प्रयास



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड में इस भीषण गर्मी ने इन दिनों हर किसी को जीना बेहाल कर रखा है। यही वजह है कि राज्य सरकार के शिक्षा विभाग ने आदेश जारी करते हुए मंगलवार से नर्सरी से कक्षा 8 तक के संचालन पर रोक लगा दिया। लेकिन इस आदेश को मानने की बजाय कई प्राइवेट स्कूल अब भी खुले हैं, जिस वजह से नर्सरी से लेकर कक्षा-8 तक के बच्चें इस झुलसती गर्मी में भी स्कूल पहुंच रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बड़कागांव प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र के दर्जनों निजी विद्यालय शिक्षा विभाग के आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए कक्षा नर्सरी से 8 तक चलाई जा रही है। निजी स्कूलों की मनमानी रोकने में शिक्षा विभाग असफल साबित हुआ है। निजी स्कूल के संचालकों के द्वारा शिक्षा विभाग की आंखों में धूल झोंकने का काम कर रही है।बड़कागांव प्रखंड की गर्मी अधिकतम 41 से 42 और न्यूनतम 37 से 38 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड की गई है।

# स्क्रूटनी में 23 प्रत्याशियों का नाम निर्देशन पत्र वैद्य, 08 प्रत्याशियों का निर्देशन पत्र रद्द



उज्जवल दुनिया संवाददाता

**चतरा।** चतरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 26 अप्रैल से 03 मई 2024 तक नाम निर्देशन की तिथि निर्धारित थी। जिसमें कुल 31 उम्मीदवारों ने अपना नाम निर्देशन पत्र निवार्ची पदाधिकारी चतरा के समक्ष दाखिल किया था। 04 मई 2024 को नाम निर्देशन पत्र की स्क्रूटनी की गई। स्क्रूटनी में 23 प्रत्याशियों का नाम निर्देशन पत्र वैद्य पाया गया। जबकि 08 प्रत्याशियों का त्रुटिपूर्ण रहने के कारण नाम निर्देशन पत्र रद्द किया गया। नाम निर्देशन पत्र रद्द होने वाले उम्मीदवारों में सीताराम सिंह, रूपेश उरांव, नब्बू भुइयां, अनुज कुमार, उमेश गंझु, राजेश कुमार सिंह, सुचित्रा सिन्हा और अशेष सिंह का नाम शामिल है।

# हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में स्क्रुटनी के बाद 17 प्रत्याशी , दो का नामांकन रद्द

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** 14 हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में अबतक कुल 20 अभ्यर्थियों के द्वारा नाम निर्देशन प्रपत्र की खरीद की गई थी, जिसमें 19 अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन दाखिल किया गया। शनिवार 4 मई को नाम निर्देशन की स्क्रुटनी के उपरांत दो अभ्यर्थियों के नामांकन विभिन्न त्रुटियों के कारण अस्वीकृत हुआ। वहीं 17 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन प्रपत्र को स्वीकृति प्रदान की गई।

**इन अभ्यथीर्यो के नामांकन को मिली स्वीकृति**

संजय कुमार मेहता दल निर्दलीय, जय प्रकाश भाई पटेल दलः इंडियन नेशनल कांग्रेस, राज कुमार सिंह **दलः** (झारखंड पार्टी), श्याम बिहारी प्रजापति **दल :** (भागीदारी पार्टी (ढ)) , कुंज बिहारी कुमार **दलः** (लोकहित अधिकार पार्टी), मनीष कुमार जायसवाल दलः (भारतीय जनता पार्टी), निशांत कुमार सिन्हा दलः (पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया, डेमोक्रेटिक), अनिरुद्ध कुमार दलः (कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया), शशि भूषण केसरी दलः (निर्दलीय), मोहम्मद मोइनउद्दीन अहमद दलः (बहुजन समाज पार्टी, बीएसपी), मोहम्मद सिराज दल : (निर्दलीय), छठी देवी दलः (अखिल भारतीय परिवार पार्टी), भुनेश्वर बेदिया दलः (समता पार्टी ), विनोद कुमार राणा दलः (निर्दलीय), मनोज कुमार बेदिया दलः (निर्दलीय), अभिषेक कुमार दलः (निर्दलीय) और प्रकाश सोनी दलः (भारतीय आजाद सेना) का नाम शामिल है।

**इन अभ्यर्थियों के नामांकन अस्वीकृत**

**सुरेश राम उर्फ सुरेश ठाकुर दलः (भारतीय सर्वजन विकास पार्टी), प्रकाश कुमार दलः (निर्दलीय ) नाम शामिल हैं।**

# डॉ.बंसत नारायण सिंह उच्च विद्यालय में शिक्षक अभिभावक गोष्टी का आयोजन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**चौपारण।** डॉ बंसत नारायण सिंह उच्च विद्यालय बसरिया में दिन शनिवार को शिक्षक - अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय परिसर में लगे रामसेवक बाबू के प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर किया गया। बैठक की अध्यक्षता ब्रजभूषण इंद्रगुरु ने किया। बैठक को संबोधित करते विद्यालय सचिव रवि सोनी ने विद्यालय के वर्तमान स्थिति को बताते कहा कि डॉ बंसत नारायण का इतिहास बहुत बड़ा है यहाँ से कई ऐसे ऐसे विद्यार्थी निकले है जो वर्तमान समय मे कई बेहतर पदों पर कार्यरत है। वर्तमान समय मे विद्यालय के 7 क्लास रूम की अवस्था बहुत ही जर्जर है जिसे ढलाई करने के लिए लगभग 7 लाख रुपये की आवश्कता है। इस ढलाई के लिए यहाँ से निकले विद्याथियों , अभिभावक , समाजसेवी और दान दाताओं को विद्यालय को सहयोग करने का अपील किया। वही विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक रजक ने वर्ष 23-24 की वित्तिय लेखा जोखा को अभिभावकों के बीच प्रस्तुत किया। इस बीच अशोक रजक ने उपस्थित अभिभावकों को विद्यालय को अपना मदद देने का अनुरोध किया। इस बीच अभिभावकों ने शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए वैकल्पिक उपाय सोचा और पूर्व वर्ष इंटर के संचालन पर अपनी सहमति जताया और इंटर के प्रभारी के रूप में जाबिर अंसारी को चुना गया। प्रभारी जाबिर अंसारी ने अभिभावकों को जानकारी दिया कि अब बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए बाहर भेजने की जरूरत नही अब इसी विद्यालय में इंटर कला (आर्ट्स) विज्ञान (साइंस) की पढ़ाई उच्च व प्रशिक्षित शिक्षक द्वारा करवाई जा रही है। सत्र 2024-26 के लिए नामांकन जारी है। अपने बच्चे के उज्ज्वल भविष्य के लिए नामांकन जरूर करवाये। मौके पर बैठक की अध्यक्षता कर रहे ब्रजभाषा गुरु ने 5000 रुपये का सहयोग दिया। कार्यक्रम का मंच संचालक शिक्षक चाँद प्रसाद ने किया अंतिम रूप में सचिव रवि सोनी ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम समापन की घोषणा किया। बैठक में उपस्थित रहे ये लोग बृजभूषण गुरु, बसंती देवी, नरेश पासवान, दिगम्बर भुईया, बीरेंद्र रजक, गणेश स्वर्णकार, उमेश यादव, उमेश साव, पंकज सोनी, अंकित पासवान, नितेश साव, रोहित पासवान, कामेश्वर रविदास, गोविंद स्वर्णकार, दामोदर केशरी, कुनैश यादव, सुनील कुमार, घनुषी प्रजापति , शिक्षक जाबिर अंसारी, साकेत कुमार, अनिल देव, रंजन केशरी, संजीत पंडित, सुनील कुमार, शिक्षिका सीमा कुमारी, बिनोद केशरी, अरुण रजक समेत कई लोग उपस्थित रहे।

**इन लोगो ने विद्यालय को दिया सहयोग**

कृष्णा कसेरा बसरिया एक कम्प्युटर, अशोक साव अभियंता रतनाग 2 कम्प्युटर, जयप्रकाश इन्द्र गुरु पूर्व सचिव कम्प्युटर, शिवानन्द साहु उ-अ-सीतामढ़ी (बिहार), सतेश्वर भुईया अभियंता (अमझर) 12,000 , जनार्दन प्र. यादव बैंक मैनेजर (पडरिया) 12,000, सुभाष प्रजापति दारोगा (पड़रिया) 12,000 , रवि कु. सोनी सचिव (बसरिया) 10,000, अशोक रजक प्रधानाध्यापक 10,000 , जाबीर अंसारी अंग्रेजी शिक्षक 10,000, सीमा कुमारी हिन्दी शिक्षिका 10,000 , साकेत कुमार शिक्षक प्रतिनिधि 10,000, रंजन कु. केशरी गणित शिक्षक 10,000 , संजीत कु. पंडित कम्प्युटर अनुदेशक 9,000, निर्भय कु. सिन्हा शारीरिक शिक्षा शिक्षक 9,000 , सुनील कुमार रसायन शिक्षक 8000, अनिल कुमार देव लिपिक 9,000 , विनोद प्र. केशरी केशरी आदेशपाल 10,000, अरुण रजक रात्री प्रहरि 8000, चाँद प्रसाद शिक्षक प्रवेशिका 10,000, दयानन्द ठाकुर शिक्षक बेलाही) 10,000, भुनेश्वर यादव पू-जिप. प्रतिनिधि 10 .000, दान दाता सदस्य 50 पैकेट सिमेंट, कृष्णा यादव खइङरर 2 हाइवा गिट्टी , समेत कई लोगो ने अपना सहयोग विद्यालय को दिया।

# सरकारी विद्यालय में नामांकन हेतु जागरूकता अभियान का आयोजन



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अंतर्गत अचलजामो पंचायत स्थित राजकीय मध्य विद्यालय अचलजामो में नामांकन हेतु जन संपर्क करके अचलजामो पंचायत के बंगाली टोला में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत सभी माता-पिता को अपने अपने बच्चों को सरकारी विद्यालय में नामांकन करवाने को लेकर जागरूक किया गया साथ ही जानकारी दी गई की सरकारी विद्यालय में बच्चों को निशुल्क शिक्षा के साथ साथ भोजन, पुस्तक, छात्रवृत्ति, स्वास्थ्य, पोशाक इत्यादि विद्यालय के द्वारा प्राप्त होता है। इस अभियान में मुख्य रूप से विष्णुगढ़ प्रखण्ड के पुर्व प्रमुख अशोक गुप्ता, विद्यालय प्रभारी जय प्रकाश यादव, संजय कुमार, अरुण कुमार गोस्वामी, अशोक कुमार इत्यादि शिक्षकों ने भाग लिया। इस दौरान सभी ग्रामीणों ने सपथ लिया कि हम सभी अपने अपने बच्चों का नामांकन विद्यालय में जरूर करवाएंगे।

# एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल के दस्तक के साथ ही आशीर्वाद देने उमड़ा जनसैलाब

- पिपरवार और केरेडारी भाजपा मंडल के 25 गांवों में किया जनसंपर्क
- देश के विकास और तरक्की के लिए भाजपा को वोट देने का मतदाताओं से किया अपील

## तीसरी बार मोदी सरकार बनाने को जनता है बेताब

उज्ज्वल दुनियां संवाददाता



**केरेडारी।** आगामी 20 मई को होने वाले हजारीबाग लोकसभा चुनाव को लेकर चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है! इधर सूर्य देवता का कहर जारी है, प्रचंड धूप और भीषण गर्मी से शहर से लेकर गांव तक सुना पड़ा है! लेकिन पिछले करीब 2 महीने से अधिक समय से लगातार हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाके में धुंआधार जनसंपर्क अभियान चला रहें एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल जैसे ही गांवों की सुनी गलियों में दस्तक दे रहें हैं उन्हें आशीर्वाद देने घरों से निकलकर बड़ी संख्या में लोगों का हुजूम उमड़ रहा है! शनिवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के पिपरवार और केरेडारी भाजपा मंडल क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांवों का तुफानी दौरा किया! इस दौरान सभी गांवों में भाजपा और मनीष जायसवाल के प्रति लोगों में रुझान दिखा और मनीष जायसवाल के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण जुटे और उन्हें अपना आशिर्वाद देते हुए चुनाव में पूर्ण समर्थन का भरोसा जताया। सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल के साथ भाजपा और आजसू कार्यकर्ता भी बड़े ही उत्साह के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उनके साथ चल रहें थे! मौके पर विशेष रूप से बड़कागांव के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, केरेडारी भाजपा मंडल अध्यक्ष नेमा कुमार साव उर्फ. कर्मचारी, पिपरवार भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा, आजसू के केरेडारी प्रखण्ड अध्यक्ष बैजनाथ महतो, प्रखण्ड सचिव शमोहन महतो, श्रमिक संघ सचिव मनोहर साव, जिला उपाध्यक्ष हजारीबाग भोला महतो, भाजपा के पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष किसान मोर्चा उपेन्द्र सिंह, जिला कार्यसमिति सदस्य महेन्द्र सिंह,भाजपा जिला सचिव मुलचंद साव ,भाजपा मंडल अध्यक्ष बड़कागांव आदित्य सोनी, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष केरेडारी बाल गोविंद सोनी, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष केरेडारी प्रीतम साव, किसान मोर्चा प्रभारी बड़कागांव राजु साव, समाजसेवी सत्येंद्र सिंह, युवा जिला मंत्री हजारीबाग अमित गुप्ता, बड़कागांव विधानसभा प्रभारी पंकज गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार, हजारीबाग जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद, कटकमदाग विधायक प्रतिनिधि अजय साहू, हजारीबाग जिला युवा मोर्चा महामंत्री आशीष गुप्ता, युवा अधिवक्ता इंद्र कुमार पंडित सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे!

### परिवारवाद पर है खतरे की घंटी, विकसित होगा देश ये है मोदी की गारंटी: मनीष जायसवाल

बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के पिपरवार और केरेडारी भाजपा मंडल क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क और जनसंवाद के दौरान हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने कहा की भाजपा जाति और बिरादरी की नहीं बल्कि राष्ट्र और समाज के विकास की बात करती है! यही कारण है की इस भीषण गर्मी में भी हम जहां जा रहें हैं जनता का अपार जनसमर्थन मिल रहा है, लोग तीसरी बार मोदी सरकार बनाने को बेताब दिख रहें हैं!

### मनीष बड़कागांव का बेटा हैं, इसे सांसद बनाएं सबका ख्याल रखेगा : लोकनाथ महतो

बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मनीष जायसवाल बड़कागांव का बेटा है और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का 10 वर्षों तक प्रतिनिधित्व करके एक सजग, सुगम और जनसेवा एवं विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए जननेता के रूप में जो पहचान बनाई है वह अमिट है!

# नुक्कड़ नाटक टीम के साथ मनीष जायसवाल के समर्थन में चुनाव प्रचार में उतरी उनकी मां, पत्नी और देवरानी

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बड़कागांव क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में किया डोर टू डोर कैंपेन, कमल छाप पर वोट देने का किया अपील**

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के समर्थन में उनकी मां विद्या जायसवाल, पत्नी निशा जायसवाल और देवरानी ट्विंकल जायसवाल चुनावी मैदान में उतर गई गई। शनिवार की इन सभी ने भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रेणुका साहू के नेतृत्व में हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र के बड़कागांव प्रखंड के आधा दर्जन गांवों में डोर टू डोर चुनाव कैंपेन किया और भाजपा एवं मनीष जायसवाल के समर्थन में कमल फूल छाप पर वोट देकर जीताने का अपील किया।

# गिले शिकवे दूर कर मनीष जायसवाल के पक्ष में वोट करे, भारी मतों से भाजपा चुनाव जीतेगी: दीपक प्रकाश



**दारू ।** देश मे नरेन्द्र मोदी की आंधी चल रही है और इस बार भारतीय जनता पार्टी पूरे देश मे 400 सीट जीतने जा रही है। हजारीबाग से भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल रेकॉर्ड मतों से चुनाव जीतेंगे ,पूरे क्षेत्र मे नरेन्द्र मोदी और मनीष जायसवाल के किये गये कार्य की सराहना हो रही है जिसके बदौलत भाजपा हजारीबाग मे जीत की पिछला रेकार्ड को तोड़ते हुए बड़ी जीत दर्ज करेंगे।यह सब बाते भाजपा से राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने दारु बक्शीडीह मे एक कार्यक्रम के दौरान कही।दीपक प्रकाश ने कार्यक्रम मे मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कोंग्रेस की नीति देश को तोड़ने की रही है जबकी प्रधानमंत्री मोदी देश को विकसित भारत बनाने के लिए दिन रात मेहनत कर रहे है।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत स्वीप फुटबॉल टूनार्मेंट 2024 का हुआ आयोजन

उज्ज्वल दुनिया सं

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त टूनार्मेंट में हुई शामिल मतदाताओं से किया मतदान करने की अपील**

**मजबूत लोकतंत्र के लिए सबकी सहभागिता आवश्यकःजिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज**




**कोडरमा :** लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त स्वीप कोषांग कोडरमा के तहत जिला स्तरीय स्वीप फुटबॉल कप टूनार्मेंट कोडरमा 2024 का आयोजन किया गया। फुटबॉल कप टूनार्मेंट का आयोजन झुमरी तिलैया स्थित सी.एच प्लस टू उच्च विद्यालय मैदान में किया गया। सर्वप्रथम जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा सभी खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया गया। उसके उपरांत जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बॉल को किक मारकर टूनार्मेंट की शुरूआत किया गया। पुरुष वर्ग में ग्रुप ह्यएह्न अंतर्गत चाराडीह और मोरियावां के बीच मैच खेला गया।जिसमें मोरियावां 3-0 से विजेता रहा। उसी प्रकार ग्रुप ह्यबीह्न अंतर्गत मंडुवाटांड व करियावर के बीच मैच खेला गया। जिसमें मंडुवाटांड 3-1 से विजेता रहा। पुरुष वर्ग में फाइनल मैच मंडुवाटांड व मॉरियम के बीच खेला गया।जिसमें 5-3 से मडुवाटांड की टीम. विजेता रहा। इसी प्रकार से महिला वर्ग में ग्रुप ए' अंतर्गत ढाब एवं खरखार के बीच मैच खेला गया , जिसमें ढाब 2-0 से विजेता रहा और ग्रुप ह्यबीह्न अंतर्गत डोमचांच एवं थाम के बीच हुए मैच में थाम 5-1 से विजयी रहा। महिला वर्ग में ढाब व थाम के बीच फाइनल मैच खेला गया।जिसमे ढाब टीम विजेता रहा। विजेता टीम को जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा शील्ड प्रदान किया गया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा पुरुष एवं महिला वर्ग के विजेता टीम को पुरस्कार के रूप में शील्ड प्रदान किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदाता जागरूकता हेतु स्वीप फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया ताकि नैतिक मतदान करने हेतु स्वयं एवं लोगों को जागरूक किया जा सके और लोकतंत्र के इस महापर्व में सहभागिता सुनिश्चित करेंगे।

आगामी 20 मई 2024 को अपने घरों से निकलें एवं लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल होकर जिम्मेदार नागरिक का फर्ज निभाएं और मतदान अवश्य करें। आप स्वयं और अपने आस पास, पड़ोस और परिवार जनों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी मतदाताओं से अपील की 20 मई 2024 मतदान दिवस के दिन मताधिकार का प्रयोग कर अवश्य मतदान करें। वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह उप विकास आयुक्त ऋतुराज कोडरमा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत 20 मई 2024 को मतदान है। अधिक से अधिक लोगों के पास मतदान दिवस के संदेश को पहुंचायें। उन्होंने कहा कि आप अपने आस पास के लोगो को मताधिकार के महत्व को बताये।

**मतदान दिवस पर लिखे तिथि का गुब्बारे आकाश में उड़ाया गयाः** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कोडरमा मेघा भारद्वाज की अगुवाई में पदाधिकारी और कर्मचारियों, खिलाड़ियों सहित युवा मतदाताओं ने गुब्बारे आकाश में उड़ाए। इस दौरान सभी ने 20 मई 2024 को नैतिक और विश्वास के साथ मतदान में भागीदार बनने का द्दढं संकल्प लिया।

**कैंडल मार्च कर वोट करेगा कोडरमा का दिया संदेश**

टूनार्मेंट के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अगुवाई में खिलाड़ियों ने कैंडल मार्च निकालकर शत प्रतिशत वोट करेगा कोडरमा का संदेश दिया

**सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया**

जिला स्तरीय स्वीप फुटबॉल टूनार्मेंट कोडरमा 2024 कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारियों संग खिलाड़ियों व युवा मतदाताओं ने सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी ली और लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया।

**हस्ताक्षर कर नैतिक मतदान करने का पाठ पढ़ायाः** जिला स्तरीय स्वीप फुटबॉल टूनार्मेंट कोडरमा 2024 कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारी, खिलाड़ी, युवा मतदाता के साथ साथ आमजनों ने हस्ताक्षर कर नैतिक मतदान करने का पाठ पढ़ाया। सभी करेंगे मतदान यही तो है सशक्त लोकतंत्र की पहचानङ्ख का संदेश देते हुए लोगों को नैतिक मतदान के महत्व को बताया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### पीठासीन पदाधिकारी व मतदान कर्मी प्रथम को प्रशिक्षण दिया गया



उज्ज्वल दुनिया सं

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया निरीक्षण**

**कोडरमा :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित मतदान केंद्रों पर पीठासीन एवं मतदान पदाधिकारियों के रूप में कार्य करने वाले कर्मियों को अभियंत्रण महाविद्यालय, बागीटांड़, कोडरमा भवन में प्रशिक्षण दिया गया। पीठासीन पदाधिकारी व मतदान कर्मी प्रथम को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्रीमती मेघा भारद्वाज निरीक्षण करने पहुंचीं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पदाधिकारियों को चुनाव कार्य को सफलतापूर्वक और त्रुटिरहित संपन्न कराने के लिए ईवीएम पर अच्छे से हैंड्स ऑन ट्रेनिंग लेने, मास्टर ट्रेनर द्वारा बताई गई हर बिंदुओं पर बारिकी से अध्ययन करने एवं उसका पालन करने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि प्रशिक्षण जितना बेहतर होगा, मतदान प्रक्रिया का संचालन भी उसी अनुरूप और बेहतर तरीके से कर पायेंगे। मतदान कार्य से जुड़े सभी पदाधिकारियों व कर्मियों को ईवीएम, वीवी पैट के कनेक्शन, संचालन एवं समस्त मतदान प्रक्रियाओं का गहन प्रशिक्षण दिया गया। पीठासीन पदाधिकारियों के कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में मास्टर ट्रेनर द्वारा विस्तृत जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी गई। इस मौके पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी गिरिजा शंकर, सहायक प्रशिक्षण पदाधिकारी सन्नी दयाल शर्मा व अन्य मौजूद रहे।

# पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया पर दिया गया प्रशिक्षण

उज्ज्वल दुनिया सं




**कोडरमा :** बाघी टांड स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज में अलग-अलग कमरों में लोकसभा चुनाव 2024 से संबंधित विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण सत्र उप विकास आयुक्त सह प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी ऋतुराज के मार्गदर्शन एवम् निर्देशन में संपन्न हुआ। विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण मे होम वोटिंग प्रशिक्षण में लगाए जाने वाले 10 टीम को प्रशिक्षण दिया गया। एक टीम में 5 व्यक्ति को रखा गया है जिसमें एक सेक्टर पदाधिकारी एक सूक्ष्म प्रेक्षक दो पोलिङ पदाधिकारी एवम् एक पुलिस पदाधिकारी शामिल रहेंगे। प्रशिक्षण सत्र में उप विकास आयुक्त उपास्थि हो कर्मियों को जानकारी दिए कि ऐसे मतदाता जो 80 वर्ष से उपर के हैं और दिव्यांग मतदाता जो लाचार हैं,और बूथ पर आ कर वोट देने से असमर्थ हैं।वैसे मतदाता के लिए उनके घर पर जा कर वोटिंग कराया जायेगा। प्रशिक्षण के क्रम में मास्टर ट्रेन 'सुदीप सहाय ने घर पर जा कर वोटिंग कराने की पूरी प्रक्रिया को एवम् उनके कार्य एवम् दायित्व को विस्तार से बताया। घर पर मतदाता अपने मत का प्रयोग पोस्टल बैलोट के माध्यम से करेंगे। घर पर वोटिंग प्रक्रिया की वीडियो ग्राफी की जायेगी। सभी कार्य सेक्टर दंडाधिकारी के निगरानी में किया जायेगा। वोटिंग के दौरान घर पर वोटर को मतपत्र जारी किया जायेगा,उसके पूर्व उनका पहचान पत्र के आधार पर पहचान किया जायेगा। और मतदाता रजिस्टर में उनका हस्ताक्षर या अँगूठे का निसान लिया जायेगा। ट्रेन 'सुदीप सहाय ने बताया कि वोटर के आवास पर भी मतदान प्रकोष्ठ का निर्माण किया जायेगा जहाँ वोटर अपना वोट गोपनीय तरिके से दे सकेंगे। मतदान करने के बाद मतपत्र को 13 ख लिफाफा मे डाल कर वो खुद सील कर 13 क अनुपमार्नं प्रपत्र मे अधिकारी का हस्ताक्षर करवा कर छोटा मतपत्र लिफाफा और प्रपत्र 13 क दोनों को बड़ा लिफाफा 13 ग में डाल कर पुनः सील कर उसे बैलोट बॉक्स में डालेंगे।जो कि पूर्व से ही सील किया रहेगा। उसके बाद दंडाधिकारी के निगरानी में उसे जिला निर्वाचन पदाधिकारी के पास जमा किया जायेगा। ट्रेन 'नरेश यादव ने प्रपत्रों की जानकारी दी। एवम् सभी का मौखिक परीक्षा भी लिया गया। दूसरे कमरे में प्रशिक्षक अश्विनी तिवारी,दिलीप बर्णवाल,सत्यजीत हिमावन ने सुविधा केंद्र पर पोस्टल बैलोट से मतदान करने वाले वोटर के लिए निर्मित पाँच बूथ पर लगाए जाने वाले मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षकों ने उनके कार्य एवम दायित्वों की जानकारी दी।

# भारतीय जनता पार्टी मंडल के पदाधिकारी के साथ बैठक



**कोडरमा :** जयनगर मंडल में 2024 को जयनगर मंडल के पदाधिकारी सभी जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकताओं की एक बैठक गैडे फैक्ट्री ग्राउंड शेड पर लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर रखा गया! इस बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रामदेव मोदी एवं संचालन महामंत्री जमुना प्रसाद ने किया! इस बैठक मे मंडल कोर कमेटी का गठन किया गया एवं सभी बूथ पर जाकर संपर्क मतदाताओं से करना है और 20 में को पहले मतदान फिर जलपान सभी मतदाताओं को जागरूक करना है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जो नारा है 400 पर उसी के तहत कोडरमा लोकसभा के उम्मीदवार अन्नपूर्णा देवी को अधिक से अधिक मतों से विजय बनाकर कोडरमा लोकसभा का सम्मान बढ़ाएं! कार्यक्रम में मंडल के उपाध्यक्ष सुरेंद्र मोदी शिक्षक विजय यादव सदानंद सिंह राजू साव मंडल मंत्री मंटू पंडित राजेंद्र राम महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रमिला देवी किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष नीरज चंद्रवंशी मौजूद थे।

### बीएलओ के द्वारा घर घर जाकर मतदाता मार्गदर्शिका बुकलेट का वितरण कर मतदान के लिए किया प्रेरित



**कोडरमा :** कोडरमा जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और शत-प्रतिशत मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के उद्देश्य से स्वीप कोषांग कोडरमा के द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम कर मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। बूथ लेवल अधिकारी के द्वारा मतदाताओं के बीच मतदाता मार्गदर्शिका बुकलेट का वितरण कर 20 मई 2024 को मताधिकार का प्रयोग कर मतदान कर लोकतंत्र के महा पर्व में सहभागी बनाने की अपील किया गया। साथ ही स्वयं सहायता समूह के दीदियों के द्वारा रंगोली बनाकर 20 मई 2024 को निर्भीक होकर मतदान करने की अपील किया गया।

### नन्दोडीह मे ट्रेन से कट कर आत्महत्या मामले पर मानवाधिकार जन निगरानी समिति करेगी फैक्ट फाइंडिग : ओंकार विश्वकर्मा

**कोडरमा :** मानवाधिकार जन निगरानी समिति के राष्ट्रीय संयोजक ओंकार विश्वकर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि कोडरमा के जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम पांडू के शमशान घाट से कोडरमा जयनगर पुलिस के द्वारा एक व्यक्ति का शव को बरामद किया गया है जिसकी पहचान सुनील साव पिता स्वर्गीय पाचू साव उम्र 22 वर्ष ग्राम नंदोडीह पोस्ट मकतपुर थाना जयनगर जिला कोडरमा वार्ड नङ्क 2 के निवासी के रूप में किया गया है।

जिसकी खबर 3 मई को विभिन्न अखबारों के माध्यम से प्रकाश मे आया है खबर के अनुसार मामला प्रथम द्दष्टि यह प्रतीत हो रहा है कि परिवार वालों द्वारा उसे तनाव मे डाला गया जिसके बाद उसने आत्महत्या कर लिया है।जो कि अपराध की श्रेणि मे आता है इस घटना की समिति द्वारा फैक्ट फाइंडिंग टीम के द्वारा फैक्ट फाइंडिंग किया जायेगा। और इस मामले से राज्य के अपराध अनुसंधान विभाग सहित मानव अधिकार आयेगा को भी न्यायिक कार्यवाही के लिए लिखा जायेगा।

# डीएवी में पाठ्य सहगामी क्रियाकलापों में बच्चों ने दिखाई सहभागिता

उज्ज्वल दुनिया सं



**झुमरीतिलैया :** डीएवी पब्लिक स्कूल में पाठ्य सहगामी क्रियाकलापों के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इन प्रतियोगिताओं में एलकेजी से दूसरी कक्षा के बच्चों के बीच ऑनलाइन टियरिंग एण्ड पेस्ट प्रतियोगिता हुई । इसमें बच्चों ने अपनी कलात्मक व रचनात्मक प्रतिभा दिखाते हुए विभिन्न प्रकार के पेपरों से घर,फूल,छाता आदि विभिन्न सुंदर व आकर्षक डिजाइनों को बनाया। इसमें यूकेजी के दक्ष चौधरी,अंशिका राज,समाइरा कुमारी, वर्ग प्रथम से पुनीत, कृष्णा प्रसाद, प्रियांशु राज, सर्वोत्तम असीम मिंज,अनिकेत , रूही रंजन, मायरा वर्मा, प्रियल यादव, वर्ग द्वितीय से संगिनी मोदी,सान्वी सिंह,अवनी भदानी,आकर्षित,आरव कुमार, अनिक देव ने अपनी-अपनी क्रिएटिविटी को दिखाया। वहीं पर तीसरी से पाँचवी कक्षा के चारों सदनों के बच्चों के बीच ऑनलाइन कविता पाठ का आयोजन हुआ। बच्चों ने रोचक व प्रेरणादायक कविताओं को प्रस्तुत किया। इसमें दयानंद सदन की अनुष्का एवं राजाराम मोहन राय सदन की प्रत्यांशा ने प्रथम स्थान,रामाकृष्ण सदन की कुमुद एवं राजा राममोहन राय सदन की आरोही गुप्ता ने द्वितीय स्थान तथा अविका विवेकानंद सदन एवं शिशु कुमारी रामाकृष्णा सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

# पतंजलि परिवार योग समिति हरिद्वार के तत्वाधान में चलाया जा रहा है मतदाता जागरूकता अभियान

उज्ज्वल दुनिया सं



**झुमरीतिलैया :** पतंजलि परिवार योग समिति हरिद्वार के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम योग क्रांति जोड़ी योगी सुषमा सुमन योगी प्रदीप कुमार सुमन की अगुवाई में चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता योगाचार्य सुषमा सुमन ने किया।

सुषमा सुमन ने कहा कि कोडरमा लोकसभा में लगभग 500 गांव में यह कार्यक्रम चलाया जाएगा। जिसमें सारे योग शिक्षक भी इस कार्यक्रम में लगेंगे।आगे उन्होंने कहा कि वैसे 300 गांव का चयन मेरे द्वारा किया जा रहा है जहां मतदान का प्रतिशत काम होता है। वहां मतदान पूरा कराना है लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति से अपील है कि मतदान अवश्य करें। समाज और राष्ट्र को मजबूत आपके मतदान देने से ही होगा। सभी बहनों से उन्होंने कहा कि 20 मई को सबसे पहले मतदान केंद्र पर जाएं और मतदान करें उसके बाद जलपान करें,भोजन बनाएं।प्रदीप कुमार सुमन ने कहा कि आदिवासी बनवासी और शहर वासी को विशेष जागृत करना पड़ेगा। उसके लिए विशेष मतदान अभियान चलाया जाएगा।उन्होंने कहा कि आपका मतदान 5 साल के लिए एक मजबूत सरकार बनाती है। इसीलिए तो नारा दिया गया है पहले मतदान उसके बाद जलपान इस कार्य को मजबूती देने के लिए पतंजलि परिवार के लगभग सैकड़ो योग शिक्षक निःशुल्क सेवा करेंगे।

इस कार्य में सहयोग देने वाले योग शिक्षक उपेंद्र दुबे,राजेंद्र सिंह, अनिल सिंह,संगीता देवी, रीना देवी, गोपाल शर्मा,पूनम बरनवाल, ज्योति देवी, राजेंद्र बरनवाल, सुरेश सिंह,सीमा देवी, सुधारानी, विनय राणा, प्रदीप साव, सुभाष गुप्ता, विजय बरनवाल, कैलाश लाल बरनवाल, दयानंद गुप्ता, सुनील राणा, मुकेश कुमार, अजीत बरनवाल, शंभू बरनवाल, पुष्पा देवी, नमिता बरनवाल,सुरेश यादव, राजेंद्र यादव, कैलाश राणा, सविता बरनवाल,कविता देवी, रामदेव राणा, सुदामा देवी, बिंदेश्वरी देवी, लक्ष्मी देवी, नूतन कुमारी, कृतिका आयरन, सुधा देवी,सुमित्रा देवी, चिंता देवी,रेखा देवी, खुशबू कुमारी, विमला देवी, प्रेमलता देवी, सुनीता देवी, सुशीला देवी, ललिता देवी,अनीता देवी,रेणु देवी,मंजू देवी आदि लोग का सहयोग भरपूर मिल रहा है।

### व्यवसायी सुरेश झांझरी को झारखंड रत्न से किया गया सम्मानित




**झुमरीतिलैया :** शहर के मुख्य व्यवसायी समाजसेवी राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता सुरेश झांझरी को रांची मे आयोजित एक कार्यक्रम में समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए₹झारखंड रत्न₹ के सम्मान से सुशोभित किया गया। जैन समाज झुमरीतिलैया ने सुरेश झांझरी के इस उपलब्धि पर अपार हर्ष व्यक्त किया।और कहा कि आप अपने विशिष्ट कार्यों के कारण इस सम्मान के हकदार है समाज के मंत्री एवं पदाधिकारी ने उन्हें साफा एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया।सह मंत्री राज छाबड़ा ने कहा कि सुरेश झांझरी झुमरीतिलैया ही नहीं पूरे भारतवर्ष में जैन समाज की आन-बान और शान है। भारतवर्ष के कई प्रदेश में उनको धर्म क्षेत्र समाज सेवा क्षेत्र के कार्यों के लिए कई सामाजिक संस्था और धर्म गुरुओं के द्वारा सम्मानित किया गया है आप हमेशा समाज सेवा जरूरतमंदों की सेवा एवं धर्मनिष्ठ कार्य में समर्पित रहते हैं जैसा कि मालूम हो रांची में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिने जगत की अभिनेत्री काम्या पंजाबी एवं विशिष्ट अतिथि क्रिकेटर सौरभ तिवारी ने समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया कई सामाजिक संस्था मे मुख्य पद से जुड़े सुरेश झांझरी वर्तमान में इटखोरी भद्रकाली मंदिर के ट्रस्टी है इटखोरी में निर्माणरत भगवान शीतलनाथ कमल मंदिर के महामंत्री हैं उनकी देखरेख में विशाल मंदिर का निर्माण चल रहा है झारखंड सम्मेद शिखर पारसनाथ मंदिर कोठी के ट्रस्टी है झुमरीतिलैया में निर्माण रत भव्य जैन मंदिर के संयोजक है कैंसर जैसी गंभीर बीमारी को रोकने के लिए होली फैमिली हॉस्पिटल झुमरीतिलैया में उन्होंने विशेष आर्थिक मदद देकर ₹झांझरी कीमोथेरेपी ब्लॉक का निर्माण कराया।

# अपना जमीन नहीं बेचने पर किया सामाजिक बहिष्कार

**मरकच्चो :** थाना क्षेत्र के मुर्कमनाय पंचायत के मुर्कमनाय टाड़ में एक परिवार को सामाजिक बहिष्कार किए जाने का मामला प्रकाश में आया है मामले को लेकर पीड़ित नारायण ठाकुर ने एसपी कोडरमा व मरकच्चो थाना में आवेदन देकर सुरक्षा की गुहार लगाया है।

आवेदन में नारायण ठाकुर पिता तिलकुरी ठाकुर ने कहा है कि वह गांव का अत्यंत गरीब व्यक्ति है। किसी तरह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है।

दिए गए आवेदन में उन्होंने कहा है कि उसके गांव के ही दबंग गोपाल ठाकुर, सुधीर ठाकुर, छोटू ठाकुर, दिलीप ठाकुर, सुखदेव शर्मा, रीतलाल ठाकुर सभी लोग इसे जबरन जमीन बिक्री करने के लिए घर पर आकर दबाब देते है। जमीन नही विक्री करने पर जान से मारने की धमकी देते है।आवेदन में अकेले पाकर जान से मार देने की भी बात कही है।इनलोगो के द्वारा गांव घर से बहिष्कार कर हुक्का पानी बंद कर दिया गया है।जिससे पूरा परिवार डरा सहमा हुवा है।

## डाक मतपत्र द्वारा मतदान करने का प्रशिक्षण छह सम्पन्न

उज्ज्वल दुनिया सं



**कोडरमा :** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के निदेर्शानुसार डाक मतपत्र द्वारा मतदान करने का प्रशिक्षण कोषांग के पदाधिकारी और कर्मियों को दिया गया। वरीय पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग सह उप विकास आयुक्त श्री ऋतुराज की अगुवाई में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराने का प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा निर्वाचन आयोग द्वारा डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराने को लेकर जारी दिशा-निदेर्शों के संबंध में बताया गया। डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने की सभी प्रक्रियाओं को विस्तार से बताया गया। इस मौके पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी श्री गिरिजा शंकर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री रवि कुमार, सामान्य शाखा प्रभारी मौजूद थे।

# पलामू की धरती पर गरजे मोदी, कहा धर्म के नाम पर आरक्षण बटने नही देंगे



## संक्षिप्त खबरें

### पूर्वडीहा में महायज्ञ 24 से,तैयारी शुरू

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** मेदिनीनगर पलामू जिले के चैनपुर प्रखंड के पूर्वडिहा गांव में श्रीरामचरित मानस नवाह्न परायण महायज्ञ का आयोजन किया गया है.महायज्ञ का 49 वां अधिवेशन 23 मई को हनुमत पूजा से शुरू होगा.जबकि 24 मई से श्रीरामचरित मानस पाठ,पूजा अनुष्ठान एवं प्रवचन शुरू होगा.एक जून को महायज्ञ की पूणार्हुति होगी.महायज्ञ की सफलता को लेकर समिति का गठन किया गया और तैयारी शुरू कर दी गई है.दिग्विजय दुबे को महायज्ञ समिति के अध्यक्ष की जिम्मेवारी दिया गया.इसी तरह शिशिर दुबे उपाध्यक्ष,जगत प्रसाद दुबे,श्रवण दुबे सचिव,नवल किशोर दूबे को कोषाध्यक्ष बनाया गया.संरक्षक मंडल में अरूण दुबे, संतोष दुबे,धनंजय दुबे,प्रदीप दुबे, विकास दुबे और मार्गदर्शक मंडल में विजयकान्त दुबे, अशेश्वर दूबे, रामाश्रय दुबे, अमर दूबे, लालमोहन दुबे, आसनारायण दुबे, ज्वाला दूबे,राम सरेख दूबे, कामता दूबे,डा कृष्णमणी दुबे को शामिल किया गया.अजीत दूबे, योगेंद्र दूबे, चंद्रशेखर दूबे, कुंदन दूबे को संयोजक, नरेंद्र दूबे व आनंद दूबे को अंकेक्षक और परमवीर दूबे, प्रिंस धर दूबे, धीरज दूबे, अनिल दुबे, आशीष दूबे सहित अन्य को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

### जहरीला पदार्थ खाने से विवाहिता की मौत

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। हैदरनगर स्थानीय थाना क्षेत्र के जमुआ खुर्द गांव में 20 वर्षीय विवाहिता अंजली कुमारी के जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई है। हालांकि परिजनों ने बेहोशी की हालत में अंजली को इलाज के लिये तत्काल स्थानीय सरकारी अस्पताल ले गये। जहां से रेफर किये जाने के बाद हुसैनाबाद के किसी निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया था। जहां उसने दम तोड़ दिया। इस मामले में सूचना मिलते ही हैदरनगर पुलिस ने पहुंचकर छानबीन में जुटी है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भ्ाब्द प्राथमिकी दर्ज होगी। फिलहाल शव सुसरालवालों को सौंप दिया गया है। इसकी शादी जमुआ गांव में मनोज साव के साथ हुई थी।

### शिक्षण व्यवस्था सुदृढ़ करने पर विमर्श

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** रेहला के संत तुलसीदास महाविद्यालय में शुक्रवार को प्राचार्य संतोष कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में अभिभावकों की हुई बैठक में शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर विमर्श किया गया। कॉलेज के सभी संकाय के प्राध्यापक की मौजूदगी में प्राचार्य ने अभिभावकों से चर्चा की और बच्चों को नियमित कॉलेज भेजने का अनुरोध किया। अभिभावकों ने महाविद्यालय प्रबंधन को हर संभव मदद का भरोसा दिया। बैठक में अभिभावक सतीश कुमार, विकास कुमार, सुदर्शन राम, प्रियंका देवी, चंदा कुमारी, राम प्रसाद साहू आदि उपस्थित थे।

### कमांडर जीप पर लटके युवक की, मौत ग्रामीणों ने कई वाहनो को आग के हवाले कर दिया

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** रामगढ–चैनपुर मुख्य पथ पर चैनपुर थाना क्षेत्र के अंधारीढोढा में कमांडर जीप पर लटककर जा रहे एक युवक को हाइवा ने अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उसकी मौत हो गयी। उसकी पहचान रामगढ निवासी फिरोज अंसारी (32 वर्ष) पिता हाजी फारूख के रूप में हुई है। फिरोज बिजली मिस्त्री का काम करता था। फिरोज जिस कमांडर जीप पर लटक कर जा रहा था, उसे कभी चलाता भी था। सूचना मिलने पर चैनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। फिरोज अंसारी शुक्रवार की शाम एक कमांडर जीप पर लटकर रामगढ जा रहा था।

## एक संत के हाथ राम सौपी: अरुणा शंकर

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी को अयोध्या में श्री राम लला को विराजने के बाद पहली बार पलामू आगमन पर पूरे पलामू लोकसभा सनातनीयो की ओर से अयोध्या से मंगाई गई प्रभु श्री राम की अष्टधातु द्वारा निर्मित मूर्ति तोहफे में दी । भगवान श्री राम की मूर्ति को अपने हाथों मे लेते हुए प्रधानमंत्री काफी भावुक नजर आए । मौके पर पाटन विधायक पुष्पा देवी, मीरा पांडे, रूपा सिंह एवं कई महिला मंच पर उपस्थित थी । प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा हम पलामू के सनातनियों के लिए यह कौरव का पल था जब मैंने एक संत के हाथ राम की मूर्ति सौपी । प्रधानमंत्री ने



अपने अभिभाषण में सभी अपनों को घर-घर जाकर जय श्री राम अपनी ओर से कहने को कहा ।सभा की शुरूआत से पूर्व भाजपा प्रत्याशी वीडी राम ने पीएम मोदी को अंगवस्त्र और नीलांबर पीतांबर का स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया। वही, विधायक आलोक चैरसिया, भानुप्रताप शाही, पुष्पा देवी, प्रथम महापौर अरुणा शंकर आदि ने भी पीएम का स्वागत किया। प्रधानमंत्री के मंच पर बीजेपी विधायक दल के नेता अमर बाउरी, बालमुकुंद सहाय, विधायक आलोक चैरसिया, विधायक शशिभूषण मेहता, विधायक पुष्पा देवी, विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, विधायक भानु प्रताप शाही, विधायक कमलेश कुमार सिंह, प्रथम मेयर अरुणा शंकर, पूर्व सांसद घुरन राम मनोज कुमार, बृजमोहन राम, विनोद सिंह, शिवपूजन मेहता, प्रभात भुईयां ,रूप सिंह ,अनीता देवी, विपिन बिहारी सिंह मंच पर मौजूद । अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के पलामू जिला अध्यक्ष अमित कुमार तिवारी व संचालन लवली आनंद ने किया।

## पंजाबी ढोल-बाजे के साथ पूर्व मेयर ने बांटा आमंत्रण

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** भाजपा प्रत्याशी वीडी राम के पक्ष में मेदिनीनगर की पूर्व महापौर अरुणा शंकर ने टीम के साथ ज संपर्क करने के साथ-साथ प्रधानमंत्री के. भाजपा प्रत्याशी वीडी राम के पक्ष में मेदिनीनगर की पूर्व महापौर अरुणा शंकर ने टीम के साथ जन-संपर्क करने के साथ-साथ प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शहर से बड़ी भागीदारी के लिए विभिन्न परिवारों को आमंत्रित किया। स्टेशन रोड, बेलवाटिका, गुरुद्वारा रोड आदि मोहल्ले में पंजाबी ढोल बाजे के साथ भ्रमण करते हुए उन्होंने चियांकी एयरपोर्ट स्थित सभा स्थल पहुंचने व प्रधानमंत्री सुनने की अपील की। साथ ही 13 मई को वीडी राम को बड़े मतों से जीताकर नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई वीडी राम की जीत का नहीं वरन पलामू के विकास का है। वीडी राम जितेंगे तो पलामू की विकास में आई तेजी जारी रहेगी।

## अस्पताल में पीएम मोदी को लेकर लगाये गए दो स्पेशल बेड

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर दो स्पेशल बेड लगाया गया था। ताकि किसी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जाए। दोनों बेड ऑक्सीजन युक्त बनाये गए थे। अस्पताल परिसर में संचालित रेडक्रॉस सोसइटी भवन परिसर में दो बेड लगाये गए थे। जहां पर एससी आदि की व्यवस्था की गई थी। वहीं ऑन ड्यूटी चिकित्सक को तैनात किया गया था। इसके अलावे शहर के निजी अस्पताल नारायणा मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में पीएम मोदी को लेकर बेड आदि तैयार कराया गया था। ताकि जरूरत पड़ने पर दोनों अस्पतालों का उपयोग किया जा सके। पीएम मोदी को लेकर अस्पताल में विशेष तौर पर साफ-सफाई करायी गई थी। वहीं चिकित्सक और कर्मी भी अपने-अपने एप्रोन में थे। वहीं अस्पताल के सुरक्षा गार्ड भी मुस्तैदी से ड्यूटी पर तैनात दिखे। अस्पताल प्रबंधक सुनीत श्रीवास्तव ने कहा कि शुक्रवार की रात में मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल और नारायण मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में पीएम मोदी मेदिनीनगर आगमन को लेकर सारी व्यवस्था पूरी कर ली गई थी। ताकि जरूरत पड़ने पर अस्पताल प्रबंधन को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।

## जनसभा में निराश और हताश लगे मोदी : राजेंद्र सिन्हा

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** चियांकी में हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली के बाद झामुमो अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा मोदी पर हमला किया। कहा कि पलामू को सिर्फ जुमला दिया है मोदी ने। आकांक्षी जिला तो कहा लेकिन लगता है मोदी पलामू का इतिहास अच्छे से नहीं जानते, उन्हें पता होना चाहिए की पलामू को राजनीतिक राजधानी कहा जाता था, लेकिन जब से यहां के लगभग सीटों पर भाजपा के जनप्रतिनिधि चुने गए । पलामू अपने अगल बगल के जिलों से भी पिछड़ चुका है। मछली, मटन, मुर्गा-मुर्गी, मंगलसूत्र, भैंस के तबेले होते हुए पलामू में पाकिस्तान पहुँच गए मोदी जी। महंगी दवाई, महंगे राशन, महंगे पेट्रोल डीजल और छात्रों की महंगी शिक्षा से आज गरीब, मिडिल क्लास त्रस्त है। सोना आज आम आदमी के खरीद से दूर पचहत्तर हजार पार कर चुका है। आदिवासी को वनवासी कहने वाली भाजपा के प्रधानमंत्री आज संविधान और आरक्षण पर सफाई दे रहे हैं, जबकि इनके नेता ही कहते फिर रहे हैं की अगर 400 पर आया तो संविधान बदल देंगे। आरक्षण खत्म कर देंगे, जनता सब समझती है।

## शक्ति का नाम मोदी है : रामचंद्र चंद्रवंशी

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। बिश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा शक्ति का नाम मोदी है। बताया कि 2014 में जब केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनी थी। उस समय भारत 10 में स्थान पर था। अभी पांचवें स्थान पर है। आने वाले समय में मोदी ने कहा है कि भारत तीसरे स्थान पर आएगा। लोगों को धन-धन योजना के तहत अकाउंट खोला गया। महिलाओं को गैस कनेक्शन दिया गया। कहा कि बीडी राम देखने में छोटे लगते हैं। लेकिन काम बड़े-बड़े करते हैं। इसलिए बीडी राम को वोट दें।

## मोदी भारत ही नहीं विश्व के नेता हैं : डॉ शशी भूषण मेहता



**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** चियांकी हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन के पूर्व पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशी भूषण मेहता ने कहा कि इस बार पूरे देश में एनडीए गठबंधन को 400 से पार सीट लाना है। नरेंद्र मोदी भारत ही नहीं विश्व के नेता हैं। पलामू के लोकसभा प्रत्याशी बीडी राम को अपार मतों से जीताना है। लोगों से अपील किया कि बीजेपी को वोट दें। कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने गरीबों की उम्मीद को पूरा करने का काम किया है। जबकि इंडिया गठबंधन जो एक ठगबंधन है। उस मोदी जी के नेतृत्व में जो केंद्र में सरकार है। 10 वर्षों से विकास का काम कर रही है।

## मोदी के नेतृत्व में देश विकास करेगा: आलोक चैरसिया



**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** डाल्टनगंज के विधायक आलोक चैरसिया ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में ही देश विकास करेगा। संस्कृति व देश की विचारधारा को यदि बचाना है। तो मोदी को वोट देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पलामू लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार बीडी राम को वोट देकर विजय बनाना है। ताकि नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत हो सके। ताकि एनडीए गठबंधन की सरकार तीसरी बार बन सके।

## बीडी राम को वोट दें ताकि देश का विकास हो: कमलेश कुमार सिंह



**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि पलामू लोकसभा प्रत्याशी बीडी राम काफी मतों से जीतने जा रहे हैं। ये लोगों से बराबर मिलते हैं। सुख-दुख में लोगों का साथ देते हैं। पलामू की जनता विकास चाहती है। माता बहनों को राशन कैसे मिले। इसका मोदी ध्यान रखते हैं। इंडिया गठबंधन के पास प्रधानमंत्री का कोई उम्मीदवार नहीं है। यहां की जनता को ठोस निर्णय लेकर बीडी राम को वोट दें। ताकि देश का विकास हो सके।

## लोगों की सभी समस्या का समाधान करना प्राथमिकता : ममता भुइयां

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** पानी और पलायन को इंडिया गठबंधन ने पलामू लोकसभा क्षेत्र में मुद्दा बनाया है। पलामू लोकसभा सीट से राजद प्रत्याशी ममता भुइयां नामांकन करने के बाद लगातार जनसंपर्क कर रही हैं। ममता भुइयां ने प्रचार का अनोखा तरीका अपनाया है। ममता खुद गांव-गांव पहुंचकर लोगों से बात कर रही हैं और उनकी समस्याओं को सुन रही हैं। शुक्रवार को ममता भुइयां ने पलामू लोकसभा क्षेत्र के कई सुदूरवर्ती इलाकों में जनसंपर्क किया। इस दौरान राजद और कांग्रेस के कई नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। ममता भुइयां ने कहा कि वे एक-एक व्यक्ति से संपर्क कर रही हैं और उनसे बातचीत कर रही हैं। उन्होंने बताया कि लोगों से बातचीत के क्रम में पता चला है कि इलाके में विकास कार्य ठप हो गया है। कोई भी काम नहीं हुआ है। इस कारण लोगों को कई तरह की परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। राजद प्रत्याशी ममता भुइयां ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र में पानी और पलायन बड़ी समस्या है। कई इलाकों में मात्र एक चापानल पर कई लोग निर्भर हैं। क्षेत्र में सड़क और बिजली की भी समस्या है। ममता भुइयां ने कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान करना, खेतों और घरों तक को पानी पहुंचना और लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। इस मौके पर ममता भुइयां के साथ राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा समेत कई नेता शामिल थे।

## पलामू में तेज गर्मी व धूप से आद्रता बेहद कम, नदी–नाले सूखने से चुआड़ी के पानी पर भी आफत

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** गर्मी बढ़ने और वातावरण की आद्रता तेजी से घटने के साथ नदी- नाले के चुआड़ी व डाड़ी (कच्चा कुआं) का पानी भी तेजी से सूख रहा है। अभाव ग्रस्त ग्रामीण चुआड़ी व डाड़ी का पानी पीने को विवश हो गए हैं। परंतु जरूरतभर पानी जुटाने में परेशानी हो रही है। पलामू का अधिकत तापमान शुक्रवार को भी 40.4 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 19.8 प्रतिशत रहा जबकि



सुबह की आद्रता 29ः जबकि शाम की आद्रता 17ः है। मेदिनीनगर सदर अनुमंडल के सतबरवा प्रखंड के घुटूवा पंचायत की डोडाग गांव के 40 घरों के लोग मलय डैम में चुंआडी खोदकर पानी निकाल कर पीने को विवश हैं। मुखिया ने बताया कि गांव में जलमीनार तथा एक चापाकल खराब है। एक अन्य चापाकल से बहुत कम पानी निकल रहा है। एकता गांव के कई घरों के लोग मवि के बगल में बहने वाले एक नाला में चुंआडी खोदकर पानी की व्यवस्था कर रहे हैं। ग्रामीण वीरेंद्र और अजय ने बताया कि गर्मी शुरू होने के बाद पानी के लिए हाहाकार मच जाता है। रेवारातु पंचायत के दलित बस्ती चपरना के भी कई घरों के लोग कोईली नदी में चुंआडी खोदकर मुश्किल से जरूरतभर पानी जुटा रहे हैं।

## शत-प्रतिशत मतदान करवाने की कवायद शुरू : डीसी

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** जिले में शत-प्रतिशत मतदान करवाने की कवायद शुरू हो चुकी है।

इसी कड़ी में 2 मई से ही जिले में होम वोटिंग की प्रक्रिया प्रारंभ है जिसमें बीते गुरुवार को होम वोटिंग के तहत पलामू जिले में कुल 124 वोटर्स ने अपना मतदान अपने घर में ही किया। ज्ञातव्य है कि जिले के वैसे मतदाता जिनकी उम्र 85$ है व दिव्यांग मतदाता जो चलने-फिरने में असमर्थ है उन्हें भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से 12 डी फॉर्म के माध्यम से घर में ही मतदान कराने की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। होम वोटिंग के माध्यम से जिले में कुल 478 मतदाताओं से मतदान कराने का लक्ष्य रखा गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन शुक्रवार को हेरिटेज स्कूल में जारी मतदान का जायजा लिया। यहां मतदान कार्य में लगे कर्मियों से मतदातान करवाया जा रहा है जो 6 मई तक चलेगा। इसके अतिरिक्त गिरिवर स्कूल में भी मतदान कराया जा रहा है वहीं पुलिस लाइन में 7 से 9 मई को भी मतदान कराया जायेगा।

## पीएमआरसीएच में लोस चुनाव को लेकर बनेगा 10 बेड का ट्रॉमा सेंटर

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। लोक सभा चुनाव को लेकर मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 10 बेड का ट्रॉमा सेंटर बनाया जाएगा। अस्पताल के प्रभारी अधीक्षक डॉ आरके रंजन ने कहा कि अभी ट्रॉमा सेंटर तैयार नहीं किया गया है। लेकिन जल्द ही ट्रॉमा सेंटर स्थापित कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पलामू में 13 मई को लोक सभा का चुनाव होना है। इस कारण जल्द ही ट्रॉमा सेंटर स्थापित कर दिया जाएगा। जहां पर ऑक्सीजन से लेकर सभी व्यवस्था उपलब्ध रहेगा। उन्होंने कहा कि ट्रॉमा सेंटर 12 से 14 मई तक फंक्शनल रहेगा। ट्रॉमा सेंटर में अलग रोस्टर बनाया जाएगा। जहां पर 24 घंटे चिकिसक और कर्मी तैनात रहेंगे। वहीं हीट वेव को देखते हुए इमरजेंसी वार्ड में 10 बेड का अलग से वार्ड बनाया गया है। जहां पर चुनाव अथवा सामान्य व्यक्ति यदि हीट वेव से गंभीर होंगे, वैसे लोगों को भर्ती किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोक सभा चुनाव को लेकर मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रबंधन पूरी तरह से मुस्तैद है। चुनाव के पहले तक सारी व्यवस्था दुरूस्त कर ली जाएगी, ताकि किसी भी आपात स्थिति से सुगमता पूर्वक निपटा जा सके। उन्होंने चुनाव के दौरान अस्पताल परिसर में एंबुलेंस भी उपलब्ध रहेगा, ताकि आपात स्थिति में जरूरत के मुताबिक भेजा सके। उन्होंने कहा कि अस्पताल में चुनाव के मद्देनजर सारी दवाईयां आदि की भी व्यवस्था कर ली गई है।**




## याद किए गए संविधान सभा के सदस्य गोपा बाबू

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** देश की आजादी के बाद पलामू से पहले विधायक व भारत के संविधान सभा के सदस्य रहे स्व. अमिय कुमार घोष (गोपा बाबू) की स्थानीय बंगला पुस्तकालय में पुण्यतिथि मनायी गई। बंगाली समिति व बंगीय दुर्गा बाड़ी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में पलामू के वरीय पत्रकार व पलामू के क्रांतिकारी पुस्तक के लेखक प्रभात मिश्रा सुमन बतौर मुख्य अतिथि मौजूद थे। विषय प्रवेश बंगाली समिति के सचिव सैकत चटर्जी ने किया। वहीं बंगीय दुर्गा बाड़ी के सचिव दिवेंदु गुप्ता ने स्वर्गीय गोपा बाबू के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद मुख्य अतिथि श्री मिश्रा ने कहा कि अपनी पुस्तक में लेखन के लिए गोपा बाबू के बारे में जानकारी जुटाने के बारे में भी बताया। सौभिक दत्ता ने कहा की गोपा बाबू डाल्टनगंज के बंगाली समाज के लिए भी कई उल्लेखनीय कार्य किए। उनका योगदान को भुलाया नही जा सकता। अपनी पुस्तक के जरिए गोपा बाबू सहित पलामू के अन्य क्रान्तिकारियों के बारे में जानकारी संकलित करने के लिए बंगाली समिति व बंगीय दुर्गा बाड़ी द्वारा लेखक प्रभात मिश्रा सुमन को सम्मानित किया । मौके पर पार्थ प्रतिम गुप्ता, प्रसेनजीत दासगुप्ता, देवाशीष सेनगुप्ता, शुभंकर चक्रवर्ती, मुनमुन चक्रवर्ती, अमर कुमार भांजा, गौतम सेनगुप्ता, शिवनाथ चटर्जी, गौतम घोष, मासूम आर्ट ग्रुप के आदित्य कुमार, राज प्रतीक पाल, गुलशन मिश्रा आदि मौजूद थे।

संपादकीय

# मतदाता का अधिकार है मतदान, निर्वाचित प्रतिनिधि को मिलते हैं मतदाताओं के अधिकार

भारतीय संविधान में मतदाताओं को अपना प्रतिनिधि चुनने का अधिकार दिया गया है। निर्वाचित प्रतिनिधि अपने संसदीय अथवा विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं के अधिकार का प्रयोग करते हुए संसद और विधानसभा में जो भी कानून बनाए जाते हैं उसमें मतदान करते हैं। बहुमत के आधार पर लोकतांत्रिक व्यवस्था के कानून और नियम बनाने के अधिकार मिलते हैं। जब भी संसद और विधानसभा में कानून बनाए जाते हैं, बहुमत के आधार पर कानून और नियमों को स्वीकृति प्रदान की जाती है। तभी वह लागू होते हैं। मतदाता जब तक अपने इस अधिकार को गंभीरता के साथ नहीं समझेगा तब तक उसके साथ हमेशा इसी तरह का धोखा होता रहेगा जैसा कि पिछले वर्षों से होता चला आ रहा है। मतदान केवल मतदाता का कर्तव्य नहीं है।

मतदान उसका अधिकार है। केंद्र एवं राज्य में जो भी सरकारें बनती हैं, उसमें मतदाता और राजनीतिक दलों की बड़ी भूमिका होती है। क्योंकि मतदाता के मतदान करने के बाद जिस पार्टी को बहुमत मिलता है, उसी की केंद्र एवं राज्य में सरकार बनती है। वही बहुमत के आधार पर सरकार बनाती है। मतदाताओं को संविधान की बुनियादी बातों को समझना बहुत जरूरी है। मतदाताओं को उनके अधिकार से भी परिचित कराया जाना जरूरी है। जब कोई भी राजनीतिक दल मतदाताओं के लिए घोषणा पत्र जारी करता है। चुनाव लड़ने वाला उम्मीदवार मतदाताओं को क्षेत्र का विकास करने और क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने का जो आश्वासन देता है। मतदाता उसी से प्रभावित होकर अपना वोट उसके पक्ष में देता है। मतदाता राजनीतिक दल की विचारधारा, राजनीतिक दल के घोषणा पत्र में किए गए वायदे और उम्मीदवार द्वारा किए गए वायदों को ध्यान में रखते हुए अपना मत देता है। उसे संसदीय या विधानसभा क्षेत्र से बहुमत के आधार पर वह चुनाव जीतता है। लोकसभा और विधानसभाओं में उस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता है। निर्वाचित प्रतिनिधि और राजनीतिक दल यदि मतदाताओं से जो वायदे किए गए थे जिस विचारधारा के आधार पर उससे मत मांगा गया था यदि वह उसके विपरीत जाकर काम करता है तो वह मतदाताओं के साथ एक तरह की धोखाधड़ी है।

निर्वाचित सांसद अथवा विधायक राजनीतिक दल को छोड़कर दूसरे दल में जाता है, तो यह मतदाताओं के साथ धोखाधड़ी है। इसी तरीके से निर्वाचित प्रतिनिधि यदि अपने वायदे से मुकर जाता है, तो यह भी मतदाताओं के साथ एक तरह की धोखाधड़ी है। मतदाताओं को अपने इस अधिकार को समझते हुए मतदान करना चाहिए। मतदाता सजग होगा तो राजनीतिक दल और निर्वाचित प्रतिनिधि मतदाताओं के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझेंगे निर्वाचित प्रतिनिधि नैतिकता के साथ काम करेंगे। संविधान ने नागरिकों को जो मौलिक अधिकार दिए हैं। कोई भी सरकार इन अधिकारों को कम या खत्म नहीं कर सकती है। संविधान की मूल संरचना या आत्मा निष्पक्ष चुनाव कराने और हर नागरिक के अधिकारों को सुरक्षित बनाने का काम करती है। इस अधिकार की रक्षा करना मतदाता का ही कर्तव्य और अधिकार है। जब मतदाता अपने कर्तव्य और अधिकार को समझ लेगा सही मायने में तभी वह सही सरकार को चुन पाएगा। तभी उसके मौलिक अधिकार सुरक्षित रह पाएंगे। भारतीय नागरिकों को चाहे वह किसी भी जाति, धर्म का स्त्री, पुरुष ट्रांसजेंडर अपंग अथवा किसी भी आयु वर्ग का हो सभी को समान अधिकार दिए गए हैं। संविधान की इस संरचना को बदलने का अधिकार किसी के पास भी नहीं है। यह तभी सुरक्षित रह पाएंगे जब नागरिक स्वयं अपने अधिकारों और मतदान के कर्तव्य को लेकर सजग होंगे।

# मेरे सवालों का जवाब दो...चल-चल मेरे भाई



प्रदीप मिश्र

व्हॉटसएप, ई-मेल और इंस्टाग्राम और यू ट्यूब के दौर में भी आत्ममुग्ध बाबू और असंतुष्ट कुमार को या तो पत्र मिल रहे हैं या फिर संदेश दिए जा रहे हैं। ज्यादातर चिट्ठियां प्रेम पत्र की तरह हैं। इनके जरिए ह्य ये मेरा प्रेम पत्र पढ़कर तुम नाराज मत होना... का आग्रह किया जा रहा है। चुनावकाल के संक्रमण काल के बीच दोनों से कुछ सवाल भी पूछे जा रहे हैं। पूछने वाले कह रहे हैं कि इन्हें मैंने प्यार किया है, इसलिए यह उनका हक है। बात तो सही है लेकिन चाहने वालों को इन्होंने जवाब नहीं दिया है। याद करिए। केचुआ ने एक सप्ताह पहले इनसे एक-एक सवाल का जवाब देने का निर्देश दिया था। जहां-जहां सवाल दिखे थे, अब तक उत्तर नजर नहीं आए। जाति-धर्म पर खुल्लमखुल्ला बात बढ़ गई है। जवाब न देने से इनकी शर्म जमीन में गड़ गई है। बात दोहा-चौपाई से होते-होते चुटकुलों तक पहुंच गई है।

उम्मीद के बीच कुंठा में बोलने के लिए उन्हें लगती हर बात नई है। खजुराहो, सूरत और इंदौर से शुरू हो गया नया दौर है। अब पुरी बन गया नया ठौर है।

बहरहाल, आत्ममुग्ध बाबू से पूछा गया है कि अगर गारंटी ने खतरे की घंटी बजा दी तो ह्य झोला उठाकेह्न कहां जाएंगे। टीवी की बीमारी मतलब टीवी पर जाने-अनजाने, आने-छाने के शौक और न दिखाए जाने का ह्यशॉकह्न कैसे बर्दाश्त करेंगे। आइने में अपना चेहरा बार-बार देखकर डरेंगे। वचन और प्रवचन सुनाने के लिए कौन सी तिकड़म करेंगे। जुमले के बगैर हमले कैसे करेंगे। ईमानदारी से बताएं कि सत्य बोलना कब शुरू करेंगे।दरअसल, अब झूठ का रिकॉर्ड रखने वाले भी परेशान हो गए हैं। सुनते-सुनते बाकी लोगों के भी कान पक गए हैं। बादशाह, शहंशाह और जहांपनाह के प्रकोप से निकल कर कब खैरख्वाह बनेंगे। चाणक्य को कब तक चमकाएंगे। महान विचारक और रणनीतिज्ञ को कैसे कमतर बनाएंगे। ये करण -अर्जुन का गठबंधन कब तक नहीं टूटेगा। इलेक्टोरल बॉंडिंग का भांडा कब तक नहीं फूटेगा। कहीं चक्की पीसिंग-चक्की पीसिंग हो गया तो क्या समझाएंगे।

मेरा गांव मेरा देश के नाम पर मार दिया जाए या छोड़ दिया जाए। बोल तेरे साथ क्या सलूक किया जाए... कहकर धमकाते रहे हो। एजेंसियों के सहारे साथी बढ़ाते रहे हो। एक बात और। विधान और प्रावधान बदलने की आदत संविधान बदल कर मानेगी या फिर ऐसी ही सनातन का राग तानेगी। आगे भी चुनाव कराएंगे या सिर्फ और सिर्फ अकेले ही रुआब दिखाएंगे।

असंतुष्ट कुमार से लोग जानना चाहते हैं कि आगे भी एंग्री यंगमैन बने रहेंगे। कब तक भागेंगे नहीं और नहीं डरेंगे।अपनी अवस्था बदलेंगे या व्यवस्था बदलेंगे। आम राय को जगह देंगे या बरेली के बाजार में झुमका तलाशेंगे। कृपया बताएं कि जो मझधार में छोड़ गए थे, हालात बदलने पर वापसी के लिए उन्हें कितना भाव दिया जाएगा। महान-दयावान बनने के लिए खुद्दारों को किनारे कर दिया जाएगा। शहजादा कहने वालों को कब रत्न से सम्मानित करोगे। भूलने और याद रखने के लिए क्या-क्या जतन करोगे। स्मृति लोप यानी विस्मृति से कब तक बच पाओगे। कब किसानों का कर्जा माफ करोगे। जरूरतमंदों के साथ कैसे इंसाफ करोगे। अंतरराष्ट्रीय छवि को कैसे कायम रखोगे। विदेश जाओगे, युद्ध रुकवाओगे। बेरोजगारी और महंगाई कब तक चढ़ती रहेगी। अर्थव्यवस्था कब तक बढ़ती रहेगी। ऑल इन ऑल किसे बनाओगे। मलिक को अर्जुन बनाने के लिए रिमोट तो नहीं चलाओगे। इस बार तजुर्बा हासिल करने का इरादा है या फिर कुछ भी जाने-समझे बगैर करते रहेंगे यूसीसी और सीएए न लाने का वादा ही वादा। मंत्री बनकर मौज करोगे-जेब भरोगे पदेर्दारी करोगे या फिर संतरी बनकर पहरेदारी करोगे। किस तरह की क्रांति कर दोगे। जनता जनार्दन के कितने कष्ट हर लोगे। समानता के लिए क्या छीनोगे। कहां-कहां से दाने और लकड़ी बीनोगे।

ये तो झांकी है। कई प्रश्न बाकी है। शर्त लगा दी गई है कि पूछे गए सवालों का संतोषजनक जवाब देने पर ही चल-चल मेरे भाई। चल मेरे भाई... कहने के हकदार होंगे।


इसके लिए न हाथ जोड़ने की जरूरत होगी न ही पैर पड़ने की। लोग अकेले ही दौड़ पड़ेंगे। पहले की तरह लड़ेंगे। अगर सही नहीं होंगे जवाब तो पक्का मानिए टूट जाएंगे ख्वाब। डर है कि कहीं लोग जड़ों से न जुड़ जाएं। आगे बढ़ने के बजाय पीछे न मुड़ जाएं। इंतजार करने वालों के हाथों से पिंजरे वाले तोते न उड़ जाएं। अब कई-कई लोग दे रहे हैं एक साथ सफाई। अब तक कहां थे भाई। जाति गणना पर भी नहीं समझी थी भलाई। भक्त विभक्त हो गए हैं।

उनके तेवर सख्त हो गए हैं। इसीलिए कहीं-कहीं प्रचार का डंका है। कहीं-कहीं खाली-खाली सी लंका है। बड़े-बड़े लोग मुफ्त में चर्चा कर रहे हैं। उन्हें वोट भी मिल रहे हैं। दूसरे इसके लिए नोट खर्च रहे हैं। जिन्हें लगता है कि निजाम बदल जाएगा। यह भी बता दें कि इंतजाम कितना बदल जाएगा। आरक्षण का हरण न होने देने की हुंकार भरी जा रही है। तीसरे चरण के लिए सबके सब जनता जनार्दन की शरण में हैं। माहौल चीरहरण जैसा न हो जाए। कलिकाल में दुर्योधन अदृश्य हैं इसलिए कपड़े खुद फाड़ने होंगे। शिकायत करने के बाद रौब झाड़ने होंगे। चार जून के लिए उन्हीं में जुनून है, जिनके मुंह लग गया खून है। बाकी सभी को सुख देने वाली आस नहीं है। कहने वालों पर करने का विश्वास नहीं है।

व्हॉटसएप पर बार-बार बताया जा चुका है कि 407 सीटें आने पर अनुच्छेद 370 से भी ज्यादा खतरनाक वक्फ बोर्ड और अल्पसंख्यक आयोग को देश हित में खत्म कर दिया जाएगा। एक देश एक शिक्षा के तहत मदरसों को बंद करने के अलावा जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू कर दिया जाएगा। समान नागरिक संहिता का सपना पूरा होगा और देश तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर विरोधियों पर कहर ढाएगा। दस बिंदुओं में आरक्षण खत्म करने की बात कहीं नहीं है। मास्टर स्ट्रोक और हिंदुओ के लिए शुभ संख्या 11 करने के लिए ऐसा कुछ अनायास हो जाए तो कोई माई का लाल भी कुछ नहीं कर सकता है।

दो चरणों में वोटिंग का प्रतिशत भी 11 दिन के बाद बताया जा सका है। जानकारों ने इसका उत्तर तलाश लिया। बताया कि यह कोई खास बात नहीं है। अंधभक्तों के वोट गिनने के कारण ऐसे हालात बन गए। जहां-जहां डबल इंजन-वहां-वहां अलख निरंजन। अगले पांच साल तक इसे ही कहा जाएगा जनादेश। जनता का आदेश-निर्देश और बाकी लोगों के लिए ही नहीं विदेश के लिए भी होगा संदेश। तब तक सोचिए और इंतजार करिए। अगले चरण में अपनी-अपनी पार्टी से प्यार करिए।

# क्यूँ भूल गए हम मुस्कुराना



नीरज कृष्णा

**क्या आज हास्य दिवस के अवसर पर ईमानदारी से हमें मंथन/आत्मचिंतन नहीं करना होगा पैसा, पद, प्रतिष्ठा के पीछे भागते-भागते हम कहाँ आ गए कि आज हम मुस्कुराना भी भूल गए**

जिम्मेदारियों की ऐसी हवा चली है / खुलकर जीना भूल गए हैं / खुद के लिए वक्त ही नहीं है / खिलखिलाकर हँसना भूल गए हैं

किसी दिवस को मनाने का क्या मकसद क्या है।सामान्यतः कोई भी दिवस सिर्फ किसी ध्येय की याद दिलाने के लिए नहीं मनाये जाते हैं, परंतु कुछ दिवस ऐसे भी होते हैं जिनको मनाने के पीछे कोई ध्येय नियत रहता है। ये वे दिवस होते हैं जब हम वर्तमान वस्तुस्थिति का आकलन कर देखते हैं कि हम घोषित उद्येश्य की दिशा में कितना आगे बढ़े हैं, हमारी कमियां क्या रही हैं और अब आगे क्या करना है, इत्यादि। हम हर दिवस को जश्न मनाने के लिए नहीं बल्कि संकल्प लेने के लिए भी मानते हैं।

क्या आज हास्य दिवस के अवसर पर ईमानदारी से हमें मंथन/आत्मचिंतन नहीं करना होगा पैसा, पद, प्रतिष्ठा के पीछे भागते-भागते हम कहाँ आ गए कि आज हम मुस्कुराना भी भूल गए या कहूँ खास बिहारीपन अंदाज में कि हम ठठाना भी भूल गए?

आज के प्रगतिशील विज्ञान की प्रगति ने हमें काफी सुख सुविधाएं दी परन्तु इंसान आपस में इतनी दूरियाँ बना लिया कि आज परिवार विभक्त हो गए है, सब की खुशियाँ गायब सी हो गई है, आज हर किसी का चेहरा डरा-सहमा सा, व्यर्थ की उल्झनो मे उलझा हुआ, चिडचिडाता हुआ, चिंता की लकीरों वाला दिखाई देता है। आज सामाज के प्रत्येक व्यक्ति को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है जैसे, हँसना एक गंभीर अपराध हो गया है। आज की इन हालातों पर कभी कोई ध्यान दे रहा है कि चंद दशकों पहले जिस हंसी-खुशी के माहौल और वातावरण में हमलोगों ने अपना बचपन जिया है, क्या हम वह बचपन, वह माहौल हम आज के बच्चो को दे पा रहे हैं? इन सारी समस्याओं की जड़ ह्यएकल परिवारह्न का प्रचलन नहीं, बल्कि हमारी ह्लसंवादहीनताह्व ही प्रमुख कारण है। हास्य हमारे आपसी सम्बंधों का एक प्रतिबिम्ब भी है। हास्य हम सबके जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। न केवल यह हमारा मनोरंजन करता है, बल्कि आपसी सम्बंधों पर पड़ी उदासीनता की धूल को हटाकर उन्हें तरोताजा भी करता है। हास्य लोगों को पास लाने का एक सशक्त माध्यम है। यह सम्बंधों में जमी बर्फ को पिघलाता है तथा लोगों को एक-दूसरे के समीप लाता है। हास्य का उद्देश्य ही नकारात्मकता तथा निराशा को दूर कर वातावरण सकारात्मकता से भर देना है।

चार्ली चैपलिन ने अपनी पुस्तक में इस बात की चर्चा की है कि ह्लजीवन तब भी सार्थक है अगर तुम सिर्फ मुस्करा सकोह्व, यदि गंभीरतापूर्वक हम चैपलिन की बातों का मनन करे तो उन्होंने बहुत ही गंभीर बातों की तरफ हमारा ध्यान खींचा है।

मनुष्य के मुख पर मुस्कान सौभाग्य का चिन्ह है। हंसना मनुष्य की स्वाभाविक क्रिया है। विधाता की सृष्टि का कोई दूसरा प्राणी हंसता हुआ दिखाई नहीं देता। प्रसिद्ध चिंतक वायरन ने ठीक ही लिखा है- ह्यजब भी संभव हो सदा हंसो, यह एक सस्ती दवा है, हंसना मानव जीवन का उज्जवल पहलू है।ह्य पाश्चात्य तत्ववेत्ता स्टर्न ने तो यहां तक कहा है- ह्यमुझे विश्वास है कि हर बार जब कोई व्यक्ति हंसता मुस्कुराता है तो वह उसके साथ ही अपने जीवन में वृद्धि करता है।ह्य

जीवन ने हमें हँसी के रूप में एक अद्भुत उपहार दिया है, लेकिन यह उपहार आजकल अधिकांश परिवारों में धूल फांक रहा है। बचपन तक खुशी और हंसी स्वाभाविक रूप से सभी को आती है। लेकिन जैसे-जैसे बच्चे किशोरावस्था में बढ़ते हैं और युवावस्था में सांसारिक सस्पेंस बढ़ने लगते हैं और हंसी की स्वाभाविकता से बाहर होने लगती है।

युवा चेहरों पर चमकने वाली हंसी बड़े होते-होते कहां गायब हो जाती है? यह हमेशा हमारे साथ क्यों नहीं रहता? हर तत्व को भरने के लिए जीवन में एक खाली जगह की जरूरत होती है और हंसी के साथ भी यही सच है।यदि किसी कली पर एक बड़ा पत्थर रख दिया जाए तो यह कल्पना करना व्यर्थ है कि वह कभी फूल बन जाएगी।इसके अलावा, एक बहुत ही नरम वस्तु भी जब एक भारी भार के नीचे रखी जाती है, तो कठोर और कठोर हो जाती है, जैसे कि गद्दे में भरी हुई कपास शुरू में काफी नरम होती है, लेकिन लगातार उपयोग से सपाट और कठोर हो जाती है।वैज्ञानिक रूप से, एक वस्तु तब नरम होती है जब उसके अणुओं के बीच पर्याप्त जगह होती है, जो उन्हें एक दूसरे के संबंध में स्थानांतरित करने की अनुमति देती है।हंसी के लिए भी यह काफी हद तक सही है। हंसी का कोमलता, सरलता, सहजता, करुणा और संवेदनशीलता जैसे गुणों से घनिष्ठ संबंध है।जब तक ये गुण हममें रहते हैं, हँसी स्वाभाविक रूप से हमारे पास आती है।हालाँकि, जिस क्षण जटिलताएँ, तनाव और चिंताएँ हमारे जीवन में प्रवेश करती हैं, हमारे जीवन की स्वाभाविकता समाप्त हो जाती है।ये नकारात्मक भाव हमारे जीवन को असंवेदनशील बना देते हैं और उसकी सारी कोमलता कठोरता में बदल जाती है।

यदि हँसी केवल कुछ शारीरिक क्रियाओं जैसे होठों का कुछ इंच चौड़ा फैलाना या गले से कुछ आवाजें पैदा करना होता, तो यह बहुत मायने नहीं रखता। लेकिन ऐसा नहीं है। हंसी वास्तव में उन भावनाओं की अभिव्यक्ति है जो मन में विलीन हो जाती हैं और हमारे अंतर्मन को गुदगुदाने की क्षमता रखती हैं। कई यादें हमें हंसाने की क्षमता रखती हैं हास्य कविताएं, कहानियां, कार्टून और कॉमेडी सीरियल में कई अलग-अलग भाव होते हैं जो हमें हंसने पर मजबूर कर देते हैं। हँसी एक व्यक्ति के आंतरिक आनंद, मन की स्वतंत्रता, दिल की हर्षित धड़कनों और शरीर के हर रोम-रोम से निकलने वाली प्रशंसा का प्रतिनिधित्व करती है। यह प्रार्थना का एक रूप है जिसे हमारा अंतःकरण प्रकृति के लिए गाता है। यह उनके प्रति हमारी कृतज्ञता की एक काव्यात्मक अभिव्यक्ति है।

विज्ञान का प्रत्येक आविष्कार मनुष्य को अपने हाथों में जितना संभव हो उतना कम समय में पूरा करने में मदद करने के लिए प्रेरित होता है, वह अपनी पसंद के अनुसार अपने लिए पर्याप्त समय बचा सकता है। यह उसके आराम और खुशी के लिए समय के साथ बचा था, लेकिन आज हुआ यह है कि बेहतर जीवन के लिए समय बिताने के बजाय, वह तैनात और अधिक काम कर रहा है। परिणामस्वरूप अधिक कार्य करने के लिए वह अपनी चेतना में केवल कार्य संबंधी विचार, योजनाएं, और स्मृतियां ही समेट लेता है। हम काम से संबंधित गतिविधियों में इतने डूब जाते हैं कि हमारे पास किसी भी अन्य महत्वपूर्ण चीज के लिए समय नहीं होता है, परिणामस्वरूप, हंसी भी हमारे जीवन से कम हो जाती है और गायब हो जाती है।

मनुष्य के लिए बहुत खुशी सामाजिक मेलजोल से आती है- हमारे परिवारों के साथ आकस्मिक सैर, दोस्तों के साथ घूमना, काम के बाद सहयोगियों के साथ आराम करना और अजनबियों से दोस्ती करना। लेकिन आज की प्रौद्योगिकी-निर्भर, अति-प्रतिस्पर्धी दुनिया में, यह देखना आम है कि लोग मानवीय संबंधों पर अपने स्मार्टफोन में खुद को दफनाने का विकल्प चुनते हैं, सामाजिक समारोहों को छोड़ देते हैं क्योंकि वे ह्यउबाऊह्न हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हमारे पास कितनी कनेक्टिविटी है, यह व्यक्तिगत मानवीय संबंधों को प्रतिस्थापित नहीं कर सकता है, जो मिलने, याद दिलाने और हार्दिक हंसी साझा करने के बहुत सारे अवसर पैदा करते हैं। छुट्टियों में रिश्तेदारों से मिलने जाना या शादियों में पूरे दो-तीन दिन रुकना अब बीते दिनों की बात हो गई है।

जब हम दबावों और चिंताओं से रहित जीवन जीते हैं तो हम खुश होते हैं। वास्तव में इस मानव जीवन को सुखमय कैसे बनाया जाए, प्रारंभ से ही इसकी अधिकांश गतिविधियों के माध्यम से मानवता की मुख्य खोज रही है।आमतौर पर अपनाया जाने वाला दृष्टिकोण यह है कि खुश रहने के लिए मनुष्य को अधिक से अधिक खाली समय दिया जाना चाहिए। लेकिन आश्चर्यजनक रूप से इसने वास्तव में समय और मनुष्य के बीच एक रस्साकशी पैदा कर दी है।हम चिंता मुक्त जीवन जीने के लिए खाली समय का कम उपयोग करते हैं, और इसलिए, चिंता के लिए अधिक से अधिक अवसर पैदा करते हैं।

जीवन की सुंदरता, गुणवत्ता और संपूर्णता पूरी तरह इस बात पर निर्भर करती है कि हम जीवन के सभी अवयवों के बीच कितना संतुलन स्थापित कर पाते हैं और कितना अच्छा। और एक संतुलित जीवन जीने का तरीका जानना ही सच्चा है- जीने की कला। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने और अपनी उच्च महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए, हम अपना ध्यान जीवन के अन्य सभी महत्वपूर्ण पहलुओं से हटा देते हैं।

इस खोज में हम हंसी को भी पीछे छोड़ जाते हैं, जिसके बिना हमारा जीवन अधूरा है। यही वजह है कि बड़ी सफलता हासिल करने के बाद भी लोग अपने नैसर्गिक सुख और हंसी से कोसों दूर चले जाते हैं।

हँसी स्वाभाविक रूप से जीवन में आती है, लेकिन यह जीवन में तभी टिक सकती है जब व्यक्ति नीरस और कृत्रिम जीवन से दूर रहे। काम का बोझ ढोते हुए और कृत्रिमता में डूबा हुआ जीवन अगर यांत्रिक ढंग से जिया जाए तो वह अपना स्वाभाविक रस खो देता है। जीवन केवल वही नहीं है जोस्पष्ट है, इसमें बहुत कुछ है जो निहित है और फिर भी, यह हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। जो व्यक्ति जीवन के सभी आयामों को समझने की कोशिश करता है और उनमें से हर एक को विकसित करने का प्रयास करता है, वह जीवन की स्वाभाविकता को बनाए रखता है; और इसलिए उसके जीवन में हंसी के फूल हमेशा खिलते हैं।

यदि कोई व्यक्ति किसी भी प्रकार के दबाव में जीवन व्यतीत करता है तो निश्चित रूप से वह प्राकृतिक हंसी से वंचित रह जाएगा। हँसी केवल उस जीवन को सुशोभित करती है जो स्वतंत्र रूप से जीया जाता है। काम की अधिकता और जिम्मेदारियों के दबाव के बावजूद, अगर हम अपने जीवन का आनंद लेना चाहते हैं तो हमें अपने जीवन में कुछ खाली जगह बनानी होगी ताकि हँसी को एक प्राकृतिक स्थान मिल सके और हमें खुशी का आशीर्वाद मिल सके।

हंसी के संबंध में यह सर्वमान्य सिद्धांत है कि मुस्कुराते हुए व्यक्ति के पास क्रोध, ईर्ष्या एवं प्रतिहिंसा नहीं आ सकती। प्रतिहिंसा की अग्नि को शांत करने वाली यह अनमोल औषधि है। हंसी का ही एक स्वरूप मुस्कान है। जॉर्ज बर्नार्ड शा के प्रेरक शब्दों में ह्यहंसी की सुंदर पृष्ठभूमि पर जीवन ही जवानी के फूल खिलते हैं। जवानी को तरोताजा बनाए रखने के लिए आप भी खूब हंसिये।ह्न

आज के अनेक विषम समस्याओं से ग्रसित भौतिकवादी जीवन में मधुर मुस्कान आपको शांति देगी। यह निश्चय ही हमारे कार्य-क्षमता में वृद्धि करेगी। हँसने में कृपणता न कर हँसी के सुमन खिलायें। प्रकृति का अनमोल उपहार मुस्कान का सदुपयोग कर जीवन को सार्थक बनाएं। अपने चारों और हास्यमय वातावरण बनायें। सात्विक हँसी मानव की बहुत बड़ी संपदा है। इसे प्राप्त करने का सभी को प्रयास करना चाहिए, इससे जीवन यात्रा मंगलमय बन सकेगी।

आज हम विकास की अंधी दौड़ में चहलकदमी करते-करते कहाँ आ गये हैं, यह मंथन की विषय है जब एक फोटोग्राफर को कहना पड़ता है कि जरा मुस्कुराइये, प्लीज। क्या आप कभी किसी छोटे से अबोध बच्चे को फोटो खींचते समय कहते हैं कि बेटा, मुस्कुराओ तो।

आज महिलाएं जो विचित्र भाव-भंगिमाओं के साथ सेल्फी लेती हैं दरअसल वह मुस्कुराते हुए अपनी तस्वीर चाहती हैं पर नैसर्गिक हँसी और बनावटी हँसी में बहुत फर्क होता है।

नैसर्गिक हँसी हमारे भीतर से आती है पर बनावटी तो.....कोशिशों के बाद भी नहीं। यह विडम्बना ही तो है जहाँ कहा जाता रहा है कि बुद्ध मुस्कुरा रहे है और हम आज हास्य दिवस मना रहे हैं अपनी खोई हुई मुस्कुराहटों को पाने के लिए। मनुष्यता का इससे ज्यादा ह्रास और दूसरा कुछ हो भी नहीं सकता है।

हंसी बिना हमारे जीवन का श्रृंगार अधुरा है, इसलिए हँसते रहो और हंसाते रहो।

एक अंग्रेजी कहावत है- लाफ, वर्ल्ड विल लाफ विथ यू, / वीप, यू विल वीप अलोन अर्थात हंसो, पूरी दुनिया तुम्हारे साथ हँसेगी / रोओ, तुम अकेले रोओगे।

दोस्तों, यकीनन जिस भी दिन से हम अपने ऊपर हँसना सिख जायेंगे उस दिन के बाद न तो हमें कोई बीमारी होगी ....न अवसाद होगा और...... न ही समाज को हास्य दिवस मानाने की आवश्यकता।




# राह पकड़ तू एक चला चल पा जाएगा मधुशाला



ओमप्रकाश श्रीवास्तव

एक सज्जन अपनी पत्नी के साथ मुझसे मिलने आये। उनकी पत्नी धर्म में बड़ी रुचि रखती थीं। बातचीत में उन्होंने बताया कि वह टीवी पर अनेक वक्ताओं के प्रवचन सुनती हैं, अनेक धर्मग्रंथ पढ़ती हैं, हर देवी-देवता के मंदिर जाती हैंआदि-आदि। पर वह चिन्तित थीं कि अभी तक वह अपनी साधना का मार्ग तय नहीं कर पा रही हैं। यह समस्या केवल अध्यात्म के मार्ग में ही नहीं संसार के कामों में भी है, केवल उनके साथ ही नहीं हम सबके साथ भी है। जीवन चलता जाता है और अंत में निराशा ही हाथ लगती है कि, हाय ! हम जीवन में कुछ भी नहीं कर पाए। सांसारिक जीवन में लक्ष्य अनेक होते हैंपरंतु प्रत्येक को पाने का मार्ग एक ही होता है। उदाहरण के लिए यदि संगीतकार बनना है तो मार्ग होगा संगीता साधना, वैज्ञानिक बनने का मार्ग है विज्ञान पढ़ना आदि। जबकि अध्यात्म में लक्ष्य तो एक ही होता है - आत्मसाक्षात्कार या मुक्तिझ परन्तु उसे पाने के मार्ग अनेक होते हैं जैसे कर्म, ज्ञान, ध्यान, भक्ति आदि। अध्यात्म पथ पर चलने वाले भी जब साधना का मार्ग तय नहीं कर पाते तो जो मिलता जाता है करते जाते हैं। वे पूजा भी कर लेंगे, कोई योग शिविर लगा तो वहाँ भी चले गये, कोई बाबाजी आए तो उन्हें भी सुन लिया, वाट्सएप पर आनेवाले (अधिकतर अप्रमाणिक) तथ्यों को भी मान लिया, कोई पर्ची लिखने लगा या कोई थोक के भाव में ट्रकभर रुद्राक्ष खरीद कर बॉंटने लगा तो वहाँ भी दंडवत हो गये।

व्यास जी ने वेद, पुराण, उपनिषद, महाभारत जैसे महान ग्रंथों की रचना कर दी पर उन्हें शांति नहीं मिली। मन बैचेन रहता था। उन्होंने नारद जी से इसका कारण पूछा तब नारद ने कहा कि कृष्ण के प्रेम से पगी भागवत की रचना करो। उसी एक पर ध्यान केंद्रित करो। रहीम कह गये हैं कि - एकै साधे सब साधे सब साधे सब जाए। रहिमन मूलहिं सींचिवो फूलै फलै अघाय।। पौधे के तने, पत्तों, फूल आदि सभी अंगों को पानी नहीं देना पड़ता केवल जड़ में पानी देने से ही पौधा फलने फूलने लगता है। इसी प्रकार जीवन को सार्थक बनाने के लिए हमें भी यह पता होना चाहिए कि हमारे जीवन रूपी पौधे की जड़ कहाँ पर है।अपनी जड़ की पहचान करना, हमारी सांसारिक और अध्यात्मिक दोनों तरह की यात्राओं के लिए आवश्यक है। सृष्टि में प्रत्येक व्यक्ति, जीव, जंतु, फूल, पत्ती अद्वितीय है। हम भी सृष्टि में अपनी तरह के अकेले हैं।हमारे जन्म-जन्मांतरों के संस्कारों से हमारा मूल स्वभाव बना है। इसीलिए हर व्यक्ति की रुचि, चेतना का स्तर, अलग-अलग है और उसी के अनुरूप उसे पढ़ना-लिखना, व्यापार करना, बल का उपयोग करना या शारीरिक श्रम करना अच्छा लगता है (गीता 4.13, 18.41)। हमारे स्वभाव में इन चारों गुणों में से कोई भी एक पूर्णरूप से नहीं होता बल्कि चारों का मिश्रण होता है। हर व्यक्ति में उनका परस्पर अनुपात अलग-अलग होता है। इसी प्रकार प्रकृति के तीन गुण सत, रज और तम हमारी मनोदशा को निर्धारित करते हैं। इनका अनुपात भी व्यक्ति में समय और परिस्थितियों के साथ बदलता है (गीता 14.10)। सामान्य रूप से शांत रहनेवाला व्यक्ति भी कभी कभी क्रोधित हो सकता है अर्थात उसके सतोगुण पर तमोगुण प्रभावी हो गया है ।इसी प्रकार आलसी और अकर्मण्य भी कभी काम करने में लग जाता है अर्थात उसके तमोगुण पर उसका रजोगुण प्रभावी हो गया है।गीता में भगवान ने व्यक्ति के मूल स्वभाव या प्रकृति के अनुसार होने वाले कर्मों को फल की आसक्ति के बिना करने को उद्धार का मार्ग बताया है (गीता18.47)। इन कर्मों को हम जबरदस्ती छोड़ नहीं सकते।

अर्जुन से भगवान ने कहा कि यदि तुम युद्ध नहीं करोगे तो भी तुम्हारा क्षत्रिय स्वभाव तुम्हें स्वमेव युद्ध करने के लिए विवश कर देगा।(गीता 3.33, 18.59,60)।

## भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो व रागिनी सिंह ने झरिया विधान सभा क्षेत्र में चलाया सघन जनसंपर्क अभियान




उज्ज्वल दुनिया

झरिया :धनबाद संसदीय क्षेत्र में आगामी 25 मई को लोकसभा चुनाव के मतदान को लेकर प्रत्याशियों द्वारा चलाया जा रहा सघन जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने शनिवार को झरिया विधानसभा क्षेत्र के बस्ता कोला इंडस्ट्री बस्ती, बनियाहिर, झरिया पोद्दार पाड़ा, रामचंद्र दल में जनसंपर्क अभियान के तहत नुक्कड़ सभा करके लोगों से यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन में मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार 10 साल में गरीबों,मजदूर,किसान के लिए कई जन कल्याणकारी योजना लाएं मसलन उज्ज्वला योजना,आयुष्मान योजना,प्रधानमंत्री आवास योजना,मुफ्त अनाज योजना सहित कई योजनाएं शामिल है।

मौके पर मौजूद भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रागिनी सिंह ने जनता से अपील करी कि झरिया विधानसभा क्षेत्र की जनता भाजपा को वोट देकर प्रधानमंत्री मोदी के हाथ को मजबूत करें।

उन्होंने मौके पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लाई गई केंद्र की विभिन्न योजनाओं से हो रहे लाभ पर विस्तार से चर्चा की इस दौरान भाजपा महानगर जिला अध्यक्ष श्रवण राय, योगेंद्र यादव, राजकुमार अग्रवाल, शैलेश सिंह चंद्रवंशी तथा ललन चौबे सहित दर्जनों नेता कार्यकर्ता उपस्थित थें।

## आगामी चुनाव को ले भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मैं भी इलेक्शन एंबेसडर कार्यक्रम को लेकर सोशल मीडिया अभियान का होगा आयोजन

- स्वीप कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय ने प्रिंट एवं ईलेक्ट्रानिक मीडिया प्रतिनिधियों के साथ की बैठक,दी जानकारी

उज्ज्वल दुनिया





बोकारो : लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने...,सभी मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग ने #द्वंल्लइँए'ी३ङ्मल्लअुं२२ंङ्मि१ का आयोजन करने का निर्णय लिया है। उक्त बातें स्वीप कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय ने कहीं। वह शनिवार को समाहरणालय सभागार में वह प्रिंट एवं ईलेक्ट्रानिक मीडिया प्रतिनिधियों के साथ आहूत संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मौके पर स्वीप कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी सह सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे। स्वीप कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग/मंत्रिमंडल निर्वाचन झारखंड के निदेशानुसार आगामी 07 मई को शाम 06 बजे से रात्रि 08 बजे के बीच सभी रङ्क' टीर्ं ळंल्लर्ी२ पर #द्वंल्लइँए'ी३ङ्मल्लअुं२२ंङ्मि१ रङ्क' टीर्ं उेंस्रॅल्ल संचालित किया जाना है। इस अभियान को सफल बनाने को लेकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ा जा रहा है। जिले के सभी विद्यालयों/महाविद्यालयों में क्विज प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता, स्थानीय और रीजनल भाषा में गाना तैयार करना, मतदाता प्रतिज्ञा शपथ आदि कार्यक्रमों को आयोजित किया जाएगा। अभियान को सफल बनाने में आप सबों की भूमिका अहम है। उन्होंने अभियान के संबंध में ज्यादा से ज्यादा प्रचार झ प्रसार की बात कहीं। मौके पर स्वीप कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी सह सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह ने कहा कि #द्वंल्लइँए'ी३ङ्मल्लअुं२२ंङ्मि१ लोकसभा आम चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। आमजन विभिन्न मतदाता जागरूकता गतिविधियों से संबंधित वीडियो एवं फोटो को दिनांक 07.05.2024 को शाम 06 बजे से रात्रि 08 बजे के बीच #द्वंल्लइँए'ी३ङ्मल्लअुं२२ंङ्मि१ के साथ अपने सोशल मीडिया हैंडल्स पर अपलोड करेंगे एवं @एउक्रश्एएढ/@ूङ्मि१ 'ल्लि/@ी'ी३ङ्मल्ल95291/@इङ्मि'१ङ्मऊको टैग करेंगे।

स्वीप कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी सह सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी ने मीडिया प्रतिनिधियों को बताया कि आवश्यक सेवाओं की श्रेणी में शामिल मीडिया प्रतिनिधि जिन्होंने पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने के लिए सहमति जताई थी। उनके मतदान को लेकर सुविधा केंद्र का निर्धारण पोस्टल बैलेट एवं पीडीबल्यूडी कोषांग द्वारा कर दिया गया है। आगामी 18 से 21 मई के बीच पूर्वाह्न 09.30 बजे से शाम 05 बजे तक वह संयुक्त श्रम भवन सभागार कैम्प-2 बोकारो में अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं। मौके पर विभिन्न प्रिंट एवं ईलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधि, स्वीप कोषांग के कर्मीगण आदि उपस्थित थे।


## भाजपा का जनसंपर्क सह नुक्कड़ सभा का आयोजन



उज्ज्वल दुनिया

झरियाः रामचंद्र दल में शनिवार को भाजपा नेता संजू वर्मा के अध्यक्षता में जनसंपर्क सह नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। नुक्कड़ सभा सभा में मुख्य रूप से लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो एव भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागनी सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रही। सैकड़ों की संख्या में मौजूद भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोगों ने ढुल्लू महतो एव रागनी सिंह का भव्य स्वागत अभिनंदन किया। सभा को संबोधित करते हुए भाजपा नेत्री रागनी सिंह ने कहा की दिनांक 25 मई को झरिया की जनता इतिहास बनाएगी। लेकिन वर्तमान की गठबंधीय सरकार के कार्यकाल में झारखंड में हत्या,लूट,फिरौती, रंगदारी, महिलाओं पर उत्पीड़न समेत कई समस्या से यहां की जनता त्रस्त है। अब समय आ गया जब झारखंड की जनता अपने मतदान से जवाब देगी। वहीं सांसद प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि सत्तर वर्षो से देश में कांग्रेस का शासन रहा लेकिन अयोध्या में प्रभु श्री राम जी का मंदिर नही बन सका। चिटाही धाम मंदिर में मेने भी वर्ष 2019 में प्रभु श्री राम जी से प्रार्थना किया था की बहुत जल्द आपका भव्य मंदिर अयोध्या धाम में बने। प्रभु श्री राम जी ने मेरी प्रार्थना स्वीकार कर ली। कार्यकर्म में मुख्य रूप से राजकुमार अग्रवाल, अरुण साव, अखिलेश सिंह ,राजकिशोर जेना,श्रवण राय, योगेंद्र यादव,राजेश शर्मा, मोनू मंडल, दीपक मंडल, अमित वर्मा, रोहित ठाकुर, पिंकू चंद्रवंशी , मुन्नी देवी, पुनीता देवी, कुसुम वर्मा, लीला देवी समेत कई स्थानीय लोग उपस्थित रहें।

## चिरकुंडा के तालडांगा शीतला मंदिर में दो दिवसीय वार्षिक पूजन का शुभारंभ



एग्यारकुंड। चिरकुंडा स्थित तालडांगा हाउसिंग कॉलोनी के पानी टंकी के समीप शीतला मंदिर में दो दिवसीय वार्षिक धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ शनिवार से प्रारंभ हुआ। वैदिक मंत्रोचार के बीच माता शीतला की पूजन अर्चन किया गया। वहीं मंदिर कमेटी के सदस्यों ने बताया कि यह पूजा लगातार 51 वर्षों से होते आ रहा है यह हाउसिंग कॉलोनी की नगर देवी के रूप में पूजी जाती हैं तथा उन्होंने यह भी बताया कि शनिवार की संध्या में पूजन के बाद खिचड़ी महाभोग प्रसाद के रूप में भक्तों के बीच वितरण किया गया। मौके पर वरुण दे, पप्पू सिंह, शंभू नाथ शर्मा, रितेश वर्मा, संजय सिन्हा, बाबू पाल, जीतू शर्मा, रामदेव सिंह,श्यामल बनर्जी, राजेश शर्मा आदि कमेटी से जुड़े सदस्य मौजुद थे।

## महाराजगंज स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगणअखंड हरी कीर्तन का आयोजन किया गया

उज्ज्वल दुनिया



टुंडी : टुंडी प्रखण्ड के महाराजगंज स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में चल रहे पाँच दिवसीय 24 प्रहर अखंड हरी कीर्तन का आज शुक्रवार की देर रात्रि को पश्चिम बंगाल से आए बांकुड़ा जिले के कीर्तन विशारद व संगीत प्रभाकर तोतन भट्टाचार्य ने अपने नृत्य-गीत से राधाकृष्ण की रासलीला का वर्णन किया। राधाकृष्ण रासलीला की नृत्य गीत से भक्त आनंद विभोर होकर राधे-राधे कर झूमने को विवश हो उठे। पाँच दिवसीय अनुष्ठान के तीसरे दिन अखंड हरि कीर्तन में श्रद्धालु उमड़ पड़े ।

हरे रामा, हरे कृष्णा के जयघोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान होता रहा, यहाँ महाराजगंज व लछुरायडीह के सोलहआना के द्वारा संयुक्त रूप से आयोजन किया जा रहा है वहीं कल का अनुष्ठान में भी तोतन भट्टाचार्य के द्वारा ही किया जाएगा इसके बाद रविवार को कुंज भंग से साथ समापन किया जाएगा ।

मौके पर अरुण मण्डल, दिनेश प्रसाद साव, राजेन्द्र प्रसाद साव, गोलक बिहारी रजवार, मनीष पाल, बिजय मण्डल, मनोज साव, मनीष कुमार साव, गणेश मण्डल, दुलाल दे, दीपक पाल, भोलानाथ पाल, बंधु पाल, राकेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## धनबाद संसदीय सीट से उम्मीदवार डॉ.परवेज नैय्यर ने किया नामांकन

उज्ज्वल दुनिया



बोकारो : धनबाद लोकसभा सीट से आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) से प्रत्याशी डॉ.परवेज नैय्यर ने शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के पश्चात उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि जनता की इच्छा पर ही लोकसभा का चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया धनबाद में शिक्षा, रोजगार एक अहम मुद्दा है।व्यवस्थाएं जो बिगड़ी हुई है उसे ठीक करने के लिए चुनाव मैदान में उतरे हैं। धनबाद में भय का माहौल है. यहां दबँगता प्रभावी है। लोग भयभीत हैं। खासकर कोलियरी क्षेत्र के मजदूरों के साथ आज जो अन्याय हो रहे हैं उसके खिलाफ आवाज उठानी है। उन्होंने भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों के प्रत्याशियों से खुद को ऊपर बताया है। कहा कि धनबाद की जनता इन दोनों ही पार्टियों को देख और समझ चुकी है। आनेवाला चुनाव का परिणाम मेरे पक्ष में होगा। जनता पर हमें पूरा विश्वास है कि जनता अपना आशीर्वाद देगी। उन्होंने बताया आनेवाले दिनों में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का धनबाद आगमन होनेवाला है। पार्टी की रैलियां होंगी, सभाएं भी होंगी। पेशे से चिकित्सक डॉ.परवेज नैय्यर बोकारों चास के रहनेवाले हैं.1993 में मैट्रिक,1995 में इंटरमीडियट और 2003 में चिकित्सा में एमडी पास किया है.

## भाजपा प्रत्याशी श्री ढुल्लू महतो अपने जन सम्पर्क अभियान के तहत विद्यापति परिषद धनबाद के प्रांगण में पहुँचे



धनबाद धनबाद लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी श्री ढुल्लू महतो अपने जन सम्पर्क अभियान के तहत विद्यापति परिषद धनबाद के प्रांगण में पहुँचे । कार्यक्रम में परिषद के अध्यक्ष शिवकान्त मिश्रा ने प्रत्याशी का मिथिला के पाग, अंगवस्त्र और पुष्प माला से स्वागत किया और परिषद के गतिविधियों की जानकारी दी। भाजपा आ-ईटी विभाग झारखण्ड के प्रदेश संयोजक श्री अमरनाथ झा ने माँ जानकी की धरती मिथिला के गौरवपूर्ण इतिहास का उल्लेख किया और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा सीता के राम के भव्य मंदिर का उद्घाटन और प्राण प्रतिष्ठा की चर्चा करते हुए भाजपा के लिए 400 पार के लक्ष्य को हासिल करने के लिए वोट देने का अनुरोध किया। उन्होंने अयोध्या की तरह चिटाही में भी भव्य राम मंदिर के निर्माण हेतु, और धनबाद के मुद्दे को सदन में मजबूती से रखने के लिए ढुल्लू महतो को विजय बनाने का आग्रह किया। विद्यापति परिषद के उपस्थित कार्यकारी सदस्यों को संबोधित करते हुए प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने यह विश्वास दिलाया कि वो धनबाद की समस्याओं को सुलझाने का भरपूर प्रयास करेंगे और मिथिलॉचल के लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सामाजिक, सांस्कृतिक और विकास के हर क्षेत्र में काम करेंगे।

विद्यापति परिषद के सभी सदस्यों ने करतल ध्वनि और दोनों हाथ उठाकर प्रत्याशी को आशीर्वाद दिया और विजय की शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर विद्यापति समिति द्वारा एक स्मारिका का भी विमोचन किया गया और उसकी प्रति मंचासीन सभी अतिथियों को भेंट की गई। सम्पर्क अभियान का संचालन परिषद के सचिव संजय कुमार झा ने की। सम्पर्क अभियान में विद्यापति परिषद के संरक्षक डाक्टर के विश्वास, कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश झा उर्फ.नेता जी, उपाध्यक्ष राधा कृष्ण झा, उपाध्यक्ष जयप्रकाश झा, कोषाध्यक्ष आशुतोष झा, संयुक्त सचिव आर के झा, प्रमोद कुमार झा, मिल्टन पार्थसार्थी, मनोज कुमार मिश्रा एवं बड़ी संख्या में परिषद के सदस्यगण उपस्थित रहे।

### बोकारो जिला बास्केटबॉल टीम की चयन 6 मई से एम जी एम में

बोकारो : बोकारो जिला की टीम की चयन प्रक्रिया 6 से 8 मई 2024 तक सेक्टर 4 स्थित एम जी एम एच एस के बास्केटबॉल कोर्ट में संध्या 4 बजे से रखी गई है। प्रतिभावान खिलाड़ी अपने साथ अपना जन्म प्रमाण- पत्र, विद्यालय पहचान पत्र एवम आधार कार्ड अवश्य लेकर आएंगे। चयनित खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर 9 मई से अनुभवी प्रशिक्षको के मार्गदर्शन के प्रारंभ होगा। चयनित खिलाड़ी 27 से 29 मई तक बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ द्वारा आयोजित 24वे युथ झारखंड स्टेट बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेंगे प्रतियोगिता में वही बालक एवम बालिका भाग के सकते हैं जिनकी जन्मतिथि 01 जनवरी 2008 के बाद कि हो ।समस्त जानकारी बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ के सचिव संजीव कुमार सिंह ने दी।

संजीव सिंह ने जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि चयनित खिलाड़ी अपने साथ नॉटरी द्वारा सत्यापित जन्मतिथि अवश्य लाये।

## लोकसभा प्रत्याशी चन्द्र प्रकाश चौधरी ने जनसम्पर्क अभियान चलाया



उज्ज्वल दुनिया

टुंडी : एनडीए गठबंधन के गिरीडीह लोकसभा प्रत्याशी चन्द्र प्रकाश चौधरी ने शनिवार को अपने समर्थकों के साथ टुंडी विधानसभा के टुंडी प्रखण्ड क्षेत्र के पश्चिमी टुंडी व टुंडी अंतर्गत विभिन्न गांवों में सघन जनसम्पर्क अभियान चलाया इस दौरान नवादा, जीतपुर, नेमोरी, मनियाडीह, शीतलपुर, खटजोरी, मछियारा, पोस्टमारा, सर्रा, नवाटाँड़, चरककला, चरकखुर्द, पाण्डेयडीह, कालड़ाखूँदी, कोलहर, नौदार, पुरनाडीह, टुंडी, रतनपुर, बहादुरपुर, लोधरिया आदि गांवों में जनसम्पर्क के दौरान चन्द्र प्रकाश चौधरी को फूल माला पहनाकर जगह जगह स्वागत किया गया इस दौरान श्री चौधरी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा की नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए केला छाप पर वोट देने की अपील किया ओर कहा की मुझे फिर से गिरीडीह संसदीय क्षेत्र में ओर एक बार सेवा करने का मौका देने की अपील किया जनसम्पर्क के दौरान आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सह रामगढ़ डिप्टी मेयर मनोज महतो, केन्द्रीय महासचिव प्रमोद चौरसिया, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य ज्ञान रंजन सिन्हा, जिला सांसद प्रतिनिधि भास्कर ओझा, दिनेश राय, विधानसभा प्रभारी अनुप कुमार पाण्डेय, भाजपा प्रदेश सह सयोजक अजय कुमार सिंह, आजसू प्रखण्ड अध्यक्ष रामचन्द्र राणा, तिलक मण्डल, अवध किशोर चौधरी, राजेश सिंह, मिथुन कुमार मण्डल समेत बड़ी संख्या में आजसू व भाजपा कार्यकर्ता शामिल थें ी .

## एक्सेल एकेडमी नावागढ़ के छात्र – छात्राओं ने मैट्रिक व इंटर परीक्षा में लहराया परचम !

- एक्सेल एकेडमी के संचालक (रमेश महतो) ने बाघमारा विधायक( ढुल्लू महतो) को सफलता का श्रेय समर्पित किया...



महुदा - एक्सेल एकेडमी नावागढ़ के छात्र - छात्राओं ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मैट्रिक व इंटर परीक्षा में परचम लहराया !इस वर्ष भी सभी छात्र - छात्राओं द्वारा शत प्रतिशत परिणाम दिया ! इस वर्ष मैट्रिक व इंटर छात्र - छात्राओं ने 80% अंक के साथ प्रथम श्रेणि प्राप्त कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया ! वही एक्सेल एकेडमी के संचालक रमेश महतो ने कहा कि प्रत्येक बच्चों तक शिक्षा पहुंचना हमारा नैतिक कर्तव्य हैं ! हमारे एकेडमी में पूरी तरह से तकनीकी शिक्षा के माध्यम से पढ़ाया जाता है !

जिसकी वजह हमारे यहां मैट्रिक व इंटर के छात्र - छात्राओं वार्षिक परीक्षा परिणाम हमेशा शत प्रतिशत परिणाम रहा है ! वही मौके पर संचालक रमेश महतो ने बाघमारा विधायक (ढुल्लू महतो ) को धन्यवाद देते हुए कहा की संस्था को जब भी किसी सहयोग की जरूरत पड़ी है, माननीय विधायक श्री ढुल्लू महतो द्वारा निरंतर भरपुर सहयोग किया जाता हैं, और उनके सहयोग के कारण ही संस्था प्रगति की और प्रतिबद्ध हैं ,अंत में संस्था के संचालक रमेश महतो ने कहा कि आने वाले समय से (संस्था) गरीब बच्चों को भी शिक्षा के क्षेत्र में भी भरपूर सहयोग करके आगे बढ़ाने का काम करेगी !

## आजसू यूथ विंग चुनाव के लिए तैयार हैं –सदानंद महतो



तोपचांची : तोपचांची क्षेत्र के विभिन्न पंचायत के आजसू पार्टी के यूथ विंग की बैठक साहूबहियार में किया गया ।जिसमें दुमदुमी,तोपचांची, तांतरी, चितरपुर,रामाकुंडा,चैता,घुनघुसा,खेसमी, कोरकोटा तथा वार्ड सदस्य संघ के प्रखंड कमेटी के लोग मौजूद थे ।इस बैठक की अध्यक्षता सरयू प्रसाद महतो ने किया व संचालन विशाल महतो ने किया ।वहीं आजसू पार्टी जिला संगठन सचिव सदानंद महतो ने कहा कि आजसू यूथ विंग चुनाव को लेकर पूर्ण रूप से तैयार हैं और यूथ विंग से तोपचांची प्रखंड से हजारों हजार लोग नामांकन में बोकारो के लिए पहुंचेंगे ।इस अवसर पर अमर भारती, अमर धीवर,विनय दास,नारायण रजवार,महेश दास मनोज मोहाली,सोनू महतो ओमप्रकाश महतो,गणेश मंडल आदि लोग उपस्थित थे।

## डीपीएस बोकारो में विद्यार्थियों ने सीखे टेराकोटा शिल्पकला के गुर

- भारत की माटी के कण-कण में छिपी है कलात्मक विरासत : डॉ. गंगवार
- विशेष कार्यशाला कलाकृति में पंचमुरा के प्रख्यात कलाकार बरेन ने सिखाईं मूर्तिकला की बारीकियां

उज्ज्वल दुनिया



बोकारो : विद्यार्थियों को अपनी गौरवशाली संस्कृति, परंपरा और कलात्मक धरोहरों से अवगत कराने के उद्देश्य से दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो में शनिवार को एक विशेष कार्यशाला ह्यकलाकृतिह्ण आयोजित की गई। इस अवसर पर राजकीय सम्मान से नवाजे जा चुके पश्चिम बंगाल के जाने-माने टेराकोटा शिल्पकार बरेन कुंभकार मुख्य रूप से आमंत्रित थे। पंचमुरा (प.बं.) से पहुंचे कुंभकार ने कार्यशाला में उपस्थित छात्र-छात्राओं को टेकारोटा कला की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि टेराकोटा आर्ट तैयार करने के लिए तीन तरह की मिश्रित, लवण-रहित और उच्च ताप-सहन क्षमता वाली मिट्टी की आवश्यकता होती है। उन्होंने ऑन द स्पॉट भगवान गणेश, हाथी, शंख, घोड़ा सहित कई कलाकृतियां बनाकर बच्चों को अलग-अलग समूहों में इसका व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। चाक घुमाना, मिट्टी को गढ़ना और सनी हुई मिट्टी से टेराकोटा आर्ट तैयार करना बच्चों के लिए यादगार अनुभव रहा। विद्यार्थियों ने स्वयं में छिपी कलाकृति को मिट्टी से आकार देकर अपनी प्रतिभा दिखाई। श्री कुंभकार ने बच्चों के कलात्मक विकास की दिशा में डीपीएस बोकारो द्वारा किए गए इस आयोजन को काफी महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि कला के क्षेत्र में भी करियर की असीम संभावनाएं हैं।

इसके पूर्व, विद्यार्थियों को एक प्रस्तुतीकरण के जरिए टेकारोटा शिल्पकला के इतिहास, इसके विस्तार, क्षेत्रवार इसकी विशेषता तथा पुराने समय से लेकर अबतक मंदिरों व अन्य संरचनाओं के निर्माण में इसके उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। अनुभव आधारित शैक्षिक कार्यक्रम के तहत आयोजित इस कार्यशाला को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने बच्चों के कौशल-विकास में इसे अहम बताया। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक विविधता भारत की अनूठी पहचान व धरोहर है और बच्चों में अपनी संस्कृति-परंपरा और लोक कलाओं के प्रति सजगता आवश्यक है। यह उनके सर्वांगीण विकास में सहायक है। टेराकोटा मिट्टी कला पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि भारत की माटी के कण-कण में कलात्मक विरासत छिपी हुई है, जिसे जानना और संजोए रखना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि डीपीएस बोकारो अपने विद्यार्थियों के समग्र विकास को लेकर कटिबद्ध रहा है। इस प्रकार के आयोजन आगे भी होते रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने जहां बरेन कुंभकार को विद्यालय की तरफ से स्मृति-चिह्न दिया, वहीं बरेन ने भी प्राचार्य डॉ. गंगवार को टेराकोटा शिल्प से तैयार स्वनिर्मित मां दुर्गा की सुंदर कलाकृति भेंट की.

## तेनुघाट डैम किनारे झाड़ियों व जंगलों में लगी भीषण आग



### अग्नि समन दस्ते के सहयोग से प्रशासन कर रही है बुझाने का प्रयास

उज्ज्वल दुनिया

तेनुघाट : अनुमंडल कार्यालय तेनुघाट से सटे तेनुघाट डैम किनारे झाड़ियों व जंगलों में भीषण आग लग गई है। आग लगने के कारणों का पता नही चल सका है। अगलगी की घटना की सूचना तेनुघाट पंचायत की पंचायत समिति सदस्य गुड़िया देवी एवम तेनुघाट कोर्ट के वरीय अधिवक्ता नरेन्द्र सिंह ने अनुमंडल पदाधिकारी सहित तेनुघाट ओपी प्रभारी अजीत कुमार को दिए। सूचना मिलने के बाद स्थानीय तेनुघाट ओपी थाना प्रभारी अजीत कुमार दल बल के साथ एवम अग्नि समन दस्ते के जवानो को लेकर घटना स्थल पहुंच गई। तथा झाड़ियों व जंगलों में लगे आग को बुझाने का कार्य प्रारंभ कर दिए है। वही तेनुघाट अनुमंडलीय कार्यालय एवम कोर्ट आने जाने वाले आम लोगो सहित अधिवक्ताओं को काफी परेशानी हो रही है। पंचायत समिति सदस्य गुड़िया सिंह ने कहे की गर्मी के दिनो मे यहां सड़क किनारे झाड़ियों में आएदिन आग लग जा रही है जिसपर प्रशासन से कारगर पहल करने की मांग किया गया.

## एक नजर

### झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने बेंगाबाद बाजार में लोगों से ताबा तोड़ जनसंपर्क किया

● लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने का अपील की



गिरिडीह । इंडिया गठबंधन से झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने शनिवार को गांडेय विधानसभा क्षेत्र के बेंगाबाद बाजार में लोगों से ताबा तोड़ जनसंपर्क किया ।उन्होने लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने का अपील की।

इस दौरान गांडेय के पूर्व विधायक सह राज्यसभा सांसद डॉक्टर सरफराज अहमद, स्थानीय मुखिया समेत सैकड़ों झामुमो के कार्यकताओं शामिल थे।

### मेटनेन्स का कार्य को लेकर रविवार को 1 बजे तक आपूर्ति कार्य बंद रहेगा

मधुबन(गिरिडीह)पीरटांड़ प्रखंड विधुत सब-स्त्रटेशन से निकलने वाले हरलाडीह फीडर मे 33 हजार केबीऐ मे तथा मधुबन,कोडाडीह,मंडरो,पहाडपूर, एवं देवानडीह फीडर मे 11 हजार विध्धुत आपूर्ति कार्य बंद रहेगा ।क्योंकि की पीरटांड़ सब-स्टेशन मे रविवार को प्रातःकाल 07 बजे से दोपहर एक बजे तक मेटनेन्स का कार्य किया जाएगा ।यह जानकारी विध्धुत आपूर्ति विभाग डुमरी के सहायक अभियंता सुजीत कुमार उपाध्याय ने दिया ।वही विभाग के कनीय अभियंता राजेश निरंजन टोप्पो व मैटनेन्स का कार्य देखरेख कर रहे विभाग के कर्मी दीलिप कुमार शर्मा ने बताया की विध्धुत सब-स्टेशन ने मैटनेन्स का रहने के कारण रविवार को सुबह 07 बजे से दोपहर 01 बजे तक प्रखंड के सब-स्टेशन मे पडने वाले हरलाडीह ग्राम के 33 हजार तथा पांचो फीडर मे 11 हजार विध्धुत आपूर्ति बंद रहेगा ।मैटनेन्स का कार्य पूरा होने पर आपूर्ति चालु किया जाएगा ।ताकी आम जनताओ को विध्धुत आपूर्ति की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। .

### आंगनबाड़ी केंद्र मे मासिक टीकाकरण का आयोजन

मधुबन(गिरिडीह)मधुबन पंचायत के विरनगड्डा ग्राम के आंगनबाड़ी केंद्र मे शनिवार को मासिक टीकाकरण का कैम्प का आयोजन बहुत ही सुदंर तरीकों से किया गया ।जिसमे दर्जनों ग्रामीण महिला व छोटे-छोटे बच्चों का टीकाकरण किया गया ।कैम्प का नेतृत्व कर रहे स्वास्थ्य विभाग की एएनएम रोजी कुमारी रानी ने कैम्प मे उपस्थित सभी लाभुकों का स्वास्थ्य का जांच करते हुए मासिक टीकाकरण भी किया गया ।वही गर्मी बहुत अधिक पडने के कारण केन्द्र की सेविका ममता सिन्हा ने सभी लाभुकों को धुप से बचने की सलाह दिया है ।उन्होंने सभी लाभुकों को गरमी से बचते हुए बच्चों को धर से बाहर निकलने की सलाह दिया ।साथ ही साथ रात मे धरो मे मच्छरदानी का उपयोग करने की भी बात कही गई ।मौके पर मुख्य रूप से सहायीका उर्मिला देवी,सहीया पुनम देवी,एम०पी० डब्ल्यू मनोज कुमार सहीत कारी देवी,बसंती देवी,मेधा देवी,प्यारी देवी,रेखा देवी,आदि लोग उपस्थित थे।

### युवा कांग्रेस के जिला सचिव के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान चलाया गया

डुमरीःप्रखण्ड के लक्ष्मणटुंडा और खैराटुंडा में शनिवार को युवा कांग्रेस के जिला सचिव सरफराज अहमद उर्फ गुड्डु मलिक एवं प्रखंड अध्यक्ष कपिल ठाकुर के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान चलाया गया साथ ही इस दौरान लोगों को राहुल गांधी की 5 गारंटी का पर्चावितरित करते हुए लोगों से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की गयी साथ ही

अन्य लोगों को भी कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार को हीवोट देने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया गया।

जिला सचिव ने कहा कि केन्द्र की सत्ता में कांग्रेस की सरकार बनते ही राहुल गांधी की 5 गारंटी जिसमें देश के युवाओं,मजदूरों,किसानों,महिलाओं की सामाजिक व आर्थिक उत्थान की बात कही गयी है,उसे पूरा किया जाएगा।

### आर्थिक सर्वेक्षण कर स्थानीय बिक्रेताओं से वातार्लाप कर उनके प्रतिदिन का आय व्यय का व्योरा जानने का प्रयास किया गया



डुमरीःपारसनाथ महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो रजनी कुमारी द्वारा शनिवार को क्षेत्र के बाजार सर्वेक्षण करवाया गया ।कॉलेज विद्यार्थियों ने साप्ताहिक हाट इसरी बाजार में जाकर आर्थिक सर्वेक्षण कर स्थानीय बिक्रेताओं से वातार्लाप कर उनके प्रतिदिन का आय व्यय का व्योरा जानने का प्रयास किया ।इस आय व्यय की जानकारी से उनकी आर्थिक स्थितियों की जानकारी प्राप्त होती है ।इस सर्वेक्षण में कुल 36 विद्यार्थियों ने भाग लिए ।सर्वेक्षण के दौरान प्रो संगीता कुमारी विद्यार्थियों में ओमप्रकाश महतो,प्रेम कुमार,पिंटू दास,अक्षय कुमार,रंजीत कुमार, राहुल सिंह,सूरज कुमार,अभिषेक कुमार,साक्षी कुमारी,पूनम कुमारी,खुशी कुमारी,पूजा कुमारी,निशा कुमारी,जागृति कुमारी,कंचन कुमारी,ललिता कुमारी आदि शामिल थे।

### मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गिरिडीह पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में शिविर लगाया गया



गिरिडीह । मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गिरिडीह पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा के नेतृत्व में विभिन्न स्थानों में शिविर लगाया गया. शनिवार सुबह आरके महिला कॉलेज में सदर एसडीपीओ बिनोद रवानी, डीएसपी मुख्यालय श्रीमती अंकिता राय, सार्जेन्ट मेजर राजेश रंजन, नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद, प्राचार्य के अलावा कई लोग मौजूद थे. वही 18 की उम्र की छात्राओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया. वहीं शाम में पपरवाटांड चौक पर जागरूकता अभियान चलाया गया.इस दौरान गिरिडीह एसपी ने बताया कि सुबह 7 से शाम 5 तक मतदान का समय है. सबसे पहले हमें मतदान करना है. कहा कि मतदान स्वेच्छा से करना है. किसी के प्रलोभन में नहीं आना है. कोई मतदाताओं को प्रभावित करने का प्रयास करता है तो इसकी सूचना दें. कहा कि प्रशासन की तरफ से सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है. लोग बेखौफ होकर मतदान करने पहुंचे. यहां एसडीपीओ बिनोद रवानी, सार्जेन्ट मेजर राजेश रंजन, मुफ्फसिल थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर श्याम किशोर महतो ने भी लोगों को जागरूक किया. इस मौके पर हरगौरी साहू, कमलचंद साहू, रंजन सिन्हा, पूनम देवी, जगत पासवान, मनीष मंडल, गोपाल विश्वकर्मा, राहुल, सूरज साहू, बीजू, गोविन्द, पूर्णिमा, रुपेश, संजय समेत कई लोग मौजूद थे.

## भेज रहे है स्नेह निमंत्रण, मतदाता आपको बुलाने को चुनाव का है यह महापर्व,आप भूल न जाना आने को

● कोडरमा/गिरिडीह लोकसभा तथा गांडेय विधानसभा उप चुनाव को लेकर हर घर दस्तक अभियान के माध्यम से जागरूक करने का कार्य की गई




उज्ज्वल दुनिया

गिरिडीह । कोडरमा/06 गिरिडीह लोकसभा आम निर्वाचन 2024 व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के निमित्त स्वीप एक्टिविटी के तहत व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा ह्वहर घर दस्तक अभियानह्व चलाया जायेगा। जिसके माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए आमंत्रित किया जायेगा। ताकि जिले में मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जा सकेगा। आमंत्रण पत्र के साथ जिला प्रशासन/स्वीप कोषांग की टीम मतदाताओं के घर दस्तक देगी और उन्हें मतदान के महत्त्व, वोटर हेल्पलाइन ऐप, 1950, सी-विजिल ऐप समेत निर्वाचन प्रणाली के विषय में जागरूक करने का कार्य करेगी। जिला प्रशासन और स्वीप कोषांग की टीम द्वारा वैसे मतदान केंद्र जहां पूर्व के निर्वाचनों में वोट परसेंटेज कम था, उसे कवर करेगी और स्पेशल ड्राइव चलाकर वहां के मतदाताओं को जागरूक करेगी।

भेज रहे है स्नेह निमंत्रण, मतदाता आपको बुलाने को चुनाव का है यह महापर्व, आप भूल न जाना आने को

प्रिय मतदाता, भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार लोकसभा चुनाव एवं 31 गाण्डेय विधानसभा उप चुनाव (लोकतंत्र का महापर्व) के मंगल महोत्सव की पावन बेला पर मतदान करने हेतु आप निम्न दिवस व समय पर परिवार के सभी मतदाताओं के साथ सादर आमंत्रित है।

विदित हो कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 05 कोडरमा लोकसभा का मतदान 20 मई तथा 06 गिरिडीह लोकसभा आम चुनाव का मतदान 25 मई 2024 को होना है। इसके साथ ही 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव की मतदान तिथि 20 मई है। इसी के निमित्त सभी आवश्यक तैयारियां को सुदृढ़ किया गया है। ताकि अधिकाधिक संख्या में मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक व प्रोत्साहित किया जा सकें।

### हैप्पी सटरडे के दिन हुई बाल विवाह पर भाषण प्रतियोगिता

गिरिडीह । +2 उच्च विद्यालय, अटका मे हैप्पी सटरडे नामक कार्यक्रम के अंतर्गत अक्षय तृतीया शुभ मुहूर्त बाल विवाह विषयक भाषण प्रतियोगिता तथा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया कार्यक्रम मे विद्यालय के 100 छात्र -छात्राएं भाग लिया जिसमे भाषण प्रतियोगिता मे प्रथम रिया कुमारी, द्वितीय श्वेता रानी, तृतीय राहुल कुमार को चयनित की गयी।

प्रचार्य शिशिर कुमार ने कहा कि बाल विवाह एक अपराध है लड़की कि शादी 18 वर्ष के बाद तथा लडके कि शादी 21 वर्ष बाद शादी बैध मानी जाती है बाल विवाह होने पर दो वर्ष कि सजा तथा एक लाख जुमार्ने कि प्रावधान है बाल विवाह होने से ज्यादा प्रभावित लड़कियां होती है कम उम्र शादी कम उम्र मे बच्चे जिसका दुष्परिणाम मातृ शिशु मृत्यु दर मे बृद्धि, खून मे कमी कुपोषित बच्चे जैसे बहुत बीमारियों से ग्रसित हो जाना और अंत मे कम उम्र मे मृत्यु और कहा इस कुप्रथा को जन जन को जानकारी देना है बाल विवाह को मिटाना है।

### सभी विद्यालयों–महाविद्यालयों में कार्यक्रम का आयोजित कर फ्यूचर वोटर्स/युवा मतदाता तथा उनके पैरेंट्स को मतदान के प्रति जागरूक की जाए:नमन प्रियेश

● 07 मई 2024 को शाम 06 बजे 08 बजे तक मैं भी इलेक्शन एंबेसडर कार्यक्रम को लेकर सोशल मीडिया कैंपेन चलाया जायेगा

उज्जवल दुनिया

गिरिडीह । लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में सभी निर्वाचकों को मतदान करने हेतु जागरुक करने के उद्देश्य से विभाग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में सभी निर्वाचकों को मतदान करने हेतु जागरुक करने के उद्देश्य से विभाग द्वारा मैं भी इलेक्शन एंबेसडर कार्यक्रम संचालित करने का निर्णय लिया गया है। उक्त के सफल संचालन को लेकर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी, नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में स्वीप कोषांग, मीडिया कोषांग के वरीय पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर, चैंबर ऑफ कॉमर्स, डिस्ट्रिक्ट आईकॉन, सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर समेत शिक्षा विभाग के अधिकारी व कर्मियों के साथ बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन में व्यापक रूप से मतदाता जागरूकता हेतु दिनांक 07.05.2024 को संध्या 06 से 08 बजे के मध्य सभी सोशल मीडिया हैंडल पर मैं भी इलेक्शन एंबेसडर संचालित करने का निर्णय लिया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को बेहतर कार्य योजना तैयार कर सभी विद्यालयों/महाविद्यालयों में स्वीप एक्टिविटी करने का निर्देश दिया। साथ ही विद्यालयों-महाविद्यालयों में स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से वहां के बच्चों के साथ साथ उनके पैरेंट्स को भी जागरूक करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि शहरी क्षेत्रों में उदासीनता को दूर करने हेतु ज्यादा से ज्यादा स्वीप एक्टिविटी किया जाय ताकि अधिकाधिक संख्या में लोगों को जागरूक कर उन्हें मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया जा सकें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी विद्यालयों/महाविद्यालयों में क्विज प्रतियोगिता, पेंटिग प्रतियोगिता, बैग का गठन, भैप बैठक की वीडियो, स्थानीय और रीजनल भाषा में गाना तैयार करना, मतदाता प्रतिज्ञा शपथ आदि कार्यक्रमों को संचालित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही जिले के सभी स्टेक होल्डर्स के अलावा जिले के सभी सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर, डिस्ट्रिक्ट आईकॉन तथा पीडब्ल्यूडी आईकॉन का वोट अपील आदि को रिकॉर्ड कर उसका सोशल मीडिया साइट्स पर व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाय, जिससे कि जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सकें। इसके साथ ही कुछ विद्यालयों को डेमोक्रेसी रूम तैयार करने का निर्देश दिया। सोशल मीडिया कैंपेन को सफल बनाने के लिए सभी की भूमिका अहम है, सभी के सहयोग और समन्वय से इस कार्यक्रम को सफल बनाया जा सकेगा। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिला स्तर पर सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी विद्यालयों में स्वीप के तहत गतिविधियाँ संचालित की जाएं, जिसमें मुख्य रूप से विद्यार्थियों द्वारा अपने अभिभावकों से मतदान हेतु अपील का पत्र, पेंटिंग, काटून, अभिभावकों, पड़ोसियों के साथ सेल्फी, आदि गतिविधियाँ सम्मिलित हों।

## तिसरी बिआरसी कार्यालय को मर्ज स्कूल के पुराने भवन में किया गया शिफ्ट

● कार्यालय जर्जर होने से बना रहता घर डर, कर्मियों को होगी राहत

उज्जवल दुनिया उज्जवल दुनिया



तिसरी ( तिसरी बीआरसी भवन पूरी तरह जर्जर होने के कारण पास स्थिति मर्ज किए गए कन्या मध्य विद्यालय भवन में शनिवार को शिफ्ट की गई।

इस दौरान विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रंजीत कुमार चौधरी ने फीता काटकर उद्घाटन किया गया ।बता दें कि बीआरसी कार्यालय पूरी तरह जर्जर हो चूका था। भवन के कई हिस्सों में दरारे पड़ी हुई थी।

कार्यालय को उक्त बिल्डिंग में शिफ्ट करने से बिआरसी कर्मी सहित शिक्षको को भी काफी राहत मिलेगी।

मौके पर बीईईओ श्री चौधरी ने कहा कि पुराने बीआरसी भवन में कमरों की कमी नही है लेकिन सभी कमरे जर्जर हो चुके हैं,बरसात के समय छत से पानी भी रिसता था। जिसके कारण हमेशा दुर्घटना का डर बना रहता था ।जिला के उच्च अधिकारी के निर्देश पर बीआरसी भवन के सामने स्कूल के पुराना बिल्डिंग खाली रहने पर यहां बीआरसी कार्यालय को शिफ्ट किया गया है।

मौके पर सीआरसीसी मृत्यंजय कुमार,संजीत भारती,ऑपरेटर पवन कुमार,कस्तूरबा विधालय के वार्डन शिखा देवी,बलवीर यादव,बैकुंठ अग्रवाल,पंकज सिंह,अविनाश पांडेय,उपेंद्र शर्मा सहित दर्जनों शिक्षाविद शामिल थे।

## सामान्य प्रेक्षक ने निवार्ची पदाधिकारी कोडरमा लोकसभा तथा गांडेय विधानसभा उप चुनाव में अबतक किए गए नाम निर्देशन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी लिये तथा निर्वाचन को लेकर की गई तैयारियों की जानकारी प्राप्त की







उज्जवल दुनिया उज्जवल दुनिया

गिरिडीह । 05 कोडरमा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के निमित्त शनिवार को सामान्य प्रेक्षक, श्री आलोक कुमार सिंह ने निवार्ची पदाधिकारी 05 कोडरमा लोकसभा संसदीय क्षेत्र से नाम निर्देशन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली तथा निर्वाचन को लेकर की गई तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा उन्होंने निवार्ची पदाधिकारी, 31 गांडेय विधानसभा से गांडेय विधानसभा उप चुनाव में अबतक किए गए नाम निर्देशन की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा इस संबंध में संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान उन्होंने नाम निर्देशन पत्रों की जांच की तथा कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उपरोक्त के आलावा कई संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

विदित हो कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 05 कोडरमा लोकसभा का मतदान 20 मई तथा 06 गिरिडीह लोकसभा आम चुनाव का मतदान 25 मई 2024 को होना है। इसके साथ ही 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव की मतदान तिथि 20 मई है। इसी के निमित्त सभी आवश्यक तैयारियां को सुदृढ़ किया गया है। ताकि अधिकाधिक संख्या में मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक व प्रोत्साहित किया जा सकें।

## डाक मत पत्र से मतदान कराने हेतु मतदाता सुविधा केन्द्र एवं पोस्टल वोटिंग सेन्टर बनाया गया

गिरिडीह । लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के निमित्त गिरिडीह जिले के निर्वाचन कार्य में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी/कर्मी, पुलिस पदाधिकारी/कर्मी एवं आवश्यक सेवा के जो मतदाता, 10-सिंहभूम, 11-खूँटी, 11-लोहरदगा एवं 13 पलामू से संबंधित है, को डाक मत पत्र से मतदान कराने हेतु मतदाता सुविधा केन्द्र एवं पोस्टल वोटिंग सेन्टर निम्न विवरणी के अनुसार बनाया गया है।

**मतदाता सुविधा केन्द्र का नाम**

1. पुराना सी.एस.सी कक्ष, नया समाहरणालय पपरवाटांड गिरिडीह/पोस्टल वोटिंग सेंटर,
2. न्यू पुलिस लाइन।
3. पुराना पुलिस लाईन गिरिडीह

डाक मतदाताः Polling Personnel, Voter on Election Duty/AVES Essential Services) Police Personnel, Homeguard, IRB निर्धारित तिथि दिनांक 06.05. 2024 से 09.05 2024 तक, समय 09.00 पुर्वाहन से 05.00 बजे अपराहन निशिचत की गई है। उपरोक्त मतदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे निर्धारित सुविधा केन्द्रों में ससमय डाक मतपत्र से, निर्धारित पहचान पत्र प्रस्तुत कर, मतदान में भाग लेने का कष्ट करें।

## पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में सीसीएल महाप्रबंधक कार्यालय परिसर में जागरूकता अभियान चलाया गया




उज्जवल दुनिया

गिरिडीह ( गिरिडीह जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देश पर अलग अलग स्थानों पर तरह तरह का कार्यक्रम चलाया जा रहा है. इसी कड़ी में शुक्रवार की शाम को पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार शर्मा के नेतृत्व में सीसीएल महाप्रबंधक कार्यालय परिसर में जागरूकता अभियान चलाया गया। जहां सीसीएलकर्मियों को मतदान के प्रेरित किया गया। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा ने उपस्थित कर्मियों को कहा कि खुद भी मतदान करना है और आस पास के लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। एसपी ने उपस्थित कर्मियों से मतदान के लिए शपथ भी दिलवाया. वही इस क्रम में सीसीएल गिरिडीह एरिया के महाप्रबंधक बासब चौधरी ने भी मतदान करने के लिए प्रेरित किया. इस दौरान सदर एसडीपीओ बिनोद रवानी, सीसीएल गिरिडीह के परियोजना पदाधिकारी एसके सिंह, सार्जेन्ट मेजर राजेश रंजन, मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर प्रसाद, सीसीएल के पदाधिकारी अनिल पासवान, एनके सिंह, शम्मी कपूर, आरपी यादव, श्रवण कुमार, राज्यवर्धन समेत कई पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

### एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में रूझान देखा गया



गिरिडीह लोकसभा चुनाव के दौरान गिरीडीह विधानसभा पूर्वी भाग मंडल अंतर्गत एन डी ए प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी एवं भाजपा तथा आजसू कार्यकर्ताओ के साथ मंडल अध्यक्ष राजेश गुप्ता के अध्यक्षता मे गादीश्रीरामपुर,फुलची,यशपुर ,पुरनानगर पंचायत के विभिन्न गांव जैसे पुरनानगर,गादीश्रीरामपुर,महेशमरवा,हजरीबाद, भरकठा, करमाटांड ,चुगंलो, यशपुर,पीपराटांड, चुंजका,टीकोडीह आदि गांवों मे जनसंपर्क किया गया वही मोहनपुर पंचायत के तुरूकडीहा मे महिला मोर्चा द्वारा आयोजित बैठक मे गिरिडीह लोकसभा चुनाव ओ बी सी मोर्चा प्रभारी को दायित्व दिया गया है। इस दौरान जनसंपर्क में एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में काफी रूझान देखा गया।

### लोकसभा चुनाव को लेकर एक कैंडल मार्च का आयोजन किया




।गावां। गांवा प्रखंड में शुक्रवार को देर शाम आगामी लोकसभा चुनाव को स्वीप कार्यक्रम को लेकर एक कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को गिरिडीह निर्वाचन कार्यालय की आदेश की ओर से जागो उप उपभोक्ता जागो वोट के प्रति जागरूकता का आयोजन किया गया हैं। जिसमें गावां बी डी ओ महेंद्र रविदास, सी ओ सह निर्वाचन पदाधिकारी अविनाश रंजन , आंगनबाड़ी सेविका ,जलसहिया, सहिया दीदी शामिल हुए , और मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर नारे भी लगाए जिसमे जन-जन का एक नारा है मतदान अधिकार हमारा है, लोकतंत्र मजबूत बनाना है वोट देने जाना है, पहले मतदान फिर जलपान ,आदि के नारे के साथ साथ गांवा प्रखंड से रैली निकलकर पूरे गांवा बाजार का भ्रमण किया मौके पर उपस्थित आदित्य कुमार राम , अजय राम ,संजय कुमार, ब्रजेश पांडे, अनिल यादव ,नवीन पासवान ,राजू पांडेय, रविन्द्र कुमार वर्णवाल,दिनेश कुमार सिंह,आदि कई शिक्षक, एवं ब्लॉक कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एसडीपीओ की अध्यक्षता में अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना प्रभारियों के साथ बैठक संपन्न

● सभी थाना प्रभारियों को चुनाव के दौरान क्षेत्र में आने वाले फोर्स को सुविधा उपलब्ध कराने, लोगो को निर्भीक होकर मतदान करने हेतु प्रेरित करने का निर्देश दिया



डुमरी । लोक सभा चुनाव को लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डुमरी की अध्यक्षता में अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना प्रभारियों के साथ शनिवार को मधुबन गेस्ट हाउस में बैठक किया ।इस दौरान एसडीपीओ सुमित प्रसाद ने सभी थाना प्रभारियों को चुनाव के दौरान क्षेत्र में आने वाले फोर्स को सुविधा उपलब्ध कराने, लोगो को निर्भीक होकर मतदान करने हेतु प्रेरित करने का निर्देश दिया। वहीं बैठक में स्ट्रॉन्ग रूम और ईवीएम रखने वाले रूम में व्यापक सुरक्षा सुविधा बहाल करने सहित 32 गिरीडीह विधानसभा क्षेत्र और 33 डुमरी विधानसभा क्षेत्र के डुमरी अनुमंडल क्षेत्र में पड़ने वाले बूथों के रूट चाट को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिए। इस मौके पर डुमरी थाना प्रभारी प्रिन्नन शर्मा, निमियाघाट थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह, मधुवन थाना प्रभारी जगरनाथ पान, खुखरा थाना प्रभारी निरंजन कुमार, हरलाडीह ओपी प्रभारी दीपक कुमार, पीरटंड थाना प्रभारी गोतम कुमार आदि उपस्थित रहे।

# सदर अस्पताल में बढ़ाया जाएगा मैन पावर व लगाए जाएंगे अतिरिक्त बेड, डीडीसी सह नोडल पदाधिकारी ने किया निरीक्षण




उज्जवल दुनिया संवाददाता

साहिबगंजः- जिला मुख्यालय के सबसे बड़े सदर अस्पताल में इलाज कराने के लिए दूरदराज समेत शहरी इलाकों से आने वाले मरीजों को और भी अत्याधुनिक सुविधाओं का लाभ देने के लिए नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा लगातार निरीक्षण करते नजर आ रहे हैं। जहाँ इसी कड़ी में शनिवार को स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी सह डीडीसी सतीश चंद्रा ने वेयर हाउस सभागार में अपने अधीनस्थ पदाधिकारियों व चिकित्सकों के साथ बैठक की। उधर बैठक करने के बाद उन्होंने मॉड्यूलर ओटी का निरीक्षण किया। जहां बर्न वार्ड के ठ-ीक ऊपर बनाए जाने वाले अतिरिक्त 25 बेड़ों के भवन निर्माण को लेकर स्थल का निरीक्षण करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को कई तरह के दिशा निर्देश दिए। वही मॉड्यूलर ओटी का मुआयना करते हुए इसे जल्द से जल्द चालू करने की बात कही। वही उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का यह प्रयास है कि सदर अस्पताल में मैन पावर की कमी को दूर करते हुए यहाँ अपना इलाज कराने के लिए आने वाले मरीजों को कैसे कम संसाधन में गुणवत्तापूर्ण इलाज किया जा सकें। आगे उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में सदर अस्पताल में कई तरह के बदलाव जिलेवासियों को देखने को मिलेंगे। इस मौके पर कई विभागों के अधिकारी व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यो की समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

उज्जवल दुनिया संवाददाता



साहिबगंजः उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में भारतीय रेड क्रॉस सोसा-इटी के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

जहां बैठक में उपायुक्त द्वारा सर्वप्रथम उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं व्यक्तियों का परिचय प्राप्त किया गया एवं स्वागत करते हुए बैठक की का-र्रवाई प्रारंभ की गई। उधर उपायुक्त द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों से भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की परिभाषा एवं उसके लक्ष्य के बारे में जानकारी ली। आगे उन्होंने बताया गया कि भारतीय रेड क्रॉस सोसा-इटी भारत में स्थित मानव जीवन को स्वास्थ्य की रक्षा के लिए एक स्वैच्छिक मानववादी संगठन है। इसका कार्य न केवल स्वास्थ्य संबंधी निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराना है अपितु आपदा ग्रस्त क्षेत्रों में जीवन रक्षक सभी सामग्रियों को जरूरतमंदों तक पहुंचाना भी है। वही उपायुक्त द्वारा सोसाइटी के सफल संचालन हेतु विभिन्न पहलुओं पर विचार विमर्श किया गया। जहां बैठक में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा हेल्थ कैंप, रक्तदान शिविर के आयोजन करने की रुपरेखा तय करने के संबंध विचार विमर्श किया गया। साथ ही सोसाइटी को सुचारु रुप से संचालित करने हेतु कार्यालय स्थापित करने के संबंध में निर्देश दिए गए।

आगे उन्होंने कहा कि भारतीय रेड क्र-ॉस सोसाइटी की बैठक अब प्रत्येक माह को आयोजित की जाएगी। वही कहा कि जनहित कार्यों को विशेषकर बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उधर उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि 8 मई 2024 को सदर प्रखंड क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाए। वही जिला अंतर्गत सभी सरकारी कर्मचारी, संविदा कर्मी एवं पदाधिकारी को ₹500 सदस्यता शुल्क देकर वार्षिक सदस्य बनाने हेतु निर्देश दिया गया। इस कार्य हेतु सभी विभागों को पत्र देने का निर्देश दिया गया। वही हर वित्तीय वर्ष के कार्य योजना में सचिव द्वारा पेट्रोन मेंम्बर 200 तथा वाइस पेट्रोन मेंम्बर को 500 का लक्ष्य रखा गया है।

जहां सभी अपनी अहम भूमिका निभाते हुए समय समय पर स्वास्थ्य, समाज कल्याण एवं विभिन्न क्षेत्रों में लोगों में हित में कार्य किए जाए इसमें सामूहिक प्रयासों से सकारात्मक परिणाम प्रदर्शित होंगे। इस मौके पर जिला खनन पदाधिकारी कृष्ण कुमार किस्कू, नगर परिषद के सिटी मैनेजर बृजेश कुमार, रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ. विजय कुमार एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के कई सदस्य मौजूद थे।


## स्पंदन द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

धनबाद। धनबाद कोयला नगर स्थित बीसीसीएल के कम्युनिटी हॉल में स्पंदन द्वारा बांग्ला नए साल का आगमन पर बरसोबरोन एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के अतिथियों ने सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को शुरूआत किया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों में, दीपक सेन, काशीनाथ चटर्जी,तपन रॉय, गोपाल भट्टाचजी उपस्थित थे।उसके बाद स्पंदन द्वारा उद्बोधन गीत गाक-र संस्कृति कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया फिर लगातार सांस्कृतिक कार्यक्रम होता रहा।इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्पंदन के अध्यक्ष मनोज मजूमदार सचिव बोनार्ली सेनगुप्ता के अलावा लिलामॉय गोस्वामी,करुणामोय हालदार,सुरजीत पाल,बबलु गांगुली,देवदास सेनगुप्ता, राहुल हालदार,अरविंदो बनर्जी और नीलकमल खवास ने आम भूमिका निभाई। कार्यक्रम में एकल संगीत इंद्रजीत चटर्जी,अमित दास,चयनिका मित्रा,दिशानी दत्ता,प्रणव मुखर्जी,संजय चटर्जी,श्याम बनर्जी साथ ही साथ तबला में इंद्रनील मित्रा,वायलिन में ब्रतीन कहली,अश्मिता मु-खर्जी डांस ग्रुप सोरोशी चंद्रा, सपना मैडम,रेशमी साहा,शम्पामुखर्जी,संचिता बॉक्सी,एकल नृत्य मे श्रुति आदि थे।

## भीषण गर्मी में पेयजल संकट का दंश झेल रहे राहगीर व ग्रामीण

साहिबगंजः जिले में पड़ रही भीषण गर्मी में महज दो किलोमीटर की दूरी तय करना भी इन दिनों राहगीरों के लिए काफी पीड़ादायक बनी हुई है। जहां मुफस्सिल थाना क्षेत्र के करमटोला से होते हुए मां रक्सी स्थान जाने वाली मुख्य सड़क पर आज तक एक भी सरकारी हैंड पंप नहीं लगाया गया है। जहां मां रक्सी स्थान में हर शनिवार व मंगलवार को दूर दूर से भक्तजनों का आना जाना दिनभर लगा रहता है इस बीच रास्ते में कहीं भी सरकारी हैंडपंप नही रहने के कारण राहगीरों के साथ भक्तजनों एवं उसके आसपास गुजर बसर करने वाले ग्रामीणों को भी काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। उधर जबकि झारखंड सरकार के पेयजल विभाग की नजर इस ओर जा ही नही रही है जिसके कारण यहाँ के ग्रामीणों के साथ साथ इस रास्ते से गुजरने वाले राहगीरों को भी एक एक बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। वही इस मामले को लेकर जिले के विभागीय अधिकारी को ध्यान देने की आवश्यकता है।

## वाहन ने बिजली पोल में मारी टक्कर, बिजली आपूर्ति बाधित




कोटालपोखरः- थाना क्षेत्र के शांति मोड़ के नया दुर्गा मंदिर के सामने शुक्रवार के मध्य रात्रि अज्ञात वाहन की टक्कर से लोहे के बिजली का पोल बैंड होकर नीचे गिर गया। जहां शनिवार को हादसे की सूचना मिलने के बाद बिजली विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर लोहे के बैंड पोल को हटाया और फिर से बिजली के पोल लगाकर करीबन 14 घंटे के बाद दोबारा बिजली आपूर्ति बहाल कर दी। उधर बिजली विभाग को सूचना मिलने के बाद कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर शीघ्र ही बिजली के पोल को उठाया तथा काम शुरू कर दिया। वही बिजली विभाग की टीम के द्वारा तारों को दुरुस्त करके दोपहर के 4 बजे के आसपास बिजली आपूर्ति बहाल की गई।

## इंटरसिटी ट्रेन पर चढ़ने के दौरान एक युवक का कटा पैर



मंडरोः मालदा डिवीजन अंतर्गत मिजाचौकी रेलवे स्टेशन पर शनिवार को साहिबगंज दानापुर इंटरसिटी ट्रेन की चपेट में आ जाने से एक युवक का पैर कट गया जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हालांकि रेलवे स्टेशन पर मौजूद यात्रियों की मदद पीड़ित के मोबाइल से उसके परिजनों को सूचना दी गई। इधर घटना के बाद रेलवे पुलिस के द्वारा पीड़ित का उपचार को लेकर पहल की जा रही थी। वही पीड़ित का पहचान बिहार के कहलगांव थाना क्षेत्र स्थित बाबू टोला गांव निवासी देवन चौबे पिता जीवन चौबे के रूप में हुई है। वही घटना उस वक्त का बताया जा रहा है जब मिजाचौकी रेलवे स्टेशन से ट्रेन खुल गई थी उसी के दौरान इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन पर युवक चढ़ रहा था जहां उसका पैर फिसल गया जिससे उसका पैर कट गया।

## बीडीओ ने विभिन्न बूथों का किया निरीक्षण




उधवाः लोकसभा चुनाव को लेकर सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ विशाल पांडे ने शनिवार को उधवा प्रखंड के विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया। जानकारी के अनुसार उत्क्रमित मध्य विद्यालय गुही टोला, मध्य विद्यालय अमानत दियारा सहित अन्य बूथों का इस दौरान निरीक्षण किया गया। जहां निरीक्षण के दौरान रैंप, शौचालय, पेयजल की व्यवस्था, बिजली, मोबाइल चार्ज सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को बारी बारी से देखा गया। साथ ही उन्होंने मतदान केंद्र में कमी पाएं जाने पर संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य को जल्द से जल्द सभी कमियों को पूरा करने का निर्देश दिया। इस मौके पर निर्वाचन नोडल सह बीपीओ गगन बापू मौजूद थे।

# बरहेट पुलिस ने ढोल नगाड़ों के साथ आठ वारंटी के घर चिपकाया इश्तेहार



उज्जवल दुनिया संवाददाता

बरहेटः थाना क्षेत्र अंतर्गत महुआटांड़ गांव में कांड संख्या 102/19 के मामले में कोर्ट से जारी इश्तेहार वा-रंटी के घर पहुंचकर बरहेट थाना क्षेत्र की पुलिस ने आठ अभियुक्त के घरों में इश्तहार चिपकाए। मिली जानकारी अनुसार महुआटांड़ गांव के करण सोरेन पिता जेम्स सोरेन, सुफल हेंब्रम पिता बाबूराम हेंब्रम, मांझी सोरेन पिता चंदन सोरेन, मंझला मुर्मू पिता बाबूराम मुर्मू, जादू सोरेन पिता चंदन सोरेन, तेश मुर्मू पिता झमरू मरांडी एवं लालू सोरेन के खिलाफ इश्तिहार निर्गत किया गया था। जहां थाना प्रभारी पवन कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ गांव पहुंचने के बाद ढोल नगाड़े बजाकर लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2019 में महिला के साथ दुर्व्यवहार करने के मामले में आठ अभियुक्त फरार चल रहे हैं इसके पूर्व बरहेट थाना पुलिस ने कई बार नोटिस भी किया है लेकिन अब तक कोई भी अभियुक्त हाजिर नहीं हुए। इसके बाद पुलिस ने टीम गठित कर पूर्व में कई बार छापेमारी भी की लेकिन लंबे समय से अभियुक्त फरार चल रहे हैं। वही एसडीजेएम कोर्ट के द्वारा जा-री किए गए वारंट इश्तेहार निर्गत होने के बाद न्यायालय के आदेश पर बर-हेट पुलिस अभियुक्त के घर के बाहर इश्तहार चिपकाकर एक महीने के अंदर न्यायालय या थाने में आत्मसमर्पण करें अन्यथा कोर्ट द्वारा आदेश आने पर अचल संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

उधर गांव में पुलिस द्वारा माईकिंग कराकर जल्द से जल्द सभी अभियुक्तों को सरेंडर करने की अपील की। इस मौके पर एएसआई महानंद ओझा, विक्रम कु. बावरी, स्टेंडर मांझी, हवलदार शिव कुमार, सुनील सोरेन, महेश यादव, राजकुमार यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## पुलिस अधीक्षक कार्यालय में नगर प्रभाग इंस्पेक्टर ने की क्राइम मीटिंग की समीक्षा बैठक




साहिबगंजः पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शनिवार को नगर प्रभाग इंस्पेक्टर राजीव रंजन ने थाना प्रभारियों के साथ अपराध नियंत्रण गोष्टी को लेकर समीक्षात्मक बैठक की। जहां बैठक के दौरान पिछले माह में दर्ज हुए कांडों की समीक्षा करते हुए उसमें प्रगति लाने का निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिया गया। वही लोकसभा चुनाव को देखते हुए क्षेत्र में सघन वाहन जांच अभियान, वारंटियों की धर पकड़, कुर्की जब्ती सहित विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर कई तरह के दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडेय, मुफस्सिल थाना प्रभारी शशि कुमार सिंह, मिजाचौकी थाना प्रभारी रोहित कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे।

# बोरियो विधायक प्रतिनिधि ने कौड़ी खुटाना में कार्यकताओं के साथ की बैठक



उज्जवल दुनिया संवाददाता

मंडरोः बोरियो विधानसभा क्षेत्र से झामुमो पार्टी के वर्तमान विधायक सह निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में लोकसभा चुनाव लड़ने वाले लोबिन हेंब्रम के पुत्र सह विधायक प्रतिनिधि अजय हेंब्रम ने शनिवार को ग्राम पंचायत कौड़ी खुटाना खेल मैदान में सैकड़ो कार्यकताओं के साथ बूथ जीतो चुनाव जीतो कार्यक्रम के तहत बूथ कमेटी के सदस्यों के साथ आवश्यक बैठक आयोजित की। इस दौरान कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। उधर बैठक के दौरान कार्यकताओं में बेहद ही जोश देखा गया। इधर अगामी लोकसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित कराने को लेकर भी रणनीति बनाई गई। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बोरियो विधायक प्रतिनिधि अजय हेंब्रम ने कहा की राजमहल लोकसभा सीट से आगामी लोकसभा चुनाव जितना है और भारतीय जनता पार्टी एवं झामुमो पार्टी को सबक सिखाना है कि वर्तमान सांसद विजय हांसदा लोकसभा के तमाम जनता को विकास कार्य के नाम पर किस प्रकार मूर्ख बनाने का कार्य किया हैं। आगे उन्होंने कहा कि आगामी 7 मई को लोकसभा चुनाव प्रत्याशी के रूप में बोरियो विधायक लोबिन हेंब्रम अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। इस बैठक के मौके पर विधायक प्रतिनिधि अब्दुल जब्बार अंसारी, बड़-कु मुर्मू, समशेर अंसारी, निरंजन हेंब्रम, सोनू भगत, सनाउल्लाह अंसारी समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पतना सभागर में इलेक्शन एंबेसडर अभियान को लेकर बैठक आयोजित



उज्जवल दुनिया संवाददाता

पतनाः प्रखंड कार्यालय सभागार भवन में पतना बीडीओ की अध्यक्षता में भी इलेक्शन एंबेसडर अभियान को लेकर बैठक हुई। इस बैठक में प्रखंड सभागार के सभी ऑपरेटर, विद्यालयों के प्रधान अध्यापक एवं सभी जन प्रणाली एवं बीएलओ, जेएसएलपीएस के कर्मियों के साथ बैठक की गई। उधर बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 को लोकतंत्र के महापर्व के रूप में मनाया जा र-हा है इसको लेकर विभिन्न स्तरों पर जागरूकता अभियान भी चल रहा हैं। वही चुनाव में सभी का समान अधिकार है, हम सभी को इसमें अपना योगदान देना होगा और अपने आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करना होगा। वही लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य के सभी स्कूल, कॉलेज के बच्चों, प्रभावशाली व्यक्तियों, मशहूर हस्तियों और सभी को 7 मई को शाम 6 बजे से 8 बजे के बीच सोशल मीडिया हैंडल पर अपलोड कराया जाना है।इस बीच, मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने और चुनाव के महापर्व को उत्साहपूर्वक मनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को अपने काम की डिजिटल सामग्री सोशल मीडिया पर अपलोड करनी चाहिए।

# झामुमो प्रखंड कार्यालय में बूथ कमिटी की बैठक हुई आयोजित

उज्जवल दुनिया संवाददाता



बोरियोः शनिवार को बोरियो प्रखंड के बोरियो बरहेट मुख्य पथ पर स्थित झामुमो कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष जेठा मरांडी की अध्यक्षता में बूथ कमेटी की विशेष बैठक आयोजित की गई।

जिसमें झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य स्टीफन मुर्मू शामिल हुए। उधर बैठक के दौरान केंद्रीय समिति सदस्य स्टीफन मुर्मू ने सभी बूथ कमेटी व बूथ के सक्रिय कार्यकताओं से कहा कि वे लोग अपने अपने बूथ पर मजबूती से रहने का निर्देश दिया गया।

साथ ही आगामी दिनांक 10 मई श-ुक्रवार को राजमहल लोकसभा क्षेत्र के झामुमो प्रत्याशी सह सांसद विजय हांसदा के नामांकन पर बोरियो प्रखंड से हजारों की संख्या में वाहन व बाइक के माध्यम से जिला मुख्यालय में नामांकन पत्र दाखिल करने के कार्यक्रम में कुच करेंगे। साथ ही सभी को एकजुटता के साथ राजमहल लोकसभा से झामुमो प्रत्याशी विजय हांसदा को जीताने का संकल्प लेना है ताकि हम सभी पुनः अपने नेता को दिल्ली में हमारे आदिवासी दलित और अल्पसंख्यक के आवाजों को उठा सके। साथ ही पार्टी के अगले बड़े तय कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।

इस मौके पर प्रखंड सचिव गफ्फार अंसारी, प्रखंड उपाध्यक्ष अर्जुन रजक, किसान मोर्चा उपाध्यक्ष मंडल मरांडी, प्रखंड कोषाध्यक्ष शकील अहमद, जिला सोशल मीडिया सदस्य सह संगठन सचिव मो. एजाज अंसारी, संयुक्त सचिव लक्ष्मण बेस-रा, युवा नेता मिट्ठू कुमार दत्ता सहित दर्जनों झामुमो के समर्पित कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पीरामल फाउंडेशन के तरफ से आयोजित किया गया प्रशिक्षण शिविर



मंडरोः आकांक्षी मंडरो प्रखंड सभागार में छह विभाग के सहयोग से एकीकृत गहन संदिग्ध मामले की खोज होने वाले वेक्टर बॉर्न डिजीज के बारे में शनिवार को प्रशिक्षण दी गई। जहां बीडीओ मेधनाथ उरांव, एमटीएस प्रवीण सिन्हा, डॉ. एनएन सिंह, पीरामल फाउंडेशन के डीपीओ आबिद सरदार, रजिया उमर, एसडीसी शैलेंद्र कुमार के सहयोग से बैठक में शामिल कर्मी द्वारा वेक्टर बॉर्न बीमारी कालाजार, मलेरिया, फाईलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, जैपनिज इंसेफलाइटिस एवं अन्य बीमारी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वही बताया गया कि 6 मई से 10 मई तक संदिग्ध मरीज की पहचान को लेकर मरीज का जांच कैसे करना है जिसको लेकर माइक्रोप्लान सांझा किया गया। उधर सभी बीमारियों की जानकारी को लेकर बारी बारी से बताया गया। उधर आकांक्षी प्रखंड को रोग मुक्त बनाने में सहयोग करने की अपील गई। इस प्रशिक्षण में शामिल प्रथम पाली के सभी सेविका को प्रशिक्षण दिया गया व द्वितीय पाली में सभी सहिया, सहिया साथी, एमपीडब्ल्यू, एएनएम एवं सीएचओ को प्रशिक्षण दिया गया।

स्वामी वी.आई. एंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवम प्रकाशक मानवेन्द्र कुमार सिंह,द्वारा वृंदा मीडिया प्राइवेट लिमिटेड,प्लॉट संख्या-342,344 चिरौंदी-बोरया रोड,रांची-8 झारखंड से मुद्रित एवं एसटी- 663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित, संपादकः विद्यालक्ष्मी (खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), प्रबंध निदेशक मानवेन्द्र कुमार सिंहः 8709022665, आरएनआई संख्या.-JHAHIN/ 2014/ 59794

# मुख्यमंत्री धामी बोले- बड़ी चुनौती के रूप में उभरी है वनाग्नि, ऊपर से नीचे तक तय हो जिम्मेदारी

**देहरादून, (एजेंसी)**। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को नई दिल्ली स्थित उत्तराखंड सदन से प्रदेश में वनाग्नि, पेयजल समस्या, आगामी चारधाम यात्रा, विद्युत आपूर्ति आदि महत्वपूर्ण विषयों पर राज्य शासन के आलाधिकारियों और सभी जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग से बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री धामी ने प्रदेश में वनाग्नि को लेकर कहा कि हमारे सामने वनाग्नि बड़ी चुनौती के रूप में उभरी है। उन्होंने मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को निर्देशित किया कि इस मामले में ऊपर से नीचे तक अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए। मुख्यालय स्तर पर तैनात सभी अधिकारियों को प्रभागों की जिम्मेदारी बांटी जाए और इन सभी से नियमित रिपोर्ट ली जाए। वनाग्नि रोकने में जिलाधिकारी भी वन विभाग का पूर्ण सहयोग करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो फायर वॉचर्स फील्ड में कार्यरत हैं, उनकी भी सुरक्षा के उपाय किए जाएं। इसके लिए उनके के लिए बीमा आदि विकल्पों पर विचार किया जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि डीएफओ और उनसे उच्च स्तर के अधिकारी मौके पर जरूर जाएं। कार्यालय में बैठकर आग पर काबू नहीं पाया जा सकता। इसके लिए जो भी कड़ी कार्रवाई की जानी है, वह की जाए। जिलाधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे परिस्थितियों के हिसाब से निर्णय लें।

मुख्य सचिव रतूड़ी ने मुख्यमंत्री



को आश्वस्त किया कि वनाग्नि के मामले में एक सप्ताह में सकारात्मक परिणाम नजर आएंगे। नवनियुक्त हॉफ ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि अब तक वनाग्नि के प्रकरणों में कुल 350 केस दर्ज किए जा चुके हैं, जिनमें 60 नामजद मुकदमे दर्ज किए गए हैं। जहां कहीं से भी घटना की सूचना मिल रही है वहां तत्काल टीम भेजकर एक से छह घंटों में आग पर काबू पा लिया जा रहा है। मुख्य सचिव ने मुख्यमंत्री को यह भी अवगत कराया कि पिरूल को लेकर एनटीपीसी के साथ राज्य सरकार का करार हो चुका है। एनटीपीसी ने राज्य से पिरूल लेना शुरू भी कर दिया है। ऐसे में आगामी समय में यह भी आग लगने से बचाव में कारगर साबित होगा।

**चारधाम यात्रा चुनौती है और परीक्षा भी, सेवा-भाव रखें सुरक्षाकर्मी-**

मुख्यमंत्री धामी ने चारधाम यात्रा तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि चारधाम यात्रा हमारे लिए चुनौती है और परीक्षा की घड़ी भी। उन्होंने डीजीपी को निर्देशित किया कि मंदिर परिसरों में तैनात सुरक्षाकर्मी श्रद्धालुओं के साथ अच्छा व्यवहार करें और उनकी मदद के लिए तत्काल आगे आएं। जो भी श्रद्धालु यहां से जाए वह अपने साथ एक अच्छा संदेश लेकर जाए। उन्होंने कहा कि यात्रा के शुरूआती 15 दिन चुनौतीपूर्ण हैं। इसके लिए आवश्यक निर्देश पहले ही जारी किए जा चुके हैं।

**इन 15 दिनों में वीआईपी का मूवमेंट कम से कम हो।**

उन्होंने कहा कि चारधाम की हर सूचना का ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि यात्रियों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने जिलाधिकारियों से कहा कि यात्रा मार्गों पर सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य सेवाओं के लिहाज से पर्याप्त संख्या में डॉक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफ की रोटेशन में तैनाती के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा शिकायतें हेली सेवा को लेकर आती है, इस पर अधिक सख्ती करने की जरूरत है।

**डीआईजी लॉ एंड आर्डर को ट्रैफिक प्रबंधन की जिम्मेदारी, एसपी देहात नोडल अधिकारी-**

डीजीपी अभिनव कुमार ने बताया कि डीआईजी लॉ एंड आर्डर को ट्रैफिक प्रबंधन के लिहाज से भी जिम्मेदारी दी गई है। लक्ष्मण झूला, मुनि की रेती, शिवपुरी वाले मार्ग पर लगने वाले जाम के मद्देनजर देहरादून के एसपी देहात को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। एडिशनल एसपी कोटद्वार व सीओ नरेंद्र नगर उनका सहयोग करेंगे।

# मतदाता सूची में गड़बड़ी की शिकायत, चुप नहीं बैठेगी कांग्रेस

**देहरादून,(एजेंसी)**। उत्तराखंड कांग्रेस महामंत्री और वॉर रूम के चेयरमैन नवीन जोशी के नेतृत्व में शनिवार को कांग्रेस कंने प्रतिनिधि मंडल कचहरी स्थित जिला निर्वाचन सहायक जयप्रकाश नौटियाल से भेंट की। उन्होंने नगर निगम देहरादून की मतदाता सूची में हो रही गड़बड़ियों के संबंध में उन्हें अवगत कराया और कहा कि कांग्रेस इसको बर्दाश्त नहीं करेगी। जोशी ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के समस्त 100 वार्डों की मतदाता सूची का हमने अध्ययन किया, कोई भी ऐसा वार्ड नहीं है जहां पर मतदाताओं के नाम न छोड़े गए हों और मतदाता सूची में त्रुटि न हो। उन्होंने कहा कि जब तक नगर निगम क्षेत्र देहरादून के प्रत्येक नागरिक का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं हो जाता, तब तक



कांग्रेस चुप बैठने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची में नहीं हैं और जिनके नाम त्रुटिपूर्ण हैं, उसको सुधारने के लिए मात्र सात दिन का समय दिया गया है, जो नाकाफी है। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी को प्रत्येक वार्ड में कैंप लगाकर त्रुटिपूर्ण नामों को मौके पर ही निस्तारित करने व मतदाता सूची में बीएलओ के साथ मिलकर कार्य करने का अनुरोध किया।

उन्होंने यह भी कहा कि नगर निगम के ज्यादातर क्षेत्रों से शिकायत मिल रही है कि बीएलओ बूथ पर नहीं बैठ रहे हैं जिस कारण आम आदमी को अपना नाम दर्ज कराने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।प्रतिनिधि मंडल में नवीन जोशी के अलावा प्रदेश प्रवक्ता आशीष नौटियाल, गोपाल सिंह गडिया, नवीन रमोला, जाहिद अंसारी, शरीफ बेग, अमन उज्जैनवाल (लड्डू), राजीव प्रजापति, विरेन्द्र पंवार, गौतम बाली, राहुल सूद आदि शामिल थे।

# लोकसभा चुनाव : मतदाताओं को प्रेरित करने में जुटी सैकड़ों संस्थाएं

**रायपुर, (एजेंसी)**। शहर के अनेक व्यापारिक, औद्योगिक, शैक्षणिक, चिकित्सा संस्थानों, मनोरंजन गृह व संगठनों ने लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु मतदान तिथि 7 मई को देश के महापर्व के रूप में मनाने की तैयारी की है।

इन संस्थानों ने मतदाताओं हेतु कई ऐसे ऑफर की घोषणा की है, जो अंगुली पर नीली स्याही का निशान दिखाकर सीधे प्राप्त की जा सकेगी। ऐसे कई संस्थान मतदान केन्द्रों के आस-पास गर्मी के मौसम को देखते हुए ठंडे पेयजल, नींबू पानी आदि की सुविधा देने आगे आ रहे हैं, वहीं स्कूलों के विद्यार्थी निःशक्त व बुजुर्गों को पोलिंग बूथ आने पर मतदान मित्र की जिम्मेदारी का सेवाभावी कार्य में जुट रहे हैं। 100 से भी अधिक संस्थान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह से भेंट कर इस आशय का लिखित प्रस्ताव भी सौंपा है।

चुनाव के पर्व को देश का गर्व मानते हुए रायपुर के नागरिक व कई बड़े संस्थान अपने स्तर पर स्वैच्छिक छूट प्रदान करने के प्रस्ताव के साथ आगे आए हैं, इसी श्रृंखला में सायाजी होटल ग्रुप ने 07 से 10 मई तक फूड बिल में 20 प्रतिशत की छूट की घोषणा की है। इन्फिनिटी सैलून में 07 से 12 मई तक निःशुल्क हेयर और स्कीन परामर्श के साथ ही उनकी सेवाओं में 25 प्रतिशत छूट मिलेगी। इनके मेम्बरशिप प्लान में एक वर्ष तक 25 प्रतिशत डिस्काउंट भी दिए जाने की बात भी इन्फिनिटी सैलून ने लिखित प्रस्ताव में दिया है। इसी तरह मीनाक्षी सैलून में सभी तरह की सेवाओं में 12 मई तक छूट दिए जाने की घोषणा की गई है। इसके अलावा सुमीत बाजार समूह मतदान कर्मियों को गर्मी की तपिश से बचाव के लिए लगभग 15 हजार से भी अधिक निःशुल्क गमछे उपलब्ध करा रहा है।

शैक्षणिक संस्थानों ने भी लोकतंत्र के महापर्व पर विभिन्न मतदान केन्द्रों में अपनी सेवाओं का प्रस्ताव दिया है। वेदांता पब्लिक स्कूल बीरगांव द्वारा बीरगांव के 3 मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए नींबू पानी, शीतल जल, शरबत की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा मतदान कार्य में ड्यूटीरत कर्मचारियों की सुविधाओं का जिम्मा भी स्कूल प्रबंधन उठाएगा।

## धमतरी-उत्तर सिंगपुर रेंज के जंगल में घूम रहा अकेला हाथी

**धमतरी, (एजेंसी)**।केरेगांव रेंज के ग्राम डोकाल के जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गई महिला की पटक- पटककर जान लेने के बाद अकेला भ्रमण कर रहा जंगली हाथी दो मई को उत्तर सिंगपुर रेंज के जंगल की ओर बढ़ गया था।शनिवार को वह रेंगाडीह के जंगल के आसपास पहुंचा है । इससे तेंदूपत्ता तोड़ने वाले श्रमिकों में दहशत है। इस हाथी से लोगों को खतरा बना हुआ है।

दो मई को डोकाल के जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गई महिला ,ग्राम डोकाल निवासी सुरेखा बाई 42 वर्ष को हाथी ने पटक-पटक कर मार डाला था। उसके पति एवं अन्य लोगों ने किसी तरह से पेड़ पर चढ़कर जान बचाई थी। यह हाथी महाराष्ट्र चला गया था, अचानक कांकेर जिले के जंगल से होते हुए धमतरी जिले के जंगल में आ गया। वन विभाग ने



सही निगरानी नहीं की, ऐसा आरोप लग रहा है। वन विभाग ने इस हाथी की उत्तर सिंगपुर के रेंगाडीह के पास उपस्थिति को देखते हुए ग्राम हथबंद, जलकुंभी, परसाबुड़ा एवं रेंगाडीह के ग्रामीणों को अलर्ट किया है। तेंदूपत्ता तोड़ने, महुआ संग्रहण एवं जलाउ लकड़ी लाने के लिए जंगल जाने के लिए लोगों को मना किया गया है। आवागमन के लिए जंगली रास्तों का उपयोग न करने की समझाइश दी गई है। तीन मई को इस हाथी ने कोई नुकसान नहीं पहुंचाया।

## अक्षय तृतीया के लिए बाजार सजा, गांवों में होंगे विविध आयोजन

**धमतरी,(एजेंसी)**।अक्षय तृतीया को लेकर बाजार में छुटपुट खरीद शुरू हो गई है। शहर के चौक-चौराहों पर गुड्डे-गुड़िया और मिट्टी के खिलौने बेचने के लिए कुम्हार पहुंचने लगे हैं। तेज गर्मी के बावजूद कुम्हार उत्साह से मिट्टी के खिलौने बेंच रहे हैं।

धमतरी शहर के मकई चौक के अलावा रामबाग क्षेत्र से सिहावा चौक सहित अनेक स्थानों पर मिट्टी के खिलौने इस दिन विशेष के लिए बिकते हैं। शुक्रवार को बाजार में चहल-पहल देखने को मिली। इतवारी बाजार के अलावा शहर के विभिन्न स्थानों में गुड्डे-गुड़िया बेंच रहे विक्रेताओं से लोगों ने इन खिलौनों को लिया। साथ ही विवाह की रस्म अदायगी में होने वाले अन्य सामानों की भी खरीद लोगों ने की। शास्त्रों के अनुसार अक्षय तृतीया के दिन किसी भी शुभ कार्य को प्रारंभ करने के लिए शुभ माना जाता है।



इसलिए इस तिथि में बड़े पैमाने पर विवाह की रस्में निभाई जाती है। हालांकि इस साल विभिन्न ग्रह नक्षत्र की दिशा-दशा बदले के चलते अक्षय तृतीया में शुभ कार्य निबटाने को लेकर आशंका है। बावजूद इसके अक्षय तृतीया पर ग्रामीण अंचल में कई कार्यक्रम होंगे।

बाजार के अलग-अलग स्थानों पर गुड्डे-गुड़िया और पारंपरिक ढंग से तैयार किए गए पुतरा-पुतरी बेचने वालों के पास काफी संख्या में महिलाएं और बच्चियां इसे खरीदने पहुंच रही हैं। इसके अलावा अलग-अलग स्थानों पर भी खिलौनों की अच्छी बिक्री हुई। खिलौने बेंच रहे महेश कुंभकार, राजा राम कुंभकार, जनक कुंभकार ने बताया कि पुतरा-पुतरी बिक्री हो रही है। इससे 100 रुपये जोड़ी के हिसाब से बेंच रहे हैं। मालूम हो कि धमतरी शहर में स्थानीय कुम्हारपारा के अलावा आमदी, पोटियाडीह के मिट्टी कलाकार भी अपने खिलौनों को बेंचने धमतरी शहर पहुंचते हैं।

**गांवों में उत्साह से मनाया जाएगा अक्ती पर्व, होंगे विविध आयोजन**

ग्रामीण अंचल में अक्ती पर्व उत्साह व उमंग के साथ मनाया जाएगा। किसान गांव के देवस्थल पर परंपरा अनुसार धान का दोना अर्पित कर अच्छे फसल की कामना करेंगे। गांव के ईष्ट ठाकुर देव की पूजा-अर्चना कर बेहतर खेती-किसानी और अच्छी वर्षा की कामना की जाएगी। मालूम हो कि ग्रामीण अंचलों में अक्ती पर्व का विशेष महत्व है। ग्रामीण पूजा अर्चना कर अपने पूर्वजों को याद करते हैं। जिलेभर के किसानों व ग्रामीणों ने अक्षय तृतीया पर्व को पारंपरिक ढंग से मनाते हैं। देवस्थल पर हल व कुदाल चलाकर खरीफ खेती-किसानी की शुरूआत की जाएगी।

# धमतरी : टुल्लू पंप के पास बर्तनों की कतार, पेयजल के लिए मारामारी

**धमतरी, (एजेंसी)**। धमतरी जिले के ग्राम छूही, सलोनी व लीलर समेत अन्य गांवों में पेयजल के लिए मारामारी की स्थिति है। टुल्लू पंप शुरू होते ही बर्तनों की लंबी कतार व ग्रामीणों की भीड़ लग जाती है। भारी इंतजार के बाद बाल्टीभर पानी नसीब हो रहा है। बोर पंपों में पानी की धार पतली होने से टुल्लू पंपों में पानी की रफ्तार कम है। पेयजल संकट से जूझ रहे ग्रामीणों में पेयजल संकट को लेकर काफी आक्रोश है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से पेयजल के लिए बेहतर व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि हर बार गर्मी में उन्हें परेशानी झेलना न पड़े।

जिले में तापमान का पारा 42 डिग्री पार हो चुका है। तालाब समेत अन्य जलस्रोत सूखने लगा है,



ऐसे में बोरपंपों से भी पानी की धार पतली हो गई है। जिला मुख्यालय से लगे गांवों में स्थिति सामान्य है, लेकिन सूखा क्षेत्र छूही, सलोनी, लीलर, जंवरगांव, सिरौद, बाजार कुरीडीह समेत आसपास गांवों में पेयजल के लिए भारी मारामारी की स्थिति है। ग्राम पंचायत छूही में चार मई को शाम टावर गली में पेयजल के लिए जलजीवन मिशन योजना के तहत लगे एक टेपनल कनेक्शन में पानी लेने ग्रामीणों की भीड़ लगी हुई थी। नल के पास बर्तनों की कतार थी।

ग्रामीणों ने बताया कि नल कनेक्शन में पानी की रफ्तार कम हो गई है। बोर में पानी की धार पतली हो गई है। टंकी होने के बाद भी गांव में पेयजल संकट है। ग्रामीणों की मांग है कि शासन-प्रशासन यहां गर्मी में पेयजल संकट से निबटने के लिए उचित व्यवस्था करें, ताकि गर्मी में हर साल की तरह पेयजल संकट की स्थिति न बनें। क्योंकि गर्मी शुरू होने के साथ बोर पंपों से पानी की धार कम हो जाती है। वहीं गांव के कई ग्रामीण कुआं के भरोसे निस्तारी पानी निकाल रहे हैं। छूही, सलोनी व आसपास गांवों के ग्रामीण वामन कुमार, हरिराम, ममता बाई, झामिन बाई आदि ने बताया कि ग्रामीण साइकिल से पानी ढुलाते हैं, ताकि प्यास बुझ सके। वहीं यहां कुआं से टेरा लगाकर पानी निकालते हैं, ताकि सब्जी फसल बचा सके। मवेशियों के लिए भी दिक्कतें बनी हुई है। छूही के ग्रामीणों का आरोप है कि गलत स्थान पर बोर खनन किया गया है, यही वजह है कि समय से पहले वहां पानी कम हो जाता है। ग्रामीणों की मांग है कि उनके गांव के उचित स्थान पर बोर खनन करें, ताकि पेयजल संकट न हो।

## कोरबा : कोयला लोडेड ट्रेलर नहर में गिरा, तेज बहाव में तैरते हुए ड्राइवर ने बचाई अपनी जान

**कोरबा, (एजेंसी)**। जिले में आज शनिवार को कोयला लोडेड ट्रेलर नहर की रेलिंग तोड़ते हुए 20 फीट नीचे पानी के तेज बहाव में गिर गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। ट्रेलर ड्राइवर किसी तरह से तैरते हुए बाहर निकला और अपनी जान बचाई। मामला सर्वमंगला चौकी क्षेत्र का है। ट्रेलर चालक ने बताया कि वो कुसमुंडा खदान से गाड़ी में कोयला लोड कर निकला था। यहां सर्वमंगला फाटक पार करते ही सामने अचानक से बाइक सवार आ गया।

उसे बचाने के चक्कर में ट्रेलर अनियंत्रित हो गया और रेलिंग को तोड़ते हुए नहर में 20 फीट नीचे जा गिरा।

इस हादसे के बाद ड्राइवर ने किसी तरह से बहते हुए पानी में छलांग लगाई और एक किलोमीटर तक तैरने के बाद काफी दूर जाकर बाहर निकला। ड्राइवर ने बताया कि अगर वो वहां से नीचे नहीं कूदता, तो डूबकर उसकी मौत हो जाती।

इधर हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर सर्वमंगला चौकी प्रभारी वैभव तिवारी अपनी टीम के साथ पहुंचे। घटना की जानकारी नहर से निकलने के बाद ड्राइवर ने वाहन मालिक को दी।

वाहन मालिक भी मौके पर पहुंचे। हादसे में ड्राइवर को चोट भी आई है, उसे अस्पताल के लिए रवाना किया गया है।

सर्वमंगला चौकी प्रभारी वैभव तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गाड़ी को बाहर निकालने के लिए संबंधित विभाग से पानी का बहाव कम कराया। ड्राइवर को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### जांजगीर: जिला पंचायत अध्यक्ष ने मतदान से तीन दिन पहले बदला खेमा, शामिल हुई भाजपा में

**कोरबा/ जांजगीर चांपा,(एजेंसी)**। लोकसभा के चुनावी समर के दौरान कांग्रेस पार्टी को अपने नेताओं और कार्यकताओं को सम्हाल कर रख पाना मुश्किल हो रहा है। बड़े नेताओं से लेकर जमीनी कार्यकताओं का मोह भंग होना चुनाव के दौरान मुश्किलें खड़ी कर रहा है। वही मतदान से महज 3 दिन पहले एक और तगड़ा झटका लगा है। कांग्रेस पार्टी को उस वक्त लगा जब सोशल मीडिया में जिला पंचायत अध्यक्ष यानिता यशवंत चंद्रा के कांग्रेस पार्टी से इस्तीफे का प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नाम लिखा पत्र वायरल होने लगा।

बता दें कि यानिता यशवंत चंद्रा नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरण दास महंत के खेमे से गिनी जाती हैं। उन्हीं के आशीर्वाद से उन्हें जिला पंचायत अध्यक्ष का पद भी मिला था पर प्रदेश से कांग्रेस की सत्ता छीन जाने के बाद अब बगावत करने वाले अन्य नेताओं की तरह उनका भी कांग्रेस से मोह भंग हो गया है। हालांकि मौजूदा दौर में उनका पार्टी छोड़ना कोई अचरज का विषय नहीं है और ना ही आम जनता के लिए यह कोई कौतूहल का विषय है। पर कांग्रेसियों की पार्टी के विपरीत समय में लगातार खेमा बदलना राजनैतिक स्वार्थ को परिभाषित जरूर कर रहा है।

### बिलासपुर : नीम के पेड़ से लटकती मिली प्रधान आरक्षक की लाश, पुलिस जांच में जुटी

**बिलासपुर/रायपुर, (एजेंसी)**। जिले के सरकंडा थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक की लाश शनिवार अलसुबह नीम के पेड़ से लटकती मिली है। मृतक प्रधान आरक्षक खाना खाने के बाद घर से टहलने निकला था, जो वापस घर नहीं लौटा। परिजनों की सूचना पर पुलिस उनकी तलाश कर रही थी। उनकी लाश घर के पीछे नीम के पेड़ पर लटकती मिली है। सरकंडा पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार मोपका निवासी लखन सिंह मेश्राम सरकंडा थाने में प्रधान आरक्षक के पद पर कार्यरत था। थाने में उसे मालखाने की जिम्मेदारी दी गई थी। ड्यूटी से लौटने के बाद रात 11 बजे खाना खाकर टहलने की बात कहते हुए घर से निकला। इसके बाद घर के पीछे नीम पेड़ पर रस्सी बांधी और फांसी के फंदे पर लटक गए।

रात 1 बजे तक उनके घर नहीं लौटने पर परिजनों ने घटना की सूचना सरकंडा थाने को दी। पुलिस की टीम उनकी तलाश में जुट गई। रात करीब 4 बजे प्रधान आरक्षक लखन मेश्राम का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। पुलिस मामले के जांच में जुट गई है।

### गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी की छात्राओं ने देर रात जमकर मचाया हंगामा

**रायपुर, (एजेंसी)**। स्वीप मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में शामिल होने से रोके जाने से नाराज और अपनी अपनी लंबित मांगों को लेकर गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी बिलासपुर की छात्राओं ने शुक्रवार देर रात जमकर हंगामा मचाया। छात्राओं ने छात्रावास अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं समर्थन से सुबह 5 बजे तक यूनिवर्सिटी प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की।

विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने बताया है कि शुक्रवार शाम यूनिवर्सिटी कैंपस में जिला प्रशासन ने स्वीप मतदाता जागरुकता के तहत कार्यक्रम रखा था। जिसमें ह्यस्वीप म्यूजिक फेस्ट लोकतंत्र और संगीत का संगमह्न कार्यक्रम था। इसमें सभी स्टूडेंट्स को बुलाया गया था। लेकिन विश्वविद्यालय के बिलासा देवी गर्ल्स हॉस्टल की छात्राओं को वार्डन ने कार्यक्रम में जाने नहीं दिया। इससे अपनी पुरानी लंबित मांगों को लेकर पहले से ही नाराज छात्राओं का गुस्सा भड़क उठा। वार्डन के कथित तानाशाही रवैए से परेशान छात्राओं ने हॉस्टल का दरवाजा तोड़ दिया और बाहर आकर नारेबाजी करने लगी। छात्राओं ने बताया कि चार मंजिला छात्रावास की लिफ्ट बंद है, खाना घटिया दिया रहा है। छात्राओं के लिए मेडिकल सुविधाएं न के बराबर है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने उनकी मांगों का समर्थन किया है।

### यात्री बस अनियंत्रित होकर ट्रेलर से टकराई, 15 यात्री घायल,7 की हालत गंभीर

**रायपुर,(एजेंसी)**।बिलासपुर में अंबिकापुर से रायपुर आ रही एक यात्री बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रेलर से टकरा गई। इस हादसे में 15 यात्री घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। यह हादसा शनिवार भोर में हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई है।सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में 7 की हालत गंभीर बताई जा रही है।बस का चालक फरार हो गया है।

रतनपुर थाना क्षेत्र की पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार रॉयल ट्रेवल्र्स की बस क्रमांक उ॑ 10 अछ 5701 शुक्रवार की रात अंबिकापुर से रायपुर जाने के लिए रवाना हुई ।बस में लगभग 30 यात्री सवार थे।भोर में बस जब नेशनल हाइवे में रतनपुर थाना क्षेत्र के रतनपुर के पास बी एल टी कॉलेज के पास पहुंची तो तेज रफ़्तार के कारण अनियंत्रित होकर किनारे खड़ी ट्रेलर से जा टकराई।इस टक्कर के बाद बस में फंसे यात्री किसी तरह बाहर निकले और पुलिस को सूचना दी। पुलिस तत्काल वहां पहुंची और घायलों को रतनपुर के सामुदायिक अस्पताल ले जाया गया।पुलिस के अनुसार हादसे में 15 लोग घायल हुए हैं ,जिसमें 7 लोग गंभीर हैं ।इन्हें इलाज के लिए रायपुर भेजा गया है।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### चारधाम यात्रा एवं कावड़ मेला के मद्देनजर एसपी देहात ने की व्यापारियों संग गोष्ठी

**हरिद्वार, (एजेंसी)**। आगामी चार धाम यात्रा और कावड़ मेला की तैयारियों के द्दष्टिगत एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल के निर्देश पर एसपी देहात स्वप्न किशोर ने नगर निगम रुड़की सभागार में टैक्सी यूनियन, होटल ढाबा संचालकों के साथ गोष्ठी की अध्यक्षता की।

गोष्ठी में उन्होंने टैक्सी यूनियन, होटल ढाबा संचालकों को वाहन चालकों और कर्मचारियों का व्यक्तिगत सत्यापन कराने के लिए निर्देशित किया। वाहन चालकों को नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाने के लिए निर्देशित किया गया।

उन्होंने होटल ढाबा संचालकों को और वाहन चालकों को रेट लिस्ट चस्पा करने के साथ यात्रियों के साथ मधुर व्यवहार करने के भी निर्देश दिए। चारधाम यात्रा के मद्देनजर नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की भी सख्त हिदायत दी गई।

गोष्ठी में सीओ रुड़की नरेंद्र पंत, सीओ मंगलौर विवेक कुमार, एसएचओ रुड़की, गंगनहर, मंगलौर, व्यापार मंडल अध्यक्ष अरविंद कश्यप, नवीन गुलाटी बस संचालक, राजीव उर्फ राजू प्रीतम नीरज आदि व टेंपो संचालक पप्पू राजीव उर्फ राजू आदि और होटल ढाबा संचालक आदि मौजूद रहे।

### मसूरी में झड़ीपानी के पास कार हादसा, पांच की मौत, एक घायल

**देहरादून, (एजेंसी)**। मसूरी-देहरादून मार्ग पर आज सुबह झड़ीपानी रोड पानी वाले बैंड के पास कार दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई और एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। कार में कुल छह लोग सवार थे। घायल को दून अस्पताल में भर्ती कराया गया है।पुलिस के अनुसार, सुबह लगभग साढ़े पांच बजे कार (यूके 07 बीडी 8600) झड़ीपानी के निकट मसूरी में अनियंत्रित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो गई। देहरादून एसपी सिटी प्रमोद कुमार ने घटनास्थल पर पहुंच कर जानकारी ली।